✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 322 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




पटना के मोकामा में कमर्शियल बिल्डिंग निर्माण योजना का शिलान्यास करते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी आशुलिपिक भर्ती परीक्षा 11 जून को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग ने आशुलिपिक पदों पर भर्ती के लिए होने वाली लिखित परीक्षा की तिथि में बदलाव कर दिया है। आयोग ने इस संबंध में सोमवार को आवश्यक सूचना जारी की है। आशुलिपिक की परीक्षा अब 09 मई के बदले 11 जून गुरुवार को होगी। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि प्रशासनिक या अपरिहार्य कारणों से परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है।

### बीपीएससी टीआरई-चार में बड़ा बदलाव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में बीपीएससी जल्द ही शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (टीआरई-4) का विज्ञापन जारी करने जा रहा है। इस बार भर्ती प्रक्रिया में कई अहम बदलाव किए गए हैं। इसके साथ ही नया विज्ञापन जारी होगा। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि इस बार पदों की रिक्तियां जिलावार निकाली जाएंगी। अभ्यर्थियों को उनकी मेरिट के आधार पर जिला आवंटित किया जाएगा। आवेदन के दौरान उम्मीदवारों को अब सिभी 38 जिलों का विकल्प भरने का मौका मिलेगा।

### इंटर विशेष और कंपार्टमेंटल परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटर विशेष और कंपार्टमेंटल परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। प्रवेश पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री ने मोकामा के परशुराम स्थान परिसर में कमर्शियल बिल्डिंग निर्माण योजना का किया शिलान्यास

# मोकामा में भारी उद्योग के विकास की असीम संभावनाएं : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को 18.11 करोड़ रुपये की लागत से पटना जिला अंतर्गत नगर परिषद् मोकामा क्षेत्र में परशुराम स्थान परिसर में कमर्शियल बिल्डिंग निर्माण योजना का शिलान्यास तथा परशुराम मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने इस क्षेत्र के लिए काफी काम किया है। वर्ष 2025 में जब मैं उप मुख्यमंत्री था तो मैंने इस मेले परिसर का निरीक्षण किया था और कहा था कि मेले को विस्तार देने एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु कार्य कराएं।





मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कमर्शियल एक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कमर्शियल बिल्डिंग निर्माण योजना का शिलान्यास किया गया है और हमारी अपेक्षा है कि अगले वर्ष जब परशुराम मेला आयोजित हो तो उसमें श्रद्धालुओं के लिए और बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोकामा एक महत्वपूर्ण स्थल है जिसके विकास के लिए कई कार्य किए गए हैं। मैंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि इस क्षेत्र में उद्योग को विकसित करने के लिए जमीन को चिह्नित करें। यहां हैवी इंडस्ट्री के विकास की काफी संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में सस्ती जमीन को चिह्नित किया जाए एवं उसका अधिग्रह्ण कर उद्योग के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और विधायक अनंत कुमार सिंह ने मोकामा अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें विकसित करने के लिए आग्रह किया है। हम सबकी भी इच्छा है कि इस अस्पताल को बेहतर बनाया जाए और इसको लेकर सरकार काम करेगी।

# जदयू विधायक दल के नया नेता एवं उपनेता चुनने के लिए नीतीश कुमार अधिकृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू विधान मंडल दल की बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पार्टी विधायक दल का नया नेता एवं उपनेता चुनने के लिए अधिकृत किया गया। इससे जाहिर है कि नेता चुनने के लिए नीतीश कुमार को अधिकृत करने का यह फैसला पार्टी की एकजुटता और आगे की रणनीति को लेकर लिया गया है। सोमवार को उनके आवास एक अणे मार्ग पर पूर्वाह्न ग्यारह बजे आयोजित बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव एवं केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह समेत सभी विधायक, विधान पार्षद और सांसद शामिल हुए। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद विधान मंडल दल के नए नेता का चयन किया जाना है। इसको लेकर ही यह महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई थी। बैठक में नीतीश कुमार



ने पार्टी के तमाम नेताओं को भरोसा दिलाया कि दिल्ली में संसदीय कार्य के बाद वे पूरे बिहार का दौरा करेंगे और कार्यकर्ताओं और जनता से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। हम लोगों ने गठबंधन के साथ मिलकर जो कार्य किए हैं वो कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है या नहीं, इसका भी गठबंधन के सार्थियों और अपनी पार्टी के नेताओं के साथ अवलोकन करेंगे। बैठक में नीतीश कुमार ने कहा (शेष पृष्ठ 9 पर)

## सूबे के 14 बच्चे करेंगे इसरो का भ्रमण

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के 14 मेधावी छात्रों का भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के युविका कार्यक्रम के लिए चयन किया गया है। ये सभी छात्र नौवींकक्षा के हैं। इस कार्यक्रम के तहत वे मई महीने में दो सप्ताह के आवासीय सत्र के लिए इसरो केंद्र का भ्रमण करेंगे, जहां उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियों से रूबरू होने का मौका मिलेगा। देशभर से कुल 456 बच्चों का चयन इस योजना के लिए हुआ है, जिनमें बिहार के 14 छात्र भी शामिल हैं। भ्रमण के दौरान ये बच्चे इसरो के वैज्ञानिकों से सीधे संवाद करेंगे और अंतरिक्ष यात्रा, उपग्रह प्रक्षेपण, विभिन्न प्रयोगशालाओं और रॉकेट टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी हासिल करेंगे। उन्हें इसरो के अत्याधुनिक अनुसंधान केंद्रों को देखने और वहां चल रहे नवीनतम परियोजनाओं को समझने का अवसर मिलेगा। पूरे आवासीय कार्यक्रम का खर्च इसरो द्वारा वहन किया (शेष पृष्ठ 9 पर)

## बिहार में सरकारी कर्मचारी-अधिकारी दे सकेंगे प्रतियोगिता परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की नई सरकार ने कार्यभार संभालते ही सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। नगर विकास विभाग द्वारा पूर्व में जारी उस विवादित आदेश को वापस ले लिया गया है, जिसके तहत सरकारी सेवा में रहते हुए अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में बैठने पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए थे। सरकार के इस कदम से राज्य के सरकारी कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है। 6 अप्रैल को नगर विकास विभाग ने एक आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि कोई भी सरकारी कर्मी या अधिकारी अपने सेवाकाल के दौरान केवल एक बार ही विभागीय या प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल हो सकता है। इसके बाद किसी भी अन्य परीक्षा में बैठने पर सख्त पाबंदी लगा दी गई थी। आदेश में यहां तक चेतावनी दी गई थी कि यदि कोई इस नियम का उल्लंघन करता है तो उसे सेवा से त्यागपत्र देना होगा। इस आदेश के बाद सरकारी कर्मियों में काफी डर और असंतोष का माहौल था। नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री स्तर पर विभिन्न विभागों की समीक्षा की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस मामले में संज्ञान लिया और कर्मियों के करियर ग्रोथ को ध्यान में रखते हुए इस पुराने आदेश को निरस्त करने का निर्देश दिया। अब सरकारी कर्मी नौकरी में रहते हुए भी अपनी योग्यता बढ़ाने और अन्य ऊँचे पदों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं में भाग ले सकेंगे। उन्हें फिर से परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिलने का रास्ता साफ़ हो गया है।

## पूर्व डीजीपी केएस द्विवेदी की सेवा अवधि में विस्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के पूर्व डीजीपी पर सरकार ने भरोसा बरकरार रखा है। सरकार ने उन्हें 68 वर्ष की आयु तक पुलिस अवर सेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर रखने का फैसला लिया है। इस संबंध में गृह विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अध्यक्ष केएस द्विवेदी की आयु सीमा को बढ़ा दिया गया है। सरकार ने कहा है कि उनके कार्यकाल का विस्तार 68 वर्ष तक की आयु या अगले आदेश तक के लिए किया जाता है।




### मुख्य सचिव ने की जिलाधिकारियों के साथ स्व-गणना एवं एचएलबीसी के कार्यों की समीक्षा

# जियो टैगिंग में सहरसा, सिवान, रोहतास, पूर्णिया और खगड़िया की प्रगति बेहतर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के द्वारा सभी जिलाधिकारियों के साथ विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्व-गणना कार्य की प्रगति एवं हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स के डिमारकेशन और जियो टेगिंग की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में वैशाली, मधुबनी, खगड़िया, भागलपुर और सहरसा की प्रगति स्व-गणना में अच्छी पाई गई जबकि हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स डिमारकेशन और जियो टेगिंग में सहरसा, सिवान, रोहतास, पूर्णिया और खगड़िया की प्रगति सबसे अच्छी पाई गई। मुख्य सचिव ने शेष सभी जिलों को जिनकी प्रगति अपेक्षित नहीं पाई गई उन्हें स्ट्रेजी बनाकर अगले 1 हफ्ते के अन्दर प्रगति हेतु निदेशित किया। निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय श्रीमती रंजीता के द्वारा मुख्य सचिव को अवगत कराया गया कि उक्त कार्यों में आने वाली तकनीकी दिक्कतों के निदान करने के लिए प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी नामित किया गया है जो न केवल प्रगणकों को प्रशिक्षण देंगे, बल्कि डिमारकेशन और जियो टेगिंग कार्य में भी मदद करेंगे। उन्होंने इस बात से भी अवगत कराया कि निदेशालय स्तर पर क्विक रिस्पॉन्स टीम की तीन टीमें बनाई गई है जो जिला स्तर पर आने वाली समस्याओं का निदान एवं समन्वय करेंगे। अब तक बिहार राज्य में 3 लाख 28 हजार से ज्यादा स्व-गणना कराया गया है। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अपेक्षित प्रगति हेतु प्रतिदिन समीक्षा करने का निदेश दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

## खाद की कालाबाजारी व अनुदान की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के संयोजक मंडल की ओर से किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह एवं दिनेश कुमार ने संयुक्त बयान जारी कर सरकार से मांग की है कि रबी और खरीफ सीजन के बीच बड़े पैमाने पर खाद की कालाबाजारी व नकली गर्मा मक्का तथा मूंग बीज में सरकारी अनुदान की भारी लूट हो रही है जिसका उच्च स्तरीय जांच किया जाए। विदित हो कि रबी सीजन समाप्त होने और खरीफ सीजन शुरू होने से पहले किसानों को खाद की जरूरत नहीं होती है और लोगों का ध्यान भी खाद की ओर नहीं रहती है। इसी ऑफ सीजन को अच्छा अवसर मानकर जिले के खाद माफियाओं ने बड़े पैमाने पर जिला के अंदर खाद की कालाबाजारी कर रहे है जिसकी उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है। बेगूसराय के किसान जब रबी की बुआई में डीएपी मांग रहे थे तो एनपीके दिया जा रहा था। आज जब डीएपी की जरूरत नहीं है तो बेगूसराय में बड़े पैमाने पर डीएपी की बिक्री दिखाकर थौक विक्रेताओं द्वारा लूट मचाई जा रही है। जिला प्रशासन गहरी निंद्रा में सोयी हुई है और जनप्रतिनिधि तमाशबीन बन बैठे हैं।

## विधानसभा सत्र की तैयारी तेज, 22 अप्रैल को तीन अहम बैठकें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने 24 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाले अष्टादश बिहार विधानसभा के द्वितीय सत्र के आगामी उपवेशन को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। सत्र के सफल संचालन के लिए 22 अप्रैल को उनकी अध्यक्षता में तीन महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जाएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे प्रेस सलाहकार समिति, अपराह्न 4 बजे वरीय पदाधिकारियों तथा अपराह्न 5 बजे सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक होगी। इन बैठकों का उद्देश्य सत्र के संचालन को सुचारू, व्यवस्थित और प्रभावी बनाना है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही को प्रेस और मीडिया के माध्यम से आम जनता तक सुगमता से पहुंचाने के लिए प्रेस सलाहकार समिति की बैठक बुलाई गई है। वहीं सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, निगरानी कैमरे, साफ-सफाई, कैंटीन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी राजनीतिक दलों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सदन की कार्यवाही को शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से दलीय नेताओं की बैठक आयोजित की जा रही है। जनसंपर्क पदाधिकारी, बिहार विधानसभा सचिवालय के अनुसार सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आगामी सत्र का संचालन निर्बाध रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

## डॉ प्रेम कुमार ने पूर्व सदस्य मंसूर आलम के निधन पर जताया शोक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने पूर्व सदस्य मंसूर आलम के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शून्यता आई है। वे पहली बार कटिहार के बरारी विधान सभा क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे। ईश्वर से प्रार्थना कि दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को असीम धैर्य प्रदान करे।

## पोषण पखवारा एवं टीबी मुक्त भारत अभियान सौ दिवसीय अभियान के अनुरूप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कोलकाता।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न हितधारकों के समन्वय से पोषण संबंधी परिणामों में समग्र सुधार के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। पोषण पखवाड़ा का 8वां संस्करण देशभर में 09 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक मनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त चल रही गतिविधियां स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 24 मार्च 2026 को प्रारंभ किए गए टीबी मुक्त भारत अभियान - 100 दिवसीय अभियान के अनुरूप हैं जिसका उद्देश्य तपेदिक उन्मूलन के प्रयासों को तीव्र करना है। उपरोक्त पहलों के अनुरूप 19 अप्रैल 2026 को गार्डन रीच, दक्षिण पूर्व रेलवे में चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में एक जागरूकता वॉकाथॉन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस वॉकाथॉन को दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन द्वारा प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक अंजना मल्होत्रा तथा अन्य प्रधान विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड तथा एसइआरएसए प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जो पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वॉकाथॉन के दौरान विभिन्न स्थानों पर दो नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए जिनमें पोषण (पोषण) और तपेदिक (टीबी) से संबंधित प्रमुख संदेशों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन प्रस्तुतियों ने आम जनता को प्रभावी रूप से जोड़ते हुए समुदाय में जागरूकता को सुदृढ़ किया।

वॉकाथॉन के अतिरिक्त सामुदायिक सहभागिता और पहुंच को बढ़ाने के लिए कई अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गईं जिनमें शामिल हैं- 5-3 वर्ष एवं 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए बैठकर चित्रांकन प्रतियोगिताएं। 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए मनोरंजक खेल, माताओं के लिए जागरूकता सत्र जिनमें बाल पोषण, प्रारंभिक विकास एवं स्वस्थ जीवनशैली पर ध्यान दिया गया। पोषण अभियान जिसे 8 मार्च 2018 को प्रारंभ किया गया।

## योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचे : विजेंद्र प्रसाद यादव

### पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह मंत्री समाज कल्याण विभाग के मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने सोमवार को समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने विभागीय योजनाओं के प्रगति को जाना। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। विशेष रूप से कमजोर वर्गों, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं महिलाओं के कल्याण से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के किए गये विकास कार्यों की सराहना की। विभाग की सचिव बन्दना प्रेयषी एवं अपर सचिव योगेश कुमार सागर ने उप-मुख्यमंत्री का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में विभागीय योजनाओं की चुनौतियों और इसके समाधान पर चर्चा की गई। मौके पर विभाग के वरीय पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## सदाकत आश्रम में तीन दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय आवासीय सर्वोदय संकल्प शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया और संगठन, विचारधारा तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को भारतीय संविधान के निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया, स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण चरणों तथा देश की आजादी में कांग्रेस पार्टी की निर्णायक भूमिका से अवगत कराया गया। साथ ही कांग्रेस के ऐतिहासिक योगदान, सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक संस्थाओं के संरक्षण के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। समापन सत्र को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आजादी के बाद देश के निर्माण में कांग्रेस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकारों ने देश में गरीब, वंचित और आम लोगों के अधिकारों को मजबूत करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए जिनमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), सूचना का अधिकार अधिनियम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (भोजन का अधिकार) जैसी ऐतिहासिक योजनाएं शामिल हैं। इसके साथ-साथ देश में उच्च शिक्षण संस्थानों तथा विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं के निर्माण में भी कांग्रेस की अग्रणी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे महात्मा गांधी के विचारों और मूल्यों को समाज में पुनर्जीवित करें। गांधी जी के विचार–प्रेम, सादगी, अहिंसा, मानवता और सभी प्राणियों के प्रति करुणा–आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। शिविर के अंत में प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे संविधान के मूल्यों, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और भाईचारे को मजबूत करने के लिए गांव-गांव और समाज के हर वर्ग तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## 30 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** प्रखंड के गोरखरी पश्चिमी बधार में सोमवार को दोपहर समय गेहूं के खेत में अचानक आग की लपट उठने लगी। देखते-देखते लगभग 30 बीघा में गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आशंका जताई जा रही है कि खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से निकली चिंगारी सूखे गेहूं की फसल पर गिरी जिससे आग लगी। आग लगने की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण और किसान घटनास्थल की ओर दौड़े। मौके पर दमकल गाड़ी और हार्वेस्टर की मदद ली गई। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों की सूझबूझ से आग को आगे बढ़ने से रोका गया जिससे पास के अन्य खेतों में खड़ी सैकड़ों बीघा फसल को जलने से बचा लिया गया। प्रभावित किसानों में अभय सिंह, अजय सिंह, नागेंद्र सिंह (झा जी), सजन कुमार, बबन यादव और राम लला सिंह शामिल हैं।

## उच्च शिक्षा के रूपांतरण पर 21 अप्रैल को पटना में सम्मेलन

### बी डी कॉलेज और मास्टरसॉफ्ट की संयुक्त पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना और मास्टरसॉफ्ट के संयुक्त तत्वावधान में 21 अप्रैल को प्रातः 9:30 बजे बापू टॉवर, पटना में उच्च शिक्षा नेतृत्व सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा का रूपांतरण, परिवर्तित मूल्यांकन मानदंड और उभरती प्रौद्योगिकियां है जिसमें नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों की भागीदारी होगी। इस सम्मेलन में बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त), उच्च शिक्षा विभाग बिहार सरकार के सचिव राजीव रौशन तथा बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष गिरीश कुमार चौधरी शामिल होंगे। सत्र की अध्यक्षता पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति उपेंद्र प्रसाद सिंह करेंगे। इस पहल का नेतृत्व बी.डी. कॉलेज, पटना की प्राचार्य रत्ना अमृत ने किया जिनके प्रयासों से इस सम्मेलन का आयोजन संभव हुआ है। वहीं मास्टरसॉफ्ट के प्रबंध निदेशक श्याम सोमानी भी अपने शैक्षणिक अनुभव साझा करेंगे। सम्मेलन में उच्च शिक्षा संस्थानों के सामने मौजूद चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन, प्रत्यायन की तैयारी और संस्थागत दक्षता प्रमुख विषय होंगे। साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर भी विचार किया जाएगा जिससे निर्णय प्रक्रिया और अधिगम परिणामों को बेहतर बनाया जा सके। यह सम्मेलन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और भविष्य को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## प्रतिभा सम्मान सह नारायणी सम्मान समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर/वैशाली।** शहर के रॉयल पैलेस, लालगंज रोड में रविवार को आयोजित 'प्रतिभा सम्मान सह नारायणी सम्मान समारोह 2026' का आयोजन भव्यता एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, सामाजिक सेवा, कला एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आईपीएस अधिकारी विकास वैभव एवं विशिष्ट अतिथि, जाने-माने शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा (संचालक, कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा) ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभागार में उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का आयोजन निर्मल इंडिया न्यूज के तत्वावधान में किया गया जिसमें कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों, अभिभावकों एवं युवाओं की उपस्थिति रही जिससे पूरा माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान चयनित प्रतिभाओं को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच पर सम्मान प्राप्त करते समय प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अपने संबोधन में डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि आज के युवाओं के लिए शिक्षा एवं कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को निरंतर सीखने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। वहीं आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने भी युवाओं को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को पहचान दिलाना, उन्हें प्रोत्साहित करना एवं युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

## एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ नौ प्रतिशत बढ़कर 19,221 करोड़ रुपये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत के अग्रणी निजी ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने बताया कि उसने मार्च तिमाही में 19,221 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में दर्ज किए गए 17,616 करोड़ रुपये से 9 प्रतिशत अधिक है। ऋणदाताओं की ब्याज आय 76,610 करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 77,460 करोड़ रुपये की तुलना में 1.1 प्रतिशत की कमी दर्शाती है। निदेशक मंडल ने शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन, 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के लिए 1 रुपये के अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 13.00 रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2026 के लिए कुल लाभांश प्रति शेयर 15.50 रुपये हो गया है। लाभांश के लिए पात्र शेयरधारकों का निर्धारण करने की रिकॉर्ड तिथि शुक्रवार, 19 जून, 2026 निर्धारित की गई है। कंपनी की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 33,082 करोड़ रुपये रही जो वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 32,006 करोड़ रुपये की तुलना में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। परिचालन लाभ 27,802 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष के 26,537 करोड़ रुपये से 4.8 प्रतिशत अधिक है। इस तिमाही के लिए प्रावधान घटकर 2,609 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 3,193 करोड़ रुपये था, यानी इसमें 18 प्रतिशत की कमी आई है।

## अग्रसेन सेवा न्यास के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 172 लोगों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में एक सौ बहत्तर से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'बी' की जांच के लिए 32 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 99 मरीजों के आंखों की जांच श्री बालाजी नेत्रालय के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया। इनमें 31 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था। इन सभी का निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 29 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर डॉ रचना जैन ने 22 महिला मरीजों की जांच की। डॉ सुभाष कुमार ने मधुमेह के 35 मरीजों को देखा। डॉ कन्हैया अग्रवाल ने 25 मरीज को होमियोपैथिक की दवा दी। डॉ नितिन मैतिन ने 21 मरीजों के दांतों की जांच की। मौके पर ब्लड प्रेशर की जांच जितेंद्र द्वारा की गई। एम पी जैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अमर अग्रवाल, रमेश मोदी, अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, संजय भलोटिया, संतोष अग्रवाल, रितेश तुलस्यान, राहुल अग्रवाल, तरुण हिसारिया, शशांक अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, राजकुमार खेमका, ललन लाठ एवं अन्य पदाधिकारियों की रही।

## 190 गांवों से शुरू हुआ बदलाव, जलवायु अनुकूल खेती में बिहार अग्रणी

### राज्य के 38 जिलों के करीब 3 लाख किसान कर रहे हैं जलवायु अनुकूल खेती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन के खतरों को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। इसके कारण खाद्य श्रृंखला पर बड़ा खतरा भविष्य में मंडरा सकता है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के खतरे से निबटने के लिए बिहार तेजी से तैयारियां कर रहा है। इसी कड़ी में राज्य में जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। जलवायु अनुकूल खेती आज राज्य के सभी जिलों में शुरू हो चुकी है और इसका दायरा लगातार बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने वर्ष 2019-20 में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर जलवायु अनुकूल खेती की शुरुआत की थी। अब इसके बेहतर परिणाम दिखने शुरू हो गए हैं। बिहार जलवायु अनुकूल खेती में रोल मॉडल बनकर उभर रहा है। राज्य के सभी 38 जिलों में 190 गांव पूरी तरह जलवायु अनुकूल खेती को अपनाकर मिसाल पेश कर रहे हैं। इसके लिए 20 विभिन्न प्रकार के फसल चक्र का प्रदर्शन किसानों के खेत में कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों के देख-रेख में कराया गया है। वर्ष 2019-25 तक कुल 2.63 लाख एकड़ भूमि में खरीफ, रबी एवं गरमा को उगाया गया। इस बीच अब तक करीब 2.78 लाख लाभार्थी इस प्रयोगात्म खेती की योजना का सीधे लाभ ले चुके हैं। वहीं 12,807 एकड़ में लेजर लैंड लेवलर के माध्यम से भूमि समतलीकरण का कार्य किया गया है जिससे न सिर्फ पानी की बचत हुई है बल्कि उत्पादन की लागत भी काफी कम हुई है।

जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देने की कोशिशों के कारण ही 1,910 एकड़ भूमि में कुल 9 तरह के मोटे अनाज (ज्वार, बाजरा, रागी, सांवा, कोदो, कुटकी, कंगनी, चीना एवं ब्राउनटॉप मिलेट) को उगाया गया। योजनान्तर्गत वर्ष 2019 से 2025 तक कुल 6.4 लाख किसानों का प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर विजिट कराया गया जिससे किसानों का ज्ञानवर्धन हुआ एवं उन्नत एवं नवाचारों को अंगीकृत करने के लिए प्रेरित भी किया गया। 2025 तक के आंकड़ों के मुताबिक राज्य में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत 1,892 एकड़ रकबा में हैप्पी सीडर के माध्यम से गेहूं की बुआई की गई है। स्ट्रॉ बैलर के माध्यम से 5,577 टन स्ट्रॉ बेल बनाया गया है। करीब 10,978 एकड़ भूमि में वेस्ट डीकम्पोजर का उपयोग कर फसल अवशेष का प्रबंधन किया गया है। वहीं 17,387 एकड़ में फसल अवशेष जलाने में कमी दर्ज की गई है।

## इन्फिनिक्स ने नोट 60 प्रो 5जी पेश किया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** इन्फिनिक्स ने इन्फिनिक्स नोट 60 प्रो लांच करने की घोषणा की। यह एक डिजाइन-आधारित स्मार्टफोन है जिसे उन यूजर्स के लिए बनाया गया है जो बेहतरीन क्राफ्ट्समैनशिप, एक्सप्रेसिव इंटरेक्शन और निरंतर परफॉर्मेंस को महत्व देते हैं। 28,999 रुपये की शुरुआती कीमत वाला यह डिवाइस, 360 डिग्री एयरोस्पेस ग्रेड एल्युमीनियम फ्रेम डिजाइन के साथ अपना पहला एक्टिव मैट्रिक्स डिस्प्ले और स्नैपड्रैगन 7एस जेन 4 परफॉर्मेंस पेश करता है जो एक ऐसा प्रीमियम अनुभव प्रदान करता है जो शानदार और शक्तिशाली दोनों है। लांच पर टिप्पणी करते हुए इन्फिनिक्स इंडिया के हेड ऑफ मार्केटिंग, मिराज गुप्ता ने कहा आज हम नोट सीरीज को कैसे बनाते हैं, इसके केंद्र में भारत है। नोट 60 प्रो के साथ हम अपना पहला स्नैपड्रैगन संचालित नोट पेश कर रहे हैं जिसे 120 एफपीएस तक की गेमिंग देने के लिए क्वालकॉम के साथ सह-इंजीनियर किया गया है।

## विष्णु मंदिर रानीघाट में प्रथम पूजा महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** रानीघाट पटना स्थित विष्णु मंदिर में प्रथम पूजा महोत्सव बड़े ही उत्साह पूर्ण वातावरण में मना। श्री राधा कुंज बिहारी वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में परम पूज्य प्रमोद भगवत स्वामी, स्वामी रक्षा गिरधारी और न्यू बॉडी बिल्डिंग एण्ड फिटेनस एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सुंदर ने प्रथम पूजा में शामिल होकर भगवान विष्णु का अभिषेक किया। इस दौरान पूरे विधि विधान से षोडसोपचार विधि से भगवान का दुग्धाभिषेक, पंचामृत अभिषेक सहित अन्य पूजा की गयी। इस दौरान मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने अक्षय तृतीया पर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना कर बिहार की खुशहाली की कामना की।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर मेला सह लोन मेला आयोजित

## ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन, सब्सिडी व आसान ऋण की सुविधा से उपभोक्ताओं को बड़ा लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**सासाराम।** आम नागरिकों को सस्ती, सुलभ एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सोलर अधिष्ठापन में तेजी लाने हेतु जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में सोमवार को डीआरडीए भवन, समाहरणालय परिसर, सासाराम में विद्युत विभाग एवं बैंकों के संयुक्त तत्वावधान में सोलर मेला सह लोन मेला का सफल आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्रणाली के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें योजना से जोड़ना था। मेले में विशेषज्ञों एवं तकनीकी टीम द्वारा सोलर पैनल की स्थापना, कार्यप्रणाली, रख-रखाव, लागत, अनुदान (सब्सिडी) तथा इससे होने वाले आर्थिक लाभ की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। मेले की विशेषता यह रही कि इच्छुक उपभोक्ताओं के लिए ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई जिससे वे तुरंत आवेदन कर योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया शुरू कर सके। विभिन्न अधिकृत वेंडर्स एवं एजेंसियों ने भाग लेकर उपभोक्ताओं को उपयुक्त सोलर समाधान उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहयोग किया। विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम इं. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर सोलर पैनल स्थापित करने पर सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जाता है जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आती है। यह योजना उपभोक्ताओं के आर्थिक बोझ को कम करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट पर 30,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60,000 रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 78,000 रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त सोलर संयंत्र स्थापना हेतु बैंकों के माध्यम से लगभग 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में अब तक 305 उपभोक्ताओं के छत पर सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं जिनमें से 164 उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य हो चूका है। मेले में स्थानीय वेंडरों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उनके द्वारा आश्वस्त किया गया कि आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत निर्धारित समयावधि में सोलर पैनल का अधिष्ठापन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही करारनामा अवधि के अंतर्गत 7 वर्षों तक निःशुल्क मरम्मत एवं रख-रखाव की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कहा कि इस योजना को जन-जन तक पहुंचाई जाय तथा अधिक खपत वाले उपभोक्ताओं को विशेष रूप से सोलर अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल बिजली बिल में कमी लाती है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे बताया कि इस ऋण की अदायगी शहरी क्षेत्रों में 4 से 5 वर्षों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 वर्षों की अवधि में की जा सकती है जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ कम पड़ता है। उपभोक्ता अपनी बिजली खपत के अनुसार सोलर पैनल की क्षमता का चयन कर सकते हैं। 150 यूनिट तक खपत के लिए 1 किलोवाट, 300 यूनिट तक खपत के लिए 2 किलोवाट तथा 300 यूनिट से अधिक के लिए 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता उपयुक्त है। सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग घरेलू कार्यों में किया जा सकता है तथा अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर बिजली बिल में समायोजन की सुविधा भी उपलब्ध है जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। सोलर पैनल हेतु प्रति किलोवाट लगभग 100 वर्गफुट छत की आवश्यकता होती है तथा उचित रख-रखाव के साथ सोलर पैनल लगभग 25 वर्षों तक सुचारु रूप से कार्य करते हैं। विद्युत विभाग ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए एक अत्यंत लाभकारी एवं भविष्य उन्मुख पहल है। इससे न केवल बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा। सभी उपभोक्ता इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने घरों में सोलर अधिष्ठापन कर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, विशेष कार्य पदाधिकारी, सभी बैंकर्स, विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम सुजीत कुमार सिन्हा, विद्युत कार्यपालक अभियंता डिहरी संतोष कुमार, जिले के सभी सहायक एवं कनीय विद्युत अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चुनाव प्रक्रिया के तहत सरस्वती विद्या मंदिर में बाल सांसद का चुनाव संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर की वंदना सभा स्थल पर बाल सांसद का चुनाव प्रक्रिया भारतीय लोकतंत्र के प्रारूप में किया गया। इसमें विद्यालय के सभी भैया बहनों ने भाग लिया। प्रत्येक कक्षा से वोटिंग के तहत 24 संसद का चुनाव कक्षाशः किया गया। प्रधानमंत्री के चुनाव के लिए चार प्रतिभागी क्रमशः भैया अंकुश कुमार कक्षा दशम, भैया वैभव शर्मा कक्षा नवम, बहन सानवी श्री कक्षा नवम एवं बहन आर्या मिश्रा कक्षा अष्टम ने नामांकन पत्र भरा। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए चुनावी व्यवस्था बनाई गई। मत-पत्र छापा गया। मतपेटी बनायी गयी। चुनाव के तहत ही मतदान केंद्र पर पीठासीन पदाधिकारी के रूप में आचार्य रवीन्द्र प्रसाद एवं राजकुमार सिंह, पोलिंग एजेंट के रूप में चंद्रपाल सिंह एवं पार्टी कार्यकर्ता के रूप में दिनेश चौधरी ने भूमिका निभाई। अनुशासन व्यवस्था में राजेश कुमार सिंह एवं प्रमोद सिंह की भूमिका रही तथा मीडिया के रूप में अरुण कुमार वर्मा ने भाग लेकर एक-एक कर सांसद की वोटिंग को डिजीटल लाइव कर मतपत्र पर मोहर लगाते मतपेटी में गिराते दिखाया। मत पत्रों के गिनती प्रतिभागी के उपस्थिति में हुई जिसमें प्रधानमंत्री पद हेतु भैया अंकुश कुमार कक्षा दशम का चयन हुआ। भैया वैभव शर्मा नवम एवं बहन सानवी श्री दोनों को उपप्रधानमंत्री एवं बहन आर्या मिश्रा कक्षा-अष्टम को सचिव के रूप में चयन हुआ। बाल संसद की भूमिका को उपप्रधानाचार्य सर्वेश चंद्र मिश्र ने बताया। इस संपूर्ण व्यवस्था का संचालन एवं बूथ निर्धारण तक की भूमिका का चयन कौशल कुमार पाठक के द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने लोकतंत्र की व्यवस्था सांसद एवं प्रधानमंत्री के कार्यों को समझाया तथा बताया कि प्रत्येक भारतीयों को 18 वर्ष की अवस्था होने पर इसी प्रकार चुनाव प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए। अंत में प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में संपूर्ण सांसदों एवं भैया बहनों को विश्वास दिलाया कि मैं एक सजग और ईमानदार नागरिक के रूप में कार्य करूंगा एवं आपके प्रत्येक मांगों एवं कार्यों को पूर्ण करने की कोशिश करूंगा।

# स्टेशन पर बेहोश यात्री को सीपीआर देकर आरपीएफ ने बचाई जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी ऑन-सोन रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की तत्परता और सूझबूझ से एक यात्री की जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल 2025 को खुर्दा रोड से गढ़वा रोड जाने वाले एक यात्री, ट्रेन संख्या 12801 अप के जनरल कोच से डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पहुंचे। प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर उतरने के बाद वह कुछ कदम ही चले थे कि अचानक गिरकर बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम, सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार तथा आरक्षी रूपेश कुमार भारती ने तुरंत स्थिति को संभाला। यात्री के शरीर में कोई हरकत नहीं होने पर निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम के द्वारा तत्काल सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया गया। साथ ही आरक्षी को व्हीलचेयर लाने का निर्देश दिया गया। सीपीआर देने के बाद यात्री की स्थिति में कुछ सुधार हुआ जिसके बाद उसे व्हीलचेयर के माध्यम से स्टेशन से बाहर लाकर निजी वाहन से अनुमंडलीय अस्पताल, डिहरी पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। होश में आने के बाद यात्री ने अपना नाम शौकत अंसारी (उम्र करीब 50 वर्ष), पिता कलीमुद्दीन अंसारी, निवासी-सिसरी, थाना-करौंधी, जिला-गढ़वा (झारखंड) बताया। साथ ही अपने पुत्र इदू अंसारी का मोबाइल नंबर भी दिया जिस पर परिजनों को सूचना दे दी गई। वर्तमान में यात्री की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। आरपीएफ के इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में खूब प्रशंसा हो रही है।

# स्व जनगणना की सफलता के लिए चैनपुर विधायक ने लोगों से की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर में 17 अप्रैल से प्रारंभ हुई स्व-जनगणना प्रक्रिया को सफल बनाने को लेकर चैनपुर विधायक मोहम्मद जमा खां ने कैमूर वासियों से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। विधायक ने अपने संदेश में कहा कि स्व-जनगणना एक जिम्मेदार नागरिक होने का प्रतीक है जिसके माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति अपने एवं अपने परिवार की सटीक जानकारी स्वयं दर्ज कर सकता है। विधायक ने कहा कि इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ भी सही पात्रों तक सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे समय रहते स्व-जनगणना प्रक्रिया को पूर्ण करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

# स्कूलों में लगेंगे निःशुल्क चिकित्सा शिविर, विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे बच्चों की जांच



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल क्षेत्र के सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए एमडीएस फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. डॉ. कुमार अंशुमन ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम स्कूलों में जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। जांच के दौरान बच्चों की आंख, कान, दांत, खून की कमी (एनीमिया), कुपोषण समेत सामान्य बीमारियों की जांच की जाएगी। इसके साथ ही बच्चों को साफ-सफाई, संतुलित आहार और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। प्रो. अंशुमन ने कहा कि गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चों का आगे का इलाज भी निःशुल्क कराया जाएगा, ताकि जरूरतमंद बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। यह अभियान अगले सप्ताह से शुरू होकर चरणबद्ध तरीके से विभिन्न प्रखंडों के स्कूलों में संचालित किया जाएगा। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से अपील की है कि शिविर के दौरान सभी बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इस सुविधा का लाभ उठा सकें। प्रो. अंशुमन ने बताया कि उनकी माता मां मैना देवी एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ रहे उनके पिता स्व. डॉ. दरबारी सिंह की प्रेरणा से उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने का संकल्प लिया है। फाउंडेशन द्वारा डालमियानगर में मॉडर्न मॉडल स्कूल का संचालन भी किया जा रहा है जहां गरीब बच्चों को विशेष छूट प्रदान की जाती है। प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

## डॉ अंशुमान बने डिहरी का गौरव, प्रेस क्लब ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ अंशुमान को उनके उत्कृष्ट सामाजिक एवं चिकित्सा सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष उपेंद्र मिश्रा ने उन्हें अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपेंद्र मिश्रा ने कहा कि डॉ अंशुमान शाहाबाद प्रक्षेत्र के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ रहे स्वर्गीय डॉ दरबारी सिंह के पुत्र हैं। अपने पिता के निधन के बाद उन्होंने डिहरी में रहकर लोगों की सेवा का संकल्प लिया और उसी दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि डॉ अंशुमान वर्तमान में नारायण मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर के साथ-साथ डॉक्टर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ अंशुमान ने दिल्ली जैसे बड़े शहर को छोड़कर रोहतास के डिहरी शहर में रहकर अपनी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया है जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनके समर्पण और उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान जगनारायण पाण्डेय, चन्द्रगुप्त मेहरा, मदन कुमार, मिथिलेश पासवान, रवीन्द्र कुमार, विकास चंदन, सोनू सिंह, रुपेश कुमार, निशांत सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकली जलभरी यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** दिनारा प्रखंड के ग्राम पंजरी में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल है। परम पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज के मंगलानुशासन में आयोजित महायज्ञ के क्रम में रविवार को पंजरी गांव से भव्य जलभरी यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक यात्रा में लगभग 3000 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हाथी, घोड़ा, ऊंट एवं सुसज्जित रथ के साथ निकली यात्रा ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यात्रा की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पंजरी से हुई। इसके बाद यात्रा बकरा होते हुए खनिता चौक पहुंची और वहां से भलूनी धाम तक गई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आसपास के कई गांवों के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान भक्ति गीत, जयघोष और धार्मिक अनुष्ठानों से माहौल भक्तिमय बना रहा। ग्रामीणों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया जिससे आयोजन ऐतिहासिक बन गया। दिनारा के विधायक आलोक कुमार सिंह भी यात्रा में शामिल हुए और आशीर्वाद लिया। उनकी उपस्थिति से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने कहा यह महायज्ञ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने और सनातन संस्कृति को सुदृढ़ करने का माध्यम है। इतने बड़े पैमाने पर सहभागिता लोगों की धर्म के प्रति गहरी आस्था का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि महायज्ञ 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चलेगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह 24 अप्रैल को विधि-विधान से सम्पन्न होगा। आयोजन की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी व्यवस्था की गई है। यह आयोजन धार्मिक महत्व के साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन रहा है जिससे पूरे क्षेत्र में सकारात्मक और आध्यात्मिक वातावरण बन रहा है।

# ट्रांसफार्मर जलने से बिजली संकट, भीषण गर्मी में पानी के लिए तरसे लोग

## आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति ठप कर दिया धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** दावथ पुराना बाजार स्थित महादलित मुहल्ले के सामने लगा जर्जर विद्युत ट्रांसफार्मर 14 अप्रैल को पूरी तरह जल गया। इसके कारण महादलित मुहल्ले सहित आसपास के सैकड़ों विद्युत उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर जलने से महादलित मुहल्ले और आसपास के घरों में लगे फ्रिज, टीवी, कूलर, मोटर पंप बंद पड़े हैं। भूजलस्तर गिरने के कारण मोटर नहीं चलने से लोगों को पीने के पानी की भी किल्लत हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को जले हुए ट्रांसफार्मर को उतारकर रिपेयर किया हुआ 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया था, जो कुछ ही घंटों में जल गया। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके बार-बार कहने के बावजूद जर्जर ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया जिसके कारण वह जल गया। इसके बाद विभाग ने एक पुराना ट्रांसफार्मर भेज दिया जो भी कुछ घंटे में जल गया। इससे आक्रोशित सत्येंद्र सिंह, सरोज कुमार, राजू लाल, भुअर कुमार, सरोज शैंडिक, अंगद कुमार, शशि भूषण सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण दावथ स्थित विद्युत उपकेंद्र पहुंचे। ग्रामीणों ने दावथ टाउन की विद्युत आपूर्ति बंद करवाकर वहीं धरने पर बैठ गए। समाचार लिखे जाने तक दर्जनों उपभोक्ता धरने पर बैठे हुए थे। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा, वे यहां से नहीं हटेंगे। विभागीय जेई उन्हें मनाने में लगे हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि भीषण गर्मी में बिजली विभाग के अधिकारी ढुलमुल रवैया अपना रहे हैं।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना।**

**(नोटिस)**



नाम–(1) ताजुदीन अंसारी, पिता–सरफुदीन अंसारी, ग्राम–खाला, थाना–धुरकी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप महिला थाना नगरउंटारी कांड सं0–05/2026, दिनांक–16.02.2026 धारा–64(1), 126(2), 351(1), 352, बी0एन0एस0 एवं 3(1)(r), 3(1)(s), 3(1)(w) SC/ST अधि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री संजय कुमार सिंह जिला एवं अपर सत्र न्यायिक दंडाधिकारी, व्यवहार न्यायालय नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–16.04.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–16.04.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–16.05.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री संजय कुमार सिंह जिला एवं अपर सत्र न्यायिक दंडाधिकारी, व्यवहार न्यायालय नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–16.05.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री संजय कुमार सिंह जिला एवं अपर सत्र न्यायिक दंडाधिकारी, व्यवहार न्यायालय नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.377959 Police(26-27):D


# 16 स्थानों पर आग लगने की घटनाओं ने प्रशासन को डाला सकते में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में आज एक ही समय में 16 स्थानों पर आग लगने की घटनाओं ने प्रशासन को कड़ी मशक्कत में डाल दिया। अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 19 अप्रैल को अनुमंडल के सात प्रखंडों के विभिन्न गांवों में आगलगी की सूचना मिली। सबसे अधिक मामले संझौली प्रखंड के रहे। समहौता, तेनुआ, उदयपुर, सुसाड़ी, लक्ष्मीपुर और जिंगली गांव में आग की घटनाएं हुईं। इसके अलावा बिक्रमगंज प्रखंड के नोनहर, दिनारा प्रखंड के बेलवैया, बसडिहां, हरिबंशपुर, दावथ प्रखंड के हसडिहा, गीधा, नासरीगंज प्रखंड के नासरीगंज धूस, काराकाट प्रखंड के ईटवां, जमुआं तथा राजपुर प्रखंड के कुड्डी में भी आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही अनुमंडल प्रशासन ने तुरंत कदम उठाए। बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में कुल 07 अग्निशमन वाहन मौजूद हैं। इनमें 02 बड़ी और 05 छोटी गाड़ियां शामिल हैं। एक साथ 16 जगहों पर आग लगने से स्थानीय संसाधन कम पड़ गए। हालात पर काबू पाने के लिए बाहर से भी गाड़ियां मंगानी पड़ीं। संझौली के लिए नोखा से, दावथ के लिए पीरो से तथा राजपुर के लिए डिहरी से अग्निशमन वाहनों को समन्वय कर बुलाया गया। अग्निशमन दस्ता और अनुमंडल प्रशासन की टीम सुबह से दोपहर तक लगातार आग बुझाने में जुटी रही। कई जगहों पर बिजली सप्लाई बंद होने से परेशानी हुई।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

(लापता पार्वती देवी उम्र– करीब 26 वर्ष एवं खुशबु मिश्रा उम्र– करीब 07 वर्ष)



हरिहपुर ओ0पी0 सनहा सं0–13/2026, दिनांक–27.03.2026 में लापता 1. पार्वती देवी, उम्र–करीब 26 वर्ष, पति–श्री मनीष मिश्रा, 2. खुशबु मिश्रा, उम्र–करीब 07 वर्ष, पिता–मनिष मिश्रा, दोनो वर्तमान पता ग्राम–मझिगावां, थाना–भवनाथपुर (हरिहरपुर ओ0पी0), जिला–गढ़वा, स्थाई पता–ग्राम–डुमरिया, थाना+जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि दिनांक–26.03.26 को सुबह घर से पार्वती देवी अपनी बेटी खुशबु मिश्रा के साथ माननीय न्यायालय गढ़वा जाने के नाम से निकली परन्तु अबतक घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता महिला एवं उसकी बच्ची का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला एवं उसकी बच्ची कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

लापता का विवरण/हुलिया :–

1.नाम–पार्वती देवी, उम्र–करीब 26 वर्ष, कद–05 फीट 02 इंच, रंग–गेहुँवा, बाल एवं आंख–काला, समान्य, चेहरा–समान्य, भाषा–हिन्दी, भोजपुरी, पहनावा– हल्का गुलाबी रंग का कुर्ती एवं पैजामा तथा पैर में पिला रंग का चप्पल पहने हुए।

2. नाम–खुशबु मिश्रा उम्र करीब–07 वर्ष, कद–03 फीट, रंग–गेहुँवा, चेहरा–समान्य, बाल एवं आंख–काला समान्य, पहनावा–टी शर्ट एवं जींस, भाषा–हिन्दी, भोजपुरी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 377957 Police (26-27)_D



बिहार सरकार

## बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन संख्या– बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)–2026/03 दिनांक– 20.04.2026

### डिप्लोमा–सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026

[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)/ पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय)]

### नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण एवं डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE/PM/PMM)]-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)- 2026/01 एवं 2026/02 दिनांक- 18.03.2026 के अनुसार DCECE (PE/PM/PMM)-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन आमन्त्रण की अंतिम तिथि 21.04.2026 निर्धारित है। **छात्रहित में DCECE-2026 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

(i) Online Registration Closing Date : **27.04.2026 (10.00 PM)**

(ii) Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **27.04.2026 (11.00 PM)**

(iii) Online Editing of Application Form : **28.04.2026 to 29.04.2026**

(iv) Uploading of Online Admit Card : **20.05.2026**

(v) **Proposed date of Examination** (I) **PE** : **23.05.2026**
(II) **PM एवं PMM** : **24.05.2026**

(2) दिनांक 27.04.2026 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी।

(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर हुई बैठक



**नवादा।** उच्च न्यायालय, पटना के निर्देश पर विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री अरविंद कुमार द्वारा अति संवेदनशील गवाही के संबंध में जिला अधिवक्ता संघ एवं अनुमंडल अधिवक्ता संघ, नवादा के अध्यक्ष एवं महासचिव के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अति संवेदनशील गवाही के संबंध में आवश्यक विचार-विमर्श किया गया तथा कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक की कार्यवाही शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस बैठक में जिला अधिवक्ता संघ, नवादा तथा अनुमंडल अधिवक्ता संघ, नवादा के अध्यक्ष एवं महासचिव डॉ राकेश कुमार के साथ सुलहनीय वादों के अधिकाधिक निष्पादन के संबंध में आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष एवं महासचिव द्वारा आश्वासन दिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में उनका भरपूर सहयोग रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पक्षकारों को सुलह के लिए प्रेरित करने का कार्य करेंगे, ताकि दिनांक 09.05.2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उनके वादों का अधिकाधिक निष्पादन हो सके।

### संत निरंकारी मिशन ने राजगीर में "एक को जानो, एक को मानो, एक हो जाओ" का दिया संदेश



**बिहारशरीफ।** संत निरंकारी मिशन शाखा राजगीर में रविवार को सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सत्संग के दौरान "एक को जानो, एक को मानो, एक हो जाओ" का संदेश प्रमुख रूप से दिया गया। गुरु गद्दी से संबोधित करते हुए सूर्यमणि बहन जी ने कहा कि समय के सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज रहबर के रूप में धरती पर अवतरित होकर मानव समाज को सही दिशा दिखा रही हैं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य परमात्मा की पहचान कर सही मार्ग पर चलना है। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि मानव मिट्टी का पुतला है और इस संसार में परमपिता परमात्मा ने इसे कर्म करने के लिए भेजा है। गीता के संदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि "कर्म प्रधान विश्व करि राखा, जो जस करिए तस ही फल चाखा" — यह संसार कर्म पर आधारित है, लेकिन लोगों ने इसे धर्म प्रधान बना दिया है, जो उचित नहीं है। इस अवसर पर ब्रांच के मुखी रामविलास प्रसाद, सेवादल संचालक भीम चौधरी, संचालिका अनिता कुमारी गुप्ता, कैशियर नंदू महात्मा, सेवादल बेबी बहन, रमेश कुमार पान, मुकेश कुमार, रेखा बहन, निर्मला बहन, भोला महात्मा, फूटो बहन, लक्ष्मी देवी, ममता देवी, रीता बहन, सौरभ महात्मा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मारपीट में एक युवक जख्मी

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के कहुआरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य आलम अंसारी के पुत्र 21 वर्षीय पुत्र फैजान अंसारी के साथ बदमाशों ने जानलेवा हमला किया। जिससे फैजान जख्मी हो गया। जख्मी मूलतः हरनारायणपुर गांव का निवासी है। जख्मी हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य नारदीगंज में पहुंचे, जहां कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए स्थानांतरित कर दिया। घटना सोमवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आशाढ़ी गांव के समीप हुआ। जख्मी हालत में फैजान ने बताया प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में बीडीओ सोनिया ढनढनिया के अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय मस्जिद कमिटी की बैठक में शामिल होकर वापस नवादा लौट रहा था। इसी बीच नारदीगंज नवादा सड़क मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र आशाढ़ी गांव के समीप 20 से 25 संख्या में हथियारों से लैस बदमाशों ने घेर लिया, और बेवजह मारपीट करने लगा। जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गये।

### लाभुकों को डीएम ने सौंपी थ्री-व्हीलर की चाबी



**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना के तहत मछुआ समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने जिला मत्स्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में चयनित लाभुकों के बीच थ्री-व्हीलर वाहनों की चाबी वितरित की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना मछुआ समुदाय के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम है। सरकार द्वारा थ्री-व्हीलर वाहनों की खरीद पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है, जिससे लाभुकों को आजीविका के नए अवसर मिलेंगे और उनकी आय में वृद्धि होगी। जिले में इस योजना के तहत कुल 20 लाभुकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 17 लाभुकों को थ्री-व्हीलर वाहन प्रदान कर दिए गए हैं। शेष 3 लाभुकों को भी जल्द ही इस योजना का लाभ दिया जाएगा। जिन लाभुकों को थ्री-व्हीलर वाहन प्रदान किया गया है उसमें थरथरी के नीतीश कुमार, कतरीसराय के अंबिका प्रसाद व ललित पासवान, सिलाव के मो. खालिद, राजगीर के मो. इकराम, बिहारशरीफ के जय केवट, रहुई के ब्रह्मदेव केवट, गिरियक के आनंदी केवट, हरनौत के संतोष कुमार, हिलसा के उपेंद्र कुमार, अस्थावां के धनेश्वर बिंद, सरमेरा के रामप्रवोध केवट, चंडी के अमरेन्द्र कुमार निषाद, इस्लामपुर के अवधेश केवट, एकंगरसराय के अजीत बिंद, नूरसराय की नमीता भारती तथा नगरनौसा के कमलेश कुमार शामिल हैं। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में सुनी गई आमजनों की समस्याएं

## सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का उद्देश्य राज्य के नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उन्हें सरल, सहज एवं सम्मानजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में सुविधा प्रदान करने हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की जाती है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में प्रभारी जिला पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित हुई। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 08 शिकायतें दर्ज कराई गई। कार्यक्रम के दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई में थाना रोह, ग्राम मोरमा के राजेंद्र प्रसाद द्वारा रास्ता अवरुद्ध करने, थाना रोह, ग्राम रुखी के कृष्णा यादव द्वारा मनरेगा योजना से संबंधित समस्या, थाना मुफस्सिल, ग्राम जाकीचक के रौशन कुमार द्वारा नाली निर्माण कराने तथा थाना बुंदेलखंड, ग्राम तकिया पर नवादा की रोखशाना खातून द्वारा पति को पैरोल पर छोड़ने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं। प्रभारी जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

### 10 रुपये की. झालमुरी खाते दिखे प्रधानमंत्री, वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि भारत के प्रधानमंत्री एक साधारण भेलपुरी की दुकान पर पहुंचकर मात्र 10 रुपये की झालमुरी का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि प्रधानमंत्री बेहद सादगी के साथ आम लोगों के बीच खड़े होकर झालमुरी खाते हैं। इस दौरान वहां मौजूद लोगों की भारी भीड़ जुट जाती है और कई लोग अपने मोबाइल फोन से इस पल को कैद करते दिखाई देते हैं। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कुछ लोग इसे प्रधानमंत्री की सादगी और आम जनता से जुड़ाव का प्रतीक बता रहे हैं, जबकि कुछ लोग इसे राजनीतिक नजरिए से भी देख रहे हैं। खासकर पश्चिम बंगाल की राजनीति के संदर्भ में इस वीडियो को जोड़ते हुए चर्चा हो रही है कि इस तरह की छवि का आगामी समय में असर पड़ सकता है। हालांकि, इस वायरल वीडियो की सत्यता की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कई बार सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो पुराने, संपादित या भ्रामक भी हो सकते हैं। ऐसे में किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले तथ्यों की जांच करना आवश्यक है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस तरह के दृश्य आम जनता के बीच नेताओं की छवि को प्रभावित करते हैं।

## आवासीय विद्यालयों में नामांकन हेतु छात्राओं एवं छात्रों के लिए सुनहरा अवसर, सुविधाओं का मिलेगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए जिले में संचालित आवासीय विद्यालयों में इण्टरमिडिएट कक्षाओं में नामांकन का सुनहरा अवसर उपलब्ध है। इन विद्यालयों में नामांकन प्राप्त कर छात्र-छात्राएँ सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न निःशुल्क सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। जिला कल्याण पदाधिकारी श्री प्रकाश प्रिय रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग की छात्राएँ अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, तेयार, अकबरपुर, नवादा की कक्षा 11वीं में नामांकन हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के ओएफएसएस पोर्टल पर विद्यालय कोड 23245 के अंतर्गत आवेदन कर सकती हैं। आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 अप्रैल 2026 कर दी गई है। इसी प्रकार जिले में संचालित तीन डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में कक्षा 11वीं में नामांकन हेतु 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राएँ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के पोर्टल पर जाकर 27 अप्रैल 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। इन सभी आवासीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क आवासन, भोजन, पोशाक, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही, छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में दैनिक उपयोग की सामग्री जैसे तेल, साबुन, बेडशीट, जूता आदि की खरीद हेतु डीबीटी के माध्यम से लगभग 8,000 प्रतिवर्ष की राशि भेजी जाती है।

## नियमित टीकाकरण को सुदृढ़ करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में सोमवार को गावी परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य नियमित एवं शुद्ध टीकाकरण को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सौरव कुमार निराला ने की। प्रशिक्षण में जिला समन्वयक मनोज कुमार राय और प्रखंड समन्वय एक पंकज कुमार ने भाग लिया। उन्होंने टीकाकरण की गुणवत्ता समयबद्धता और सत प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने पर विस्तार से जानकारी दी। जिला समन्वयक ने स्वास्थ्य कर्मियों को बताया कि नियमित टीकाकरण बच्चों और गर्भवती महिलाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सौरभ कुमार निराला ने अपने संबोधन में कहा कि गावी परियोजना के माध्यम से टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि एक भी पात्र लाभार्थी टीकाकरण से वंचित न रहे। इसके लिए एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य प्रबंधक शांत स्वामी के द्वारा सभी स्वास्थ्य कर्मियों से पूरी जिम्मेदारी के साथ घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने और शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि टीकाकरण न केवल बच्चों और जीवन भर की गंभीर बीमारियों से बचाता है बल्कि समाज को भी स्वस्थ बनाने में अहम भूमिका निभाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्यकेंद्र रजौली के चयनित 10 गांव की एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को टीकाकरण से संबंधित तकनीकी पहलुओं पंजीकरण रिपोर्टिंग और फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों के समाधान के बारे में विस्तार से

## टूल किट एवं स्टडी किट का किया वितरण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी, नवादा सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार 20.04.2026 को "नियोजन सेवा का विस्तार" योजनांतर्गत योग्य अभ्यर्थियों को टूल किट एवं "नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम" योजनांतर्गत योग्य अभ्यर्थियों को स्टडी किट प्रदान किया गया।

टूल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम के तहत नियोजनालय में निबंधित एवं मान्यता प्राप्त संस्थानों से प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को स्वरोजगार के लिए उनके संबंधित ट्रेड में कुल 36 अभ्यर्थियों को टूल किट प्रदान किए गए एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे निबंधित 62 अभ्यर्थियों को स्टडी किट निःशुल्क प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी, नवादा एवं समस्त कर्मियों ने संयुक्त रूप से किटों का वितरण किया। नियोजन पदाधिकारी, नवादा द्वारा बताया गया कि इस प्रकार की योजनाएँ युवाओं को रोजगार की ओर प्रेरित करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि स्टडी किट योजना के लिए वैसे अभ्यर्थी पात्र हो सकते हैं, जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हैं एवं जिनका निबंधन छह माह पूर्व जिला नियोजनालय में किया गया है। टूल किट के लिए वैसे अभ्यर्थी पात्र हो सकते हैं, जो केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान यथा आरसेटी, जन शिक्षण संस्थान, पीएमकेवीवाई, डीडीयूकेजीवाई एवं आरपीएल से न्यूनतम तीन माह का संबंधित ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त किए हों एवं जिनका निबंधन छह माह पूर्व जिला नियोजनालय में किया गया है।

## सशक्त रजौली महिला समिति ने बांटा सत्तू शरबत और ठंडा पानी,

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित बजरंगबली चौक पर सोमवार को सशक्त रजौली महिला समिति की ओर से सत्तू घोल एवं ठंडा पानी का वितरण किया गया। मार्गदर्शिका ललिता देवी के सौजन्य से यह कार्यक्रम किया गया। आयोजिका ने बताया कि गर्मी के दिनों में सत्तू पेट को ठंडक रखता है एवं प्रोटीन से भरपूर होता है। इस शरबत में सत्तू के अलावे आयोडीन युक्त नमक, काला नमक, लवण भास्कर आदि जैसे महत्वपूर्ण चीजों को मिलाया गया है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन एक महीने के हर सप्ताह में एक दिन किया जाएगा। इससे लोगों में जागरूकता आएगी और लोग कम बीमार पड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ती गर्मी में लू और डिहाइड्रेशन की समस्या आम हो जाती है। ऐसे में सत्तू का शरबत शरीर में पानी की कमी को दूर करता है और तुरंत ऊर्जा देता है। लवण भास्कर और काला नमक पाचन में मदद करते हैं। इसी सोच के साथ समिति ने यह पहल शुरू की है। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों और स्थानीय दुकानदारों को ठंडा सत्तू शरबत और पानी पिलाया गया। लोगों ने समिति के इस प्रयास की सराहना की। एक रिक्शा चालक ने कहा कि दोपहर में सत्तू पीने से थकान दूर हो जाती है और काम करने में आसानी होती है। समिति की अध्यक्ष सरिता बरनवाल ने बताया कि महिला समिति सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहती है। गर्मी में लोगों को राहत देना हमारा कर्तव्य है। आने वाले हफ्तों में भी बजरंगबली चौक के साथ अन्य स्थानों पर यह सेवा जारी रहेगी। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा कि ऐसी पहल से

## नेहुसा में नल-जल योजना ठप 15 दिनों से पानी सप्लाई है बंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के नेहुसा पंचायत के वार्ड संख्या-11 में सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना पूरी तरह ठप हो गई है। भीषण गर्मी के बीच पिछले 15 दिनों से पानी की आपूर्ति बंद रहने से करीब 300 घरों के लोग परेशान हैं और अन्य स्त्रोतों से पानी लाने को मजबूर हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, मोटर जल जाने के कारण जलापूर्ति पूरी तरह बंद है। बताया गया कि करीब पांच माह पहले भी मोटर जल चुका था। इस योजना के तहत गांव के लगभग 300 घरों और दो आंगनबाड़ी केंद्रों को पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन अब स्थिति यह है कि लोगों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जलमीनार पर शुरू से ही पानी की टंकी नहीं लगाई गई, जिससे पानी का दबाव कम रहता है और करीब 70 घरों तक नियमित रूप से पानी नहीं पहुंच पाता है। इस समस्या को लेकर विरेंद्र कुमार, किरण देवी, सुमित कुमार, सावित्री देवी, देवेंद्र प्रसाद, बल्केश्वर राम, महेश ठाकुर, विद्यासागर राम, अजय राम, रूपा देवी, संतु कुमार सिंह समेत दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को पीएचईडी विभाग से जल्द समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वहीं, पंप ऑपरेटर सह वार्ड सदस्य सनूज कुमार ठाकुर ने बताया कि मोटर के साथ-साथ एमसी, तार और सॉकेट भी जल चुके हैं, जिसके कारण आपूर्ति पूरी तरह ठप है। उन्होंने कहा कि पांच एचपी का मोटर लगाया गया है, जो अज्ञात कारणों से बार-बार जल जाता है। इस संबंध में पीएचईडी विभाग की जेई सुप्रिया कुमारी ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मोटर जलने की पुष्टि हुई है और जल्द जांच कराकर समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## डीएम व एसपी ने की समीक्षा बैठक

**बिहारशरीफ/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान तथा मलमास मेला 2026 की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को सरकारी कार्यालयों में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी पदाधिकारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें और लोगों की समस्याओं का त्वरित व सम्मानजनक समाधान करें। उन्होंने कहा कि कई बार अधिकारी अनुपस्थित रहने से आमजनों को परेशानी होती है, जिसे हर हाल में खत्म करना होगा।


**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे, कोलकाता, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे, कोलकाता कार्यालय के लिए सामान्य परामर्शदाता की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) के कार्य हेतु पूर्व प्रकाशित **निविदा सं. 03डब्ल्यूटीसीएओसीईआर2025-26 ई-टेंडरिंग (खुली निविदा) (दो पैकेट प्रणाली) में संशोधन।** उपरोक्त निविदा के **बंद होने की तारीख** 21.04.2026 को 15.00 बजे से आगे बढ़ा कर **30.04.2026 को 15.00 बजे** कर दी गई है। ऊपरोक्त निविदा के अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। (CON-03/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. जेएमपी-इलेक्ट-84-2026, दिनांक 17.04.2026;** उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला-मुंगेर, बिहार, पिन-811214 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए निविदा सं. जेएमपी-इलेक्ट-84-2026 के तहत ई-निविदा आमंत्रित किए जाते हैं। **बंद होने की तारीख/समय 12.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे है।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** वेस्ट कॉलोनी, जमालपुर में मूलभूत सुविधाओं के प्रावधान द्वारा स्टाफ क्वार्टरों के रखरखाव के संबंध में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था तथा विद्युतीय वायरिंग। **विज्ञापित निविदा मूल्यः** रु. 85,41,008.67; **बयाना राशिः** रु. 1,70,800/-। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **बोली शुरू होने की तारीखः** 28.04.2026; बोलीदाताओं को ऑनलाइन बोली लगाने की विस्तृत नियमों एवं विनियमों तथा पद्धति के लिए **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है। (MISC-15/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/607, दिनांक 17.04.2026; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: ई-निविदा सं.: **एसडीएसटीई/सिग/टी/51/25-26/सीएपी, आरआरएसके, एसएफ; कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** (i) सियालदह मंडल में एएसटीई/II अनुभाग में इंटरलॉक्ड गेटों (ओएसएल) में आरटीयू का प्रावधान। (ii) सियालदह मंडल के सियालदह-रानाघाट, दमदम-बाली हॉल्ट, कल्याणी-कल्याणी सीमांत अनुभाग में 48एफ ओएफसी का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 4,47,25,566.75; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 8,94,500; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** 12 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीखः** 29.04.2026; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीखः** 13.05.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीखः** 13.05.2026 को 14.30 बजे। **विस्तृत विवरणः** www.ireps.gov.in **पर उपलब्ध है। पात्रता के तकनीकी मानदंडः** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंडः** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेजः** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्यः** डाटा लॉगर अथवा आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना अथवा ईआई अथवा आरआरआई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचए-एसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग कार्य। **टिप्पणीः** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-13/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# प्रेम कुमार ने दिया गया गौशाला की समस्याओं के समाधान का आश्वासन

## विधानसभा अध्यक्ष का गौशाला को गोकुल योजना से जोड़ने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को गया स्थित श्री गया गौशाला में आयोजित एक विशेष बैठक में भाग लिया जहां गौशाला की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में गौशाला के अध्यक्ष सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त, पशुपालन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक तथा मुत्तसिल थाना प्रभारी का भी स्वागत किया गया। गौशाला के सचिव शरत खंडेलवाल ने बैठक में गौशाला से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को



विस्तार से रखा। इस पर डॉ. प्रेम कुमार ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी के साथ गोकुल योजना पर चर्चा करते हुए गया गौशाला को इस योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने गौशाला को मिनरल मिश्रण और कीटनाशक दवाएं भी उपलब्ध कराईं। उन्होंने उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया कि गौशाला की भिंडस वाली भूमि पर मनरेगा के तहत शेष कार्यों को तेजी से पूरा कराया जाए और गौशाला समिति के सुझावों के अनुरूप कार्य किए जाएं। बैठक के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों और समिति सदस्यों के साथ भिंडस भूमि का निरीक्षण किया और आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने गौशाला परिसर के पूर्वी हिस्से में जलजमाव की समस्या के समाधान के लिए नगर आयुक्त से बात कर शीघ्र जल निकासी की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। साथ ही गौशाला को मिली अनुदान राशि के समुचित उपयोग के लिए समिति को अधिकृत करने की बात कही। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य सरकार से प्राप्त 20 लाख रुपये में से 14 लाख रुपये गौशाला में शेड निर्माण, 5 लाख रुपये पशु खरीद और 1 लाख रुपये चारा व्यवस्था पर खर्च किए जा रहे हैं। इस अवसर पर गौशाला के उपाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप, उप सचिव सुबोध अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश झुनझुनवाला, राजनंदन प्रसाद गांधी, विकास कुमार, सागर, विवेक कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने किया स्वागत

## जीतन राम मांझी ने युवाओं को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय स्थित राधाकृष्णन सभागार में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने छात्र-छात्राओं के साथ जन संवाद कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। केंद्रीय मंत्री का स्वागत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही द्वारा अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा वंदे मातरम एवं विश्वविद्यालय के कुल गीत की प्रस्तुति दी गई। अपने उद्बोधन में केंद्रीय मंत्री श्री मांझी ने युवाओं को कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए तथा



मगध विश्वविद्यालय परिसर में शीघ्र ही एक कार्यशाला आयोजित करने की सहमति भी प्रदान की। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय परिवार केंद्रीय मंत्री द्वारा सुझाए गए कौशल विकास के प्रस्तावों का पूर्ण समर्थन करता है तथा इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा एवं कौशल आधारित प्रशिक्षण से जोड़ना समय की आवश्यकता है और विश्वविद्यालय इस दिशा में ठोस पहल करेगा। इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार (प्रदेश अध्यक्ष, हम सह पूर्व मंत्री, बिहार) भी उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रोफेसर विनोद कुमार मंगलम द्वारा प्रस्तुत किया गया जबकि मंच संचालन डॉ. दीपशिखा पांडे ने किया। कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी, प्रॉक्टर प्रो. के.डी.पी. वर्मा, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. ममता मेहरा, चौधरी रमन किशोर सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गया डेयरी प्रोजेक्ट से बढ़ेगा रोजगार और किसानों की आय : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को गया जिले के भिंडस स्थित मगध दुग्ध उत्पाद संघ में निर्माणाधीन डेयरी परियोजना का निरीक्षण किया। करीब 55 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा यह प्रोजेक्ट प्रतिदिन 2 लाख लीटर दूध उत्पादन क्षमता वाला है और इसके सितंबर तक पूरा होने तथा अक्टूबर से संचालन शुरू होने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने कार्य की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्रीय जरूरतों के अनुरूप दूध की मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन स्थापित करेगी। उन्होंने



कहा कि इस डेयरी प्रोजेक्ट से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि डेयरी उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस इकाई से दूध, फ्लेवर युक्त दूध, दही, पेड़ा, पनीर सहित अन्य डेयरी उत्पादों का लाभ आम लोगों को मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस तरह की परियोजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती हैं और सरकार का प्रयास है कि किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य मिल सके। निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला पशुपालन पदाधिकारी, मगध दुग्ध उत्पादन संघ के प्रबंध निदेशक जितेन्द्र यादव, पुलिस उपाधीक्षक वजीरगंज, बिपेन्द अग्रवाल, राजनंदन प्रसाद गांधी, विकास कुमार, राजकुमार शशि सिन्हा, सागर कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# आग से बचाव को लेकर लोगों को किया जा रहा जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिले में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत जिले के विभिन्न प्रमुख शिक्षण संस्थानों, चौक-चौराहों और बाजारों में लोगों के बीच आग लगने से बचाव और उसके सुरक्षा के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला अग्निशमन पदाधिकारी श्रीमति रश्मि ने बताया कि बिजली के शॉर्ट सर्किट, गैस सिलेंडर और खाना बनाने के दौरान चूल्हे तथा खेत खलिहानों में लगने वाले आग से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए लोगों को सुबह 9:00 बजे से पहले और शाम 6:00 बजे के बाद खाना बनाना चाहिए। खाना बनाने के बाद आग को अच्छी तरह से बुझा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के चेक करने और उसे रेगुलेटर से बंद करने, बिजली शॉर्ट सर्किट के आसपास ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखने से संबंधित लोगों को जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आग लगने के दौरान क्या करें और क्या नहीं करें। इसके बारे में भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# नागरिकों की समस्याओं एवं सुझावों के समाधान हेतु कार्रवाई का आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिलाधिकारी, अरवल अमृषा बैस के निर्देशानुसार जिले में 'सेवा संवाद एवं समाधान' कार्यक्रम के तहत जिला स्तर, अनुमंडल स्तर एवं प्रखंड स्तर पर सभी पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रत्येक सप्ताह के दो दिन सोमवार एवं शुक्रवार को जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत आम नागरिक अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को सीधे संबंधित पदाधिकारी के समक्ष रख सकते हैं तथा उनका त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, बंसी, प्रशांत कुमार के कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में आए नागरिकों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन एवं निर्देश दिया गया। यह पहल प्रशासन और आमजन के बीच संवाद को सशक्त बनाने के साथ-साथ पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन व्यवस्था को भी सुनिश्चित कर रही है। सभी नागरिकों से अपील है कि वे इस व्यवस्था का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित दिनों में संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी बात रखें।

# एईएस/जेइ बचाव को लेकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** गर्मी के मौसम में फैलने वाली खतरनाक बीमारियों खासकर एइएस/जेइ से बचाव को लेकर प्रखंड में सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी कड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, डोभी के निर्देश पर सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला स्वास्थ्य समिति, गया के निर्देश के आलोक में आयोजित इस प्रशिक्षण में बच्चों, गर्भवती व धात्री माताओं की सुरक्षा पर विशेष फोकस रहेगा। प्रशिक्षण के जरिए स्वास्थ्य कर्मियों व संबंधित विभागों को समय रहते आवश्यक जानकारी और बचाव के उपाय बताए जाएंगे। जारी आदेश के




अनुसार प्रशिक्षण में एएनएम, जीएनएम, सीएचओ, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण चिकित्सक शामिल होंगे। सभी के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है, ताकि व्यवस्थित रूप से प्रशिक्षण संपन्न हो सके। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने कर्मियों की उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित करें। वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी को कार्यक्रम के दौरान पेयजल समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि समय पर जागरूकता और तैयारी से एइएस/जेइ जैसी गंभीर बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

# अगलगी में हजारों का नुकसान, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** स्थानीय प्रखंड के बिहटा पंचायत के शेखा बिगहा गांव में रविवार की रात शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने एक परिवार को बेघर कर दिया। इस अगलगी में आदित्य पासवान का पूरा घर जलकर राख हो गया। घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और नगदी सहित सारी संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन गांव में नल-जल योजना ठप रहने के कारण पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो सका। इससे आग तेजी से फैल गई और पूरा सामान जलकर राख हो गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासी राहुल कुमार ने बताया कि नल-जल की समस्या को लेकर कई बार ग्रामीण शिकायत की, लेकिन नतीजा सिफर रहा। घटना के बाद ग्रामीण विकास पासवान, राजकुमार ठाकुर, लालू पासवान, छोटी पासवान, राहुल कुमार, किशोर भारती, वकील यादव, अजय पासवान समेत वार्ड संख्या 5 के लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिया जाए एवं नल-जल योजना को तत्काल चालू किया जाए तथा लापरवाही बरतने वाले पीएचइडी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो भविष्य में ऐसी घटनाएं और भी गंभीर रूप ले सकती है।

# महिला आरक्षण विधेयक पर राजनीति तेज, भाजपा नेता ने विपक्ष पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** देश की संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से लाए गए प्रस्ताव को लेकर विभिन्न दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में पहल की गई थी। इस प्रस्ताव का उद्देश्य लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़ाकर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रभावी भूमिका देना था। भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ.



मनीष पंकज मिश्रा ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह पहल देश की आधी आबादी को सम्मान और अधिकार दिलाने का प्रयास थी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को राजनीति में अधिक अवसर देना लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक है। हालांकि उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान संशोधन के लिए आवश्यक बहुमत नहीं मिल पाने के कारण यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। डॉ. मिश्रा ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने सुनियोजित तरीके से इस पहल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण के मुद्दे पर देश की जनता जागरूक है और महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने वालों को आने वाले समय में राजनीतिक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। भाजपा ने एक बार फिर दोहराया कि वह महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है।

# स्वयं सर्वे को लेकर बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों को दूरभाष से दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र में प्रस्तावित 'स्वयं सर्वे' को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने जनप्रतिनिधियों को दूरभाष के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने सर्वे के सफल क्रियान्वयन को लेकर दिशा-निर्देश भी जारी किए। बीडीओ विपुल भारद्वाज ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ सही पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने में स्वयं सर्वे की अहम भूमिका है। इसके माध्यम से गांवों की वास्तविक स्थिति और विकास की जरूरतों का सटीक आकलन किया जाएगा। उन्होंने सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं सरपंचों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कार्य में सक्रिय सहयोग करें, ताकि कोई भी योग्य व्यक्ति लाभ से वंचित न रह जाए। बीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि वे ग्रामीणों को जागरूक करें, ताकि सर्वे के दौरान लोग सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं।

# छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा अनिवार्य : आकाश प्रियदर्शी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** विशाल प्राइवेट आईटीआई, बोधगया के ट्रस्टी सदस्य आकाश प्रियदर्शी उर्फ 'एपी' ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को लेकर शिक्षा की महत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास और छात्रों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और तकनीकी कौशल से प्रशिक्षित करना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य तैयार करने वाला होना चाहिए। आकाश प्रियदर्शी ने यह भी साझा किया कि विशाल प्राइवेट आईटीआई का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा प्रदान करना है ताकि वे रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

# भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव, दोपहर 12:30 बजे के बाद कक्षाएं स्थगित

## जिलाधिकारी के आदेश के तहत 21 से 30 अप्रैल तक लागू रहेगा निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अहम निर्णय लिया है। जिलाधिकारी, गया द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र एवं कोचिंग संस्थान सहित) में कक्षा 5वीं तक की शैक्षणिक गतिविधियां दोपहर 12:30 बजे के बाद संचालित नहीं की जाएंगी। यह आदेश प्रखण्ड सहित पूरे गया जिले में लागू होगा। विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वे आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें और निर्धारित समय के भीतर ही कक्षाओं का संचालन करें। जारी आदेश के अनुसार यह व्यवस्था 21 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी और 30 अप्रैल 2026 तक लागू रहेगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बढ़ती गर्मी और लू के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है जिसे ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

# दो अलग-अलग घरों से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** रविवार को टिकारी थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर बन्द घर में घुस चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। थाना क्षेत्र के बैध बिगहा मुहल्ले स्थित देवी स्थान के समीप संतोष कुमार के बन्द घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। उत्तम कुमार की पत्नी श्वेता कुमारी ने बताया कि घर बन्द कर टिकारी शहर के बाड़ा मुहल्ले में अपनी मां के घर रविवार को गई थी। सोमवार की सुबह अपने घर पहुंची तो देखा कि घर का कमरा खुला है। छानबीन करने पर कमरा के ट्रंक में रखा जेवर व पंद्रह हजार नगदी गायब मिला। श्वेता कुमारी



ने लिखित शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं दूसरी घटना टिकारी थाना क्षेत्र के ही बकसू बिगहा मुहल्ले में घटित हुई। बकसू बिगहा निवासी मिथिलेश यादव ने बताया कि विवाह में शामिल होने परिवार सहित घर से बाहर गया था। सोमवार को लौटा तो पाया कि छत से घर में घुस लगभग चार लाख रुपये का सोने चांदी का जेवरात की चोरी कर ली गई है। मिथिलेश यादव ने पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक पर चोरी करने की आशंका जाहिर की है। मिथलेश यादव ने शिकायत दर्ज कर कार्रवाई करने व समान बरामद करने की गुहार लगाई है। मामले को लेकर टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि शिकायत पर जांच करने पुलिस बल को भेजा गया था। पुलिस चोरी की घटना के सफल उद्भेदन के लिए सभी दृष्टिकोण से जांच कर रही है।

# डेढ़ एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख

**टिकारी (नबिटा संवाददाता)।** क्षेत्र के पुरा ग्राम में सोमवार को घटित हुई अगलगी की घटना में डेढ़ एकड़ में लगी गेहूं की फसल को राख कर दिया। पीड़ित किसान पुरा ग्राम निवासी अमलेश कुमार ने बताया कि अन्य खेत पर चल रही हार्वेस्टर के इंतजार में था इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजरा हाई टेंशन तार में हुए शार्ट सर्किट ने गेहूं की फसल को अपने आगोश में ले लिया।


## सार्वजनिक सूचना

नोटिस एतद् द्वारा दिया जाता है कि मेरे ग्राहक श्री निरंजन कुमार यादव, एस/ओ स्वर्गीय रतन लाल यादव, निवासी एच द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार। नहीं। 715, सेक्टर-15, भाग-2, गुरुग्राम-122001, स्थायी पताः गांव और पी.ओ. खुथा, पी.एस. लोदीपुर, जिला-भागलपुर (बिहार), जो प्लॉट नंबर के पंजीकृत बिक्री विलेख का मालिक है।
1, ब्लॉक-सी, रोशनलाल कोऑपरेटिव हाउसिंग कंस्ट्रक्शन सोसाइटी लिमिटेड, जिसका क्षेत्रफल 2400 वर्ग फुट है। (आवासीय भूमि) मौजा चितकोहरा में स्थित, सर्वेक्षण थाना-फुलवारी शरीफ, थाना नं. 17, तोजी-1560, खाता नं. 1223, खेसरा/प्लॉट नंबर का हिस्सा 342, जमाबंदी संख्या 2120, नगर निगम, पटना, बिहार के अधिकार क्षेत्र के भीतर।
उक्त संपत्ति श्रीमती से खरीदी गई थी। उषा किरण राय, डब्ल्यू/ओ श्री योगेंद्र राय, आर/ओ पुनाईचक, पी.एस. शास्त्री नगर, पटना, पंजीकृत बिक्री विलेख असर टोकन संख्या देखें। 19887, पंजीकरण वर्ष 2012, सीरियल नंबर 19258, पुस्तक संख्या- 1, डीडी नंबर 16337, डीएसआरओ/एसआरओ पटना के समक्ष 23-मई-2012 को दायर और प्रस्तुत किया गया।
कि उपर्युक्त संपत्ति का मूल पंजीकृत बिक्री विलेख खो गया है/गलत हो गया है और इसका पता लगाने योग्य नहीं है। उक्त मूल पंजीकृत बिक्री विलेख के नुकसान के संबंध में शिकायत मालिक श्री निरंजन कुमार यादव द्वारा दिल्ली पुलिस ई-पुलिस स्टेशन, वसंत कुंज दक्षिण / अपराध शाखा, दक्षिण पश्चिम जिले में एलआर संख्या 238395/2026 दिनांक 16/04/2026 में दर्ज कराई गई थी, 11/04/2026 को कार्यालय एल-319, महिपालपुर एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110037 में नुकसान की सूचना दी गई थी और पुलिस स्टेशन ने तदनुसार खोया हुआ लेख / दस्तावेज रिपोर्ट जारी की है।
यदि किसी व्यक्ति/व्यक्ति को उपर्युक्त मूल बिक्री विलेख मिलता है और/या कोई अधिकार, शीर्षक, ब्याज, दावा जैसे ग्रहणाधिकार, बंधक, बिक्री/खरीद, कब्जा या उक्त संपत्ति पर कोई शुल्क है तो वह/वह/वे नीचे उल्लिखित पते पर इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ लिखित रूप में सूचित करेंगे। उसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।
दिनांकः20/04/2026

अंशुमान
(अधिवक्ता)

CHAMBER NO. 238, BLOCK-1, DELHI HIGH COURT, NEW DELHI-110003
MOB.: 9818571429, E-MAIL: advocateanshuman1458@gmail.com



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

**आवश्यक सूचना।**

**( लापता सजरुन बीबी, उम्र– 26 वर्ष )**



बरडीहा थाना सनहा संख्या–19/26 दिनांक–04.04.2026 में लापता सजरुन बीबी उम्र–26 वर्ष, पति–आशिक अंसारी, सा0–सेमरी, थाना–बरडीहा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। जो दिनांक–18.01.2026 राजस्थान में किराये के मकान से गुम हो गई है, तथा अबतक घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता सजरुन बीबी का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.377961 Police(26-27):D



## झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू
पता–योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनग, पलामू

**आवश्यक सूचना**

कृषि निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 1827 दिनांक 16.04.2026 के द्वारा Mission for Aatmanirbharta in Pulses योजना अंतर्गत Post Harvest Infrastructure (Processing Unit) मशीन का अधिष्ठापन किया जाना है। जिसके लिए योजनान्तर्गत Financial assistance will be provided for plant and machinery and construction of building/warehouse/storage infrastructure, excluding costs of land, power of manpower, etc upto the 33% of the project cost, subject to a maximum limit of Rs. 25 lakh per unit whichever is less, Maximum share of subsidy for the construction of building/warehouse/storage infrastructure shall be 30% of the total eligible subsidy amount, i.e., 33% of the project cost or 25 Lakh, whichever is less. अनुदान का प्रावधान है।

2. Eligible Entities
The Scheme would provide support to the following entities –
(i) Farmer Producer Organizations (FPOs)
(ii) Cluster Level Federation (CLFs)
(iii) Primary Agricultural Credit Societies (PACS)
(iv) Individuals
(v) Any other registered undertaking under any Act

3. Eligibility Criteria
3.1 Group Category
(I) FPOs/CLFs/PACs should be registered and operational since last 2 years.
(ii) The entity should possess sufficient internal resources to meet at least 15% of the project cost and margin money for working capital
3.2 Individual Category
(i) The applicant should be above 21 years of age.
(ii) Only one person from a single family is eligible to receive financial assistance. For this purpose, the "family" would include self, spouse and unmarried children.
(iii) Individual should possess sufficient internal resources to meet at least 15% of the project cost and margin money for working capital.
3.3 Other term and condition should must fulfil as per guideline of Mission for Aatmanirbharta in Pulses

पलामू जिला के वैसे इच्छुक अहर्ताधारी जो इस योजना का लाभ लेना चाहते है, जिला कृशि कार्यालय, पलामू के कार्यालय में कार्यावधि में अपना आवेदन एवं Project Report जमा कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR 377969 District(26-27)#D

संपादकीय

# युद्ध के धमाकों से डूबा विश्व पर्यटन उद्योग

ईरान के खिलाफ अमेरिका व इजराइल के हमले के चीच पर्यटन की दुनिया मिसाइलों तथा बमों से इस कदर झुलस गई कि उसे पटरी पर आने में कम से कम एक साल तो लगेगा ही। भारत का पर्यटन उद्योग ही प्रभावित हुआ है, ऐसा नहीं है। दुबई, अमेरिका, सऊदी अरब, कतर, ओमान, बहरीन, कुवैत ऐसे खाड़ी देश हैं, जहां पर खासा नुकसान हुआ है। ईरान का पर्यटन उद्योग तो चौपट ही हो गया है। इसके साथ ही वह देश जो इन देशों के आसपास या इनकी वायुसीमा मार्ग में आते हैं, वे भी युद्ध की आग में झुलस गए हैं। धार्मिक पर्यटन के साथ ही उन देशों को भी हानि हुई है जहां पर मेडिकल टूरिज्म या वॉटर टूरिज्म के लिए पर्यटक जाते थे। भारत में अप्रैल से लेकर अगस्त तक धार्मिक टूरिज्म का जबर्दस्त सीजन होता है। यहां पर चारधाम यात्रा के साथ ही दूसरी यात्राएं होती हैं। दूसरे देशों से हजारों मरीज अपना उपचार कराने आते हैं और यहां पर्यटन का भी आनंद लेते हैं। यूक्रेन रूस के युद्ध के कारण वहां का पर्यटन और एजुकेशन टूरिज्म तो पहले ही से गंभीर संकट में था। अब खाड़ी युद्ध ने स्थितियां और विकट कर दी हैं। खाड़ी युद्ध का सबसे बुरा असर दुबई पर हुआ है। यहां पर हर वर्ष कम से कम 15 मिलियन पर्यटक जाते थे, लेकिन अब यहां पर सन्नाटा नजर आ रहा है। एयर ट्रैफिक रुकने के कारण यहां पर 50 प्रतिशत से अधिक पर्यटन स्थल पर सन्नाटा है और युद्ध के 40 दिनों में दो लाख से अधिक की बुकिंग रद्द हुई हैं। अभी जो दो हफ्ते का युद्ध विराम है, वह भी पर्यटकों में उत्साह नहीं ला पा रहा है। डर इस बात का है कि कहीं युद्ध फिर भड़का तो क्या होगा? इन परिस्थितियों में कोई भी पर्यटक या पर्यटन एजेंसी खतरा नहीं लेना चाहती। टूरिज्म विशेषज्ञ समझ रहे हैं कि यदि युद्ध समाप्त घोषित नहीं होता है तो खाड़ी देशों को कम से कम 40 से 55 अरब डॉलर तक का नुकसान उठाना पड़ेगा। सर्वाधिक मारामारी ईंधन की है और भारत ही नहीं सभी देशों पर इसका सीधा असर आया है, जिससे हवाई किराए में उछाल आया है। छोटी से छोटी हवाई यात्रा के टिकट में कई हजार रुपए की वृद्धि दिख रही है। श्रीलंका जैसा देश जहां पर पर्यटक हनीमून के साथ ही भगवान राम से जुड़े तीर्थों को भी देखने जाते थे, वहां मार्च माह में करीब 18 प्रतिशत की कमी हुई है। यह यहां की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा खतरा है। दुबई, श्रीलंका की बात जानें दें, भारत को देखें। यहां पर पर्यटन सीजन आरंभ हो चुका है और जून में जब मानसून आ जाएगा तब तक का जो सीजन है वह काफी डिस्टर्ब हो गया है। इस बार गैस की किल्लत ने होटल डाबों को ही नहीं उन लोगों को भी चिंता में डाल दिया है, जो उत्तराखंड चारधाम तथा आदि कैलाश यात्रा के लिए जाते थे। सरकारी सूचना के अनुसार रजिस्ट्रेशन की संख्या में 40 प्रतिशत की गिरावट है। वर्ष 2025 में जब यह रजिस्ट्रेशन 17 लाख थे, तो अब 10 अप्रैल को यह 14 लाख पर ही सिमट गए हैं। भारत में गत वर्ष कश्मीर में पहलगाम के बाद जिस तरह की स्थितियां थीं अब पूरे विश्व में वहीं हालात हैं। पर्यटक और पयर्टन कारोबारी इस बात पर विश्वास कर ही नहीं पा रहे हैं कि युद्ध पूरी तरह से थम गया है। इसके पीछे कारण ट्रंप का बात पलटने में महारथ हासिल कर लेना माना जा रहा है। पर्यटक इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि युद्ध काल में जब भारत से बाहर रहने वाले भारतीय जो भारत वापस आना चाहते थे वह चाहकर भी नहीं आ पाए थे। फिर अगर वह पर्यटन के दौरान फंस गए तो क्या होगा? भारत में आगरा, जयपुर, दिल्ली जैसे शहरों में जहां पर विदेशी पर्यटक हमेशा आते थे, वहां पर भी पर्यटकों का टोटा है और होटल, ट्रैवल एजेंसियों में फांका मारने जैसी स्थिति है। कश्मीर, नार्थ ईस्ट, लेह-लद्दाख, नैनीताल, मनाली, शिमला जैसे शहर जो गर्मियों के लिए अप्रैल में ही बुकिंग के कारण उफनाने लगते थे, वहां लगभग नो लॉस, नो प्रॉफिट पर पर्यटकों को पैकेज उपलब्ध हैं और कई स्थान पर तो टूरिज्म एजेंसियां नाम मात्र की बुकिंग राशि में ही मान रही हैं। दुबई के लिए जो पर्यटक जाने को बेताब रहते थे वह भी इस बात से बच रहे हैं कि यहां पर क्या देख पाएंगे ?

# लेकिन शहरी माओवाद पर कैसे लगे लगाम

**बीते तीस मार्च को गृहमंत्री अमित शाह ने लाल आतंक के रूप में कुख्यात रहे माओवादी और नक्सली आतंकवाद के खात्मे का औपचारिक अंत की घोषणा कर दी है। चाहे माओवाद हो या नक्सलवाद, दोनों ही धाराएं उग्रपंथी वामपंथ से प्रभावित रही हैं। इनका मानना रहा है कि सत्ता बंदूक की नली या बारूद से निकलती है। इसी विचारधारा के तहत इस वैचारिकी ने भारत के तकरीबन एक तिहाई जिलों पर अरसे तक कब्जा जमाए रखा। इस विचारधारा से प्रभावित लाल आतंक एक दौर में पशुपति से लेकर तिरूपति तक फैला हुआ था। लेकिन अब यह निस्तेज हो चुका है। ज्यादातर नक्सली या माओवादी लड़ाके या तो हथियार डाल कर मुख्यधारा की जिंदगी में वापस लौट गए हैं या फिर सुरक्षा बलों की कार्रवाई में मारे गए हैं। लेकिन अब भी इस विचारधारा से प्रभावित एक वर्ग बचा हुआ है। जिसका सत्ता के प्रतिष्ठानों पर भले ही प्रभाव ना हो, लेकिन तंत्र पर उसका प्रभाव अब भी है।**

**उमेश चतुर्वेदी**

मार्च 2022 में जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद और कश्मीरी पंडितों के घाटी छोड़ने की पृष्ठभूमि पर एक फिल्म आई थी। 'द कश्मीर फाइल्स' नामक इस फिल्म में एक संवाद है, सत्ता भले ही उनकी है, लेकिन सिस्टम अपना है। इस संवाद में जिस सिस्टम की ओर इशारा है, दरअसल तंत्र पर उसका ही प्रभाव है। कहना न होगा कि यह प्रभावी तबका वैसी ही उग्र वामपंथी विचारधारा से प्रभावित है, जिसके बारूदी रूख के अंत का ऐलान गृहमंत्री अमित शाह ने किया है। कभी दिल्ली विश्वविद्यालय में सक्रिय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिज्ञासु कार्यकर्ताओं ने इसे 'अर्बन नक्सल' कहा था। अर्बन यानी शहरी नक्सल। याद कीजिए, छह अप्रैल 2010 की घटना, जब बस्तर में सीआरपीएफ के 74 जवानों को घेरकर नक्सलियों ने बारूदी सुरंगों के जरिए उड़ाकर मार डाला था। इस लोमहर्षक कार्रवाई भारतीय राष्ट्र राज्य पर अर्बन नक्सल समुदाय ने बड़ी जीत के रूप में देखा था। राजधानी दिल्ली में लाल गढ़ के रूप में विख्यात जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह ने इस कार्रवाई पर खुलेआम खुशियां जताई थीं। तमाम विश्वविद्यालयों के वामपंथी प्रोफेसरों और छात्रों के एक समूह ने इस लोमहर्षक हत्या कांड को भारतीय राज व्यवस्था पर नक्सली जीत के रूप में लिया था। बस्तर की इस घटना के बाद तत्कालीन मनमोहन सरकार सकते में थी। उसने समानांतर सत्ता चला रहे नक्सली और माओवादी आतंकियों पर हवाई कार्रवाई करने का विचार शुरू कर दिया था। लेकिन शहरी इलाकों के वामपंथी बुद्धिजीवियों ने इसका विरोध शुरू किया। तंत्र में इनकी उपस्थिति कितनी प्रभावी है, इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि मनमोहन सरकार ने नक्सली हिंसा का प्रभावी जवाब देने का विचार त्याग दिया था।

नक्सलवाद कहें या माओवाद या फिर वामपंथ की कोई अन्य धारा, विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, पत्रकारिता, स्वयंसेवी संगठनों, वकालत, अस्पतालों, प्रशासनिक व्यवस्था और कर्मचारीतंत्र में भी इनके प्रभावी लोग अब भी मिल जाएंगे। अरूंधती रॉय, हर्ष मंदर, प्रशांत भूषण जैसे प्रसिद्ध बुद्धिजीवी तो खुद ही मानते हैं कि वे इस विचारधारा से हैं।



तंत्र में इस विचारधारा के प्रभावी होने की शुरूआत 1969 में कांग्रेस के विभाजन से होती है। तब अपनी केंद्रीय सत्ता को बचाने के लिए इंदिरा गांधी को वामपंथी दलों के सहयोग की जरूरत थी। उन्होंने सहयोग किया भी, बदले में शैक्षिक संस्थानों पर उनका प्रभाव बढ़ा। इसकी वजह यह रही कि इंदिरा सरकार ने शोध और शैक्षिक संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों को इन्हीं के हवाले कर दिया। इस विचारधारा ने अपने ही लोगों को इन संस्थानों में खूब भरा।

2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आई तो यह वैचारिकी पहले सकते में रही। बाद में इसने रणनीति और पैंतरा बदला। शुरू में तो इस विचारधारा ने कभी पश्चिम बंगाल के जादवपुर विश्वविद्यालय में वैचारिकी आधारित आंदोलन छेड़ा तो कभी काशी हिंदू विश्वविद्यालय में लड़कियों से छेड़खानी के बहाने राष्ट्रवादी विचाराधारा को निशाने पर लेकर आंदोलन चलाया। हैदराबाद विश्वविद्यालय में रोहित बेमुला के बहाने राष्ट्रवादी शासन व्यवस्था के दौरान कथित तौर पर दलितों और पिछड़ों के उत्पीड़न का आरोप लगाकर वैचारिक आंदोलन खड़ा किया। दो कृषि कानूनों के बदलाव के विरोध में लंबे समय तक चले किसान आंदोलन को भी इस वैचारिकी का खुला समर्थन रहा। टूल किट गिरोह इसी दौरान बेपर्दा हुए। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ देशभर के अल्पसंख्यकों को भड़काने और उन्हें आंदोलन में लाने के पीछे भी यही विचारधारा रही। इन आंदोलनों के लंबे समय तक चलने, इनके लिए लोगों के एकत्रित होने की वजह से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहरी नक्सलियों का कितना बड़ा नेटवर्क है और कितनी गहराई तक उनकी पहुंच है।

मोदी सरकार के बाद राष्ट्रवादी विचारधारा को उम्मीद थी कि सत्ता केंद्रों और संस्थानों से इस विचारधारा की विदाई हो जाएगी। लेकिन अब भी यह विचारधारा प्रभावी तौर पर उपस्थित है। इस विचारधारा के कतिपय क्रांतिकारियों ने तो अब चोला तक बदल लिया है और मौजूदा सत्ता तंत्र में भागीदार भी बन चुके हैं। पत्रकारिता में अब भी इस विचारधारा के लोगों की भारी संख्या है। इसकी वजह से अब भी नैरेटिव का मायाजाल रचने में यह विचारधारा प्रभावी हो जाती है। नागरिक समाज में इस विचारधारा के लोग तभी पहचान में आते हैं, जब वे बहसों में हिस्सा लेते हैं या आंदोलनों में खुली भागीदारी करते हैं। अन्यथा समाज के सभी वर्गों की तरह इनको भी आसानी से सामान्य जन पहचान नहीं पाता। शहरी नक्सलवादियों की एक खासियत यह है कि वे खासा पढ़ते लिखते हैं। इसलिए बहसों में उनकी भागीदारी प्रभावी रहती है। लेकिन भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं का माखौल उड़ाना उन्हें सबसे प्रिय है। वैसे भारतीय शैक्षिक संस्थानों में एक सोच गहरे तक पैठी हुई है कि युवावस्था में जो वामपंथी नहीं हुआ, इसका अभिप्राय है कि उसमें कोई न कोई कमी है। इस सोच की बुनियाद और संस्थानों में अपनी प्रभावी उपस्थिति के चलते यह विचारधारा अक्सर युवाओं को प्रभावित कर लेती है। उसके आगोश में आने के बाद युवा भारतीयता, भारतीय मूल्य और सांस्कृतिक परंपराओं का माखौल उड़ाने लगता है, उसे पूजा-पाठ दकियानूसी लगने लगता है। हालांकि अल्पसंख्यकों के धार्मिक और सांस्कृतिक कलाप उसे प्रगतिशीलता की निशानी लगने लगते हैं। इस तरह समाज के बीच वे अपनी वैचारिक धारा को बनाए रखने के जतन में जुटे रहते हैं।

जंगलों, खेतों-खलिहानों और आदिवासी इलाकों में खून की होली खेलने, रेल की पटरियां उड़ाने, स्कूलों को उड़ाने वाली खूनी नक्सली और माओवादी विचारधारा के समर्थक और नेतृत्वकर्ता भले ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई और समानांतर चलाई गई विकास योजनाओं के चलते खत्म हो गए हों या हथियार डाल दिए हों, लेकिन किताबों, बहसों और नैरेटिव के सहारे लड़ाई चलाने वाले माओवादी और नक्सली अब भी बाकी हैं और तंत्र में प्रभावी मौजूदगी भी रखते हैं। कहा जाता है कि विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं। उनके अनुयायियों की संख्या कम-ज्यादा जरूर हो सकती हैं। मौजूदा सामाजिक और राजनीतिक तंत्र ऐसा नहीं रहा कि हथियार के सहारे क्रांतियां कर ली जाएं और सत्ताएं बदल दी जाएं। ऐसा होता तो अमेरिका पूरी दुनिया पर राज कर रहा होता, क्योंकि उसकी सेना दुनिया की सबसे ताकतवर सेना है, उसके पास हथियारों का अकूत भंडार है। अब राजसत्ताओं को बारूद या बंदूक के जरिए नहीं बदला जा सकता। बारूद और बंदूक के सहारे सत्ता बदलने वाला तंत्र इसीलिए पस्त हो गया। लेकिन वैचारिक लड़ाई करने वालों को समानांतर खड़ा मजबूत वैचारिक तंत्र ही मात दे सकता है। दूसरी बात यह है कि वैचारिक तंत्र को जहां से खाद-पानी मिलता है, उस स्रोत को ही खत्म करके वैचारिकी को काबू में किया जा सकता है। वैचारिकी की बुनियाद पर जहर फैलाने वाले लोगों को सामाजिक तौर पर अलग-थलग करना भी इसे रोकने की रणनीति हो सकती है। जब तक ऐसे कदम नहीं उठाए जाएंगे, जंगलों और आदिवासी इलाकों की बंदूकें भले ही शांत हो जाएं, सामाजिक तौर पर वाम वैचारिकी मजबूत उपस्थिति बनाए रखेगी और अगर वह प्रभावी रही तो देर-सवेर किसी और रूप में फिर से लाल आतंक को सिर उठाने के लिए प्रेरित करेगी। इस नजरिए से भी इस समस्या और शहरी माओवाद या नक्सलवाद को भी देखना एवं परखना होगा।

अध्यात्म

## दुर्लभ मनुष्य जीवन

रेलवे स्टेशन के बाहर सड़क के किनारे कटोरा लिए एक भिखारी लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए अपने कटोरे में पड़े सिक्कों को हिलाता रहता और साथ-साथ यह गाना भी गाता जाता : गरीबों की सुनो वो तुम्हारी सुनेगा तुम एक पैसा दोगे वो दस लाख देगा, गरीबों की सुनो.. कटोरे से पैदा हुई ध्वनि व उसके गीत को सुन आते-जाते मुसाफ़िर उसके कटोरे में सिक्के डाल देते। सुना था, इस भिखारी के पुरखे शहर के नामचीन लोग थे। इसकी ऐसी हालत कैसे हुई यह अपने आप में शायद एक अलग कहानी हो। आज भी हमेशा की तरह वह अपने कटोरे में पड़ी चिल्हर को हिलाते हुए, ग़रीबों की सुनो वो तुम्हारी सुनेगा, वाला गीत गा रहा था। तभी एक व्यक्ति भिखारी के पास आकर एक पल के लिए ठिठकर रुक गया। उसकी नजर भिखारी के कटोरे पर थी, फिर उसने अपनी जेब में हाथ डाल कुछ सौ-सौ के नोट गिने। भिखारी उस व्यक्ति को इतने सारे नोट गिनता देख उसकी तरफ टकटकी बाँधे देख रहा था कि शायद कोई एक छोटा नोट उसे भी मिल जाए। तभी उस व्यक्ति ने भिखारी को संबोधित करते हुए कहा, अगर मैं तुम्हें हजार रुपये दूं तो क्या तुम अपना कटोरा मुझे दे सकते हो? भिखारी अभी सोच ही रहा था कि वह व्यक्ति बोला, अच्छा चलो मैं तुम्हें दो हजार देता हूँ। भिखारी ने अचंभित होते हुए अपना कटोरा उस व्यक्ति की ओर बढ़ा दिया और वह व्यक्ति कुछ सौ-सौ के नोट उस भिखारी को थमा उससे कटोरा ले अपने बैग में डाल तेज कदमों से स्टेशन की ओर बढ़ गया। इधर भिखारी भी अपना गीत बंद कर वहां से ये सोच कर अपने रास्ते हो लिया कि कहीं वह व्यक्ति अपना मन न बदल ले और हाथ आया इतना पैसा हाथ से निकल जाए और भिखारी ने इसी डर से फैसला लिया अब वह इस स्टेशन पर कभी नहीं आएगा, कहीं और जाएगा। रास्ते भर भिखारी खुश होकर यही सोच रहा था कि लोग हर रोज आकर सिक्के डालते थे, पर आज दो हजार में कटोरा! वह कटोरे का क्या करेगा? भिखारी सोच रहा था? उधर दो हजार में कटोरा खरीदने वाला व्यक्ति अब रेलगाड़ी में सवार हो चुका था। उसने धीरे से बैग की चैन खोल कर कटोरा टटोला, सब सुरक्षित था। वह पीछे छुटते नगर और स्टेशन को देख रहा था। उसने एक बार फिर बैग में हाथ डाल कटोरे का वजन भांपने की कोशिश की। कम से कम आधा किलो का तो होगा। उसने जीवन भर धातुओं का काम किया था। भिखारी के हाथ में वह कटोरा देख वह हैरान हो गया था। सोने का कटोरा? और लोग डाल रहे थे उसमें एक-दो के सिक्के। उसकी सुनार वाली आँख ने धूल में सने उस कटोरे को पहचान लिया था। ना भिखारी को उसकी कीमत पता थी और न सिक्का डालने वालों को पर वह तो जौहरी था, सुनार था। भिखारी दो हजार में खुश था और जौहरी कटोरा पाकर! उसने लाखों की कीमत का कटोरा दो हजार में जो खरीद लिया था। इसी तरह हम भी अपने अनमोल काया की उपयोगिता को भूले बैठे है और उसे एक सामान्य कटोरे की भाँति समझ कर कौड़ियां इक्कट्ठे करने में लगे हुए हैं। यह मानव जीवन बहुत ही दुर्लभ है, दुर्लभ होने के साथ-साथ क्षणभंगुर भी है। इसीलिए हमें यह अवसर बहुत जन्मों के बाद प्राप्त हुआ है और इस मनुष्य योनि के अवसर को हम चूक न जाए, हमें ऐसी सतर्कता रखनी चाहिए।

# डिजिटल युग मे हिंदी के सामने कई चुनौतियां हैं

**डिजिटल साधनों को विरोधी नहीं, सहयोगी बनाया जा सकता है। यदि तकनीक का प्रयोग हिंदी ब्लॉग, ई-पत्रिका, ऑडियो-पुस्तक और रचनात्मक लेखन मंचों के माध्यम से किया जाए, तो बच्चे उसी डिजिटल संसार में हिंदी से जुड़ सकते हैं, जहाँ वे पहले से सक्रिय हैं। वास्तव में भाषा केवल एक विषय नहीं, बल्कि संस्कृति, संवेदना और चिंतन की धुरी है। जब शब्द सशक्त होते हैं, तभी विचार स्पष्ट और प्रभावी बनते हैं। हिंदी को जीवंत बनाए रखना केवल शिक्षक का दायित्व नहीं, बल्कि अभिभावकों, विद्यालयों और समाज की भी साझा जिम्मेदारी है। यदि हम बच्चों को शब्दों का समृद्ध संसार दे पाएँ, तो वे अपने विचारों से भविष्य को और अधिक उज्ज्वल बना सकेंगे।**

**स्निग्धा**

मोबाइल की चमकती स्क्रीन पर सिमटती दुनिया में शब्दों की गहराई कहीं धीरे-धीरे धुंधली होती प्रतीत होती है। डिजिटल युग ने ज्ञान को हमारी उँगलियों तक पहुँचा दिया है; सूचना का विस्तार अभूतपूर्व है। परंतु भाषा से हमारा आत्मीय रिश्ता पहले जैसा सशक्त नहीं रहा। तकनीक आज जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुकी है–शिक्षा, संवाद, शोध और मनोरंजन–सब कुछ डिजिटल माध्यमों से जुड़ गया है। ऐसे में शिक्षण पद्धति में परिवर्तन स्वाभाविक है, किंतु इस परिवर्तन के बीच हिंदी भाषा का शिक्षण नई परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना कर रहा है।

एक हिंदी शिक्षिका के रूप में प्रतिदिन यह अनुभव होता है कि बच्चों के विचारों में कमी नहीं है। वे जिज्ञासु हैं, कल्पनाशील हैं, संवेदनशील भी हैं। परंतु जब उन विचारों को शब्दों में ढालने का समय आता है, तो वे ठिठक जाते हैं। हाल ही में, कक्षा में विद्यार्थियों से उनके मनपसंद विषय पर कुछ पंक्तियाँ लिखने को कहा। सभी के पास भाव थे, अनुभव थे, पर शब्द नहीं। कई विद्यार्थियों ने सहज भाव से कहा– 'सोच तो है, पर लिखने के लिए शब्द नहीं मिलते।' उस क्षण यह स्पष्ट हुआ कि समस्या प्रतिभा की नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति की है।

डिजिटल माध्यमों ने संवाद को त्वरित और संक्षिप्त बना दिया है। चैट भाषा, इमोजी और मिश्रित भाषायी प्रयोग (हिंग्लिश) का प्रभाव बच्चों की हिंदी शब्दावली को सीमित कर रहा है। लंबे वाक्य लिखने की प्रवृत्ति कम हो रही है। शुद्ध वर्तनी और व्याकरणिक सावधानी पर ध्यान घटता जा रहा है। 'है' और 'हैं', 'क्योंकि' और 'क्युकी', 'वहाँ' और 'वहा' जैसे सरल शब्दों में भी भ्रम देखने को मिलता है। कई बार बच्चे अपनी त्रुटियाँ पहचानने में भी असमर्थ होते हैं। जब भाषा की बुनियाद कमजोर होती है, तो आत्मविश्वास भी प्रभावित होता है।

वर्तमान शैक्षिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि देश के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालय, जो केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध हैं, अपनी शिक्षण पद्धति में मुख्य रूप से अंग्रेजी माध्यम का उपयोग करते हैं। यद्यपि यह बोर्ड हिंदी माध्यम के विद्यालयों को भी पूरी मान्यता प्रदान करता है, फिर भी व्यवहार में अधिकांश विद्यार्थी अन्य विषयों का अध्ययन अंग्रेजी में करते हैं। यह स्वाभाविक है कि विद्यार्थी जिस भाषा में विज्ञान या गणित जैसे विषय पढ़ते हैं, वे उसी में अधिक सहज हो जाते हैं। परिणामस्वरूप, हिंदी उनके लिए अभिव्यक्ति का माध्यम कम और केवल एक 'विषय' अधिक बनकर रह जाती है।

अभिभावकों की प्राथमिकताओं में भी अंग्रेजी का



महत्व बढ़ा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को वैश्विक अवसरों के लिए सक्षम बनाना है। इस प्रयास में अनजाने में घर और विद्यालय दोनों स्थानों पर हिंदी के सक्रिय प्रयोग और पठन के अवसर सीमित हो जाते हैं। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि समस्या किसी अन्य भाषा के अस्तित्व से नहीं है। बहुभाषिकता हमारे देश की शक्ति है। अंग्रेज़ी सहित अन्य भाषाओं का ज्ञान आवश्यक है। किंतु जिस भाषा में बच्चा अपने परिवेश को समझता है और भावनात्मक रूप से जुड़ता है, उसमें दक्षता उसके चिंतन को गहराई प्रदान करती है। यही कारण है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 प्रारंभिक स्तर पर मातृभाषा अथवा स्थानीय भाषा में शिक्षण को महत्व देती है, क्योंकि भाषा ही विचारों की आधारशिला है।

समाधान निराशा में नहीं, संतुलन में है। यदि हिंदी को केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित न रखकर जीवन से जोड़ा जाए, तो वह पुनः बच्चों के लिए सहज और रोचक बन सकती है। कहानी-कथन, समूह-चर्चा, भूमिका-अभिनय, वाद-विवाद, रचनात्मक लेखन और काव्य-पाठ जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों के शब्द-भंडार और आत्मविश्वास को सुदृढ़ कर सकती हैं। विद्यालयों में नियमित पठन-अभियान, 'दिन का शब्द' जैसी पहलें और पुस्तकालय संस्कृति का सशक्तिकरण भी महत्त्वपूर्ण कदम हो सकते हैं।

डिजिटल साधनों को विरोधी नहीं, सहयोगी बनाया जा सकता है। यदि तकनीक का प्रयोग हिंदी ब्लॉग, ई-पत्रिका, ऑडियो-पुस्तक और रचनात्मक लेखन मंचों के माध्यम से किया जाए, तो बच्चे उसी डिजिटल संसार में हिंदी से जुड़ सकते हैं, जहाँ वे पहले से सक्रिय हैं।

वास्तव में भाषा केवल एक विषय नहीं, बल्कि संस्कृति, संवेदना और चिंतन की धुरी है। जब शब्द सशक्त होते हैं, तभी विचार स्पष्ट और प्रभावी बनते हैं। हिंदी को जीवंत बनाए रखना केवल शिक्षक का दायित्व नहीं, बल्कि अभिभावकों, विद्यालयों और समाज की भी साझा जिम्मेदारी है। यदि हम बच्चों को शब्दों का समृद्ध संसार दे पाएँ, तो वे अपने विचारों से भविष्य को और अधिक उज्ज्वल बना सकेंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
काम का दबाव कम होगा। अधूरे कार्य समय पर पूर्ण कर लेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अत्यन्त सक्रिय रहेंगे। नयी कार्य योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे।

**वृषभ**
राजनीतिक लोग कोई बड़ा कूटनीतिक निर्णय ले सकते हैं। अपनी बात एकदम खुले तौर पर कहने के बजाय सावधानीपूर्वक कहें।

**मिथुन**
समाज में आपकी प्रशंसा होगी। धर्म के प्रति आपके मन में श्रद्धा में वृद्धि होगी। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में हो सकते हैं। जॉब में आपके अनुकूल काम मिलेगा।

**कर्क**
पारिवारिक वातावरण शान्त रहेगा। आप कुछ अच्छे अवसरों को खो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में अनुशासन का ध्यान रखें। अपनी गलतियों को सुधारें।

**सिंह**
कार्यशैली में परिवर्तन भी कर सकते हैं। जॉब में आपका मनोबल बढ़ेगा। बच्चों और जीवनसाथी को समय अवश्य दें। मानसिक तनाव में कमी आयेगी।

**कन्या**
सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। मन में कई सारी योजनायें चलती रहेंगी। व्यस्तता के बावजूद आप आज स्वयं के लिये समय निकालेंगे।

**तुला**
वैवाहिक जीवन में अनबन हो सकती है। अपनी बातों को मनवाने के लिये अधिक जोर न दें। यदि कोई आपकी बात काटता है, तो उस पर कुपित न हों।

**वृश्चिक**
तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। आज आप थोड़े दिशाहीन हो सकते हैं। लेकिन फिर भी आपके काम में प्रगति होगी। भोग-विलास में वृद्धि होगी।

**धनु**
अचानक धन लाभ हो सकता है। पारिवारिक समारोह में शामिल हो सकते हैं। निजी रिश्तों को लेकर भावुक रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप घूमने जा सकते हैं।

**मकर**
स्वास्थ्य पर धन खर्च हो सकता है। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधायें आने की आशंका है। जीवनसाथी का अनादर न करें। विरोधियों से सावधान रहें। धन की आमदनी के नये मार्ग खुल सकते हैं।

**कुंभ**
परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। जीवनसाथी से दिल की बातें शेयर कर सकते हैं। अधूरे कार्यों को समेटने में लगे रहेंगे।

**मीन**
दिनचर्या थोड़ी असन्तुलित रहेगी। दिखावे पर धन खर्च हो सकता है। गलत संगत के कारण आपको हानि हो सकती है। परिजनों की भावनाओं का ध्यान रखें।

# दोनों बार एसोसिएशनों को मिलेगी ई-लाइब्रेरी की सुविधा : मुख्य न्यायाधीश

## केस प्रबंधन प्रणाली का कड़ाई से अनुपालन करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू ने रविवार को जिला अतिथि गृह में जिला न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत पांडेय, प्रधान न्यायाधीश (परिवार न्यायालय), जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशगण, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष सहित बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव, लोक अभियोजक, सरकारी अधिवक्ता तथा अधिवक्तागण भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने न्यायिक कार्यों में तेजी लाने तथा वादियों को समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने पाँच वर्षों से अधिक समय से लंबित मामलों के शीघ्र निपटान हेतु स्पष्ट निर्देश दिए तथा केस प्रबंधन प्रणाली का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही गवाहों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा समन एवं अन्य प्रक्रियाओं की त्वरित तामील सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे अनावश्यक स्थगन से बचा जा सके। न्यायाधीश ने नए कोर्ट परिसर के लिए 10 एकड़ जमीन चिह्नित करने का निदेश जिला पदाधिकारी को दिया। साथ ही न्यायिक पदाधिकारियों के लिए बन रहे आवास को भी जल्द से जल्द पूर्ण कराने को कहा। पुलिस अधीक्षक को बम की धमकियों से निपटने हेतु नियमित मॉक ड्रिल, प्रवेश व्यवस्था की समीक्षा तथा संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही, न्यायपालिका एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। एसिड अटैक पीड़ितों को निर्धारित नियमों एवं योजनाओं के अंतर्गत समय पर मुआवजा प्रदान करने पर भी बल दिया तथा यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी प्रक्रियागत विलंब के कारण वंचित न रह जाए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज्य के सभी जिलों में वी डब्लू डी सीएस स्थापित किए जा चुके हैं और उनके प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। बार एसोसिएशन द्वारा उठाए गए मुद्दों जैसे पुस्तकालय उन्नयन, चेंबर आवंटन एवं ई-फाइलिंग सुविधा पर न्यायाधीश ने गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। दोनों बार एसोसिएशन में जल्दी ई-लाइब्रेरी बनाने का भी निदेश दिया गया। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से लोक अदालत एवं अन्य वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र में सक्रिय सहयोग की अपील की, जिससे लंबित मामलों का शीघ्र एवं सुलभ निपटान सुनिश्चित हो सके। 9 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत में अधिकतम मामलों की पहचान कर उनके निपटान का भी आह्वान किया। साथ ही इसकी व्यापक प्रचार प्रसार करने का भी निदेश मुख्य न्यायाधीश ने दिया। इस अवसर पर उनके साथ धर्मपत्नी एवं न्यायमूर्ति गुन्नू अनुपमा चक्रवर्ती, न्यायमूर्ति सुरेन्द्र पांडेय एवं न्यायमूर्ति रितेश कुमार अपने-अपने जीवनसाथियों के साथ तथा पटना उच्च न्यायालय के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर जिलाधिकारी ने झोंकी ताकत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के संभावित मुंगेर के तारापुर आगमन को लेकर आज जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा तारापुर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया। आगामी 26 अप्रैल को मुख्यमंत्री द्वारा तारापुर में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों में शिरकत करने तथा सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 26 अप्रैल को मुख्यमंत्री असरगंज प्रखंड के बैजलपुर में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। साथ हीं ढ़ोल पहाड़ी को पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने हेतु ढ़ोल पहाड़ी स्थित मंदिर प्रांगण में इकोटूरिज्म का शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री का तारापुर स्थित अतिथि गृह सिंचाई भवन में आमजन द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बाद सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। उनके आगमन को लेकर सारी व्यवस्थाएं शुरू कर दी गई है। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था हेतु सभी महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। शपथ ग्रहण के बाद पहली बार मुख्यमंत्री अपने गृह जिला आ रहें हैं। उनके आगमन को लेकर लोगों में भी काफी हर्ष देखा जा रहा है। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी तारापुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# अतिक्रमणकारियों पर चला नप प्रशासन का हथौड़ा

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** देर से ही सही पर नगर परिषद प्रशासन सोमवार को पूरे एक्शन में दिखी। जुबली बेल चौक से 6 नंबर गेट तक शहर में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। अतिक्रमण मुक्त अभियान का नेतृत्व कर रहे नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम आम हो या खास सभी तरह दुकानदारों जो सड़क का अतिक्रमण कर अपनी दुकान मकान को बढ़ाने वाले लोगों पर जुर्माना करते हुए उनके दुकान एवं मकान को अतिक्रमण मुक्त करवाया। इधर नगर परिषद प्रशासन की ओर से किए गए कार्रवाई से शहर में हर काम का माहौल देखा गया। इधर अतिक्रमण अभियान के दौरान किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं हो इसको लेकर जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान अपनी पूरी टीम के साथ सड़कों पर चौकस दिखे। अतिक्रमण मुक्त अभियान के दौरान जहां दर्जनों दुकानों से एक से दो का जुर्माना काटा गया। वही बड़े जुर्माना के लिए कुछ दुकानदारों को नोटिस भी किया गया।

# तिलोकचंद कोठारी ने बाबा रामदेव पीर के दर्शन कर लिए आशीर्वाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जयपुर।** बाबा रामदेव पीर जी के प्रति गहरी आस्था और अटूट श्रद्धा रखने वाले समाजसेवी और बॉलीवुड फिल्म निर्माता श्री तिलोकचंद कोठारी ने एक बार फिर से बाबा रामदेव पीर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पिछले 38 वर्षों से लगातार बाबा के दर्शन के लिए पैदल यात्रा कर रहे तिलोकचंद ने बताया कि उनकी हर मनोकामना बाबा रामदेव पीर की कृपा से पूर्ण होती रही है। तिलोकचंद ने बताया कि वे पिछले 11 वर्षों से हर हर महीने की शुक्ल पक्ष की दूज के पावन अवसर पर, चाहे वे देश के किसी भी कोने में हों, हर हाल में बाबा रामदेव पीर पहुंचकर बाबा के दर्शन करते हैं। अब तक वे 132 एक सौ बत्तीस दूज के मासिक दर्शन पूर्ण कर चुके हैं, जो अपने आप में एक अनूठा संकल्प और अनुशासन का उदाहरण है। इस अवसर पर उन्होंने बाबा रामदेव पीर के जीवन पर एक बॉलीवुड हिंदी फिल्म बनाने की घोषणा भी की। इस फिल्म में बाबा रामदेव पीर के जीवन से जुड़े धार्मिक, सामाजिक और जनकल्याण के कार्यों को प्रमुखता से दर्शाया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों तक बाबा के संदेश और चमत्कार पहुंच सकें। तिलोकचंद ने बताया कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि उनकी अटूट श्रद्धा, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है।

# वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव की पूर्व संध्या पर आयोजित होगा जनसंवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा (भोजपुर)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय पूर्ववर्ती छात्रसंघ एवं शाहाबाद सिविल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यसमिति एवं आमंत्रित सदस्यों की बैठक आरा क्लब आरा में दिन के 03:00 से संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता प्रो0 नन्दजी दूबे ने की। बैठक की कार्यवाही की जानकारी देते हुए पूर्ववर्ती छात्र संघ के महासचिव डॉ0 शशि कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 22 अप्रैल 2026 को आरा क्लब, आरा में दिन के 02:00 बजे से जनसंवाद आयोजित किया जाएगा। जनसंवाद में परिचर्चा का विषय 1857 का शौर्य : वीर कुंवर सिंह की वीरता और बलिदान होगा। जनंसवाद में विशेष अतिथि के रूप में शिक्षाविद् एवं वीर कुंवर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो- (डॉ-) के0 सी0 सिन्हा, प्रो- (डॉ-) सैतयद मुमताजुद्दीन भाग लेंगे। अध्यक्षता जय प्रकाश विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो- (डॉ-) दुर्गविजय सिंह करेंगे। माननीय विधायकगण, माननीय विधान पार्षदगण, माननीय पूर्व विधायक एवं पूर्व विधान पार्षदगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति जनसंवाद के विशिष्ट अतिथि होगें। वक्ताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण किए पूर्ववर्ती छात्र आज पूरे देश में अपने विलक्षण प्रतिभा से विश्वविद्यालय का नाम रौशन कर रहे हैं। लेकिन वर्तमान में शाहाबाद में शिक्षा एवं शैक्षणिक संस्थाओं के कार्य प्रणाली में गिरावट आई है। हमें उम्मीद है कि वे शाहाबाद के शैक्षणिक संस्थाओं तथा विश्वविद्यालय को सुचारू रूप से संचालन में अपना सहयोग प्रदान करेंगे ताकि वे वीर कुंवर सिंह के नाम को रौशन करने के लिए उनके नाम पर स्थापित वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के गौरव और गरिमा को स्थापित करने में सफल हो सकेंगे। बैठक में, प्रो0 नंदजी दूबे, पूर्व डीन, प्रो0 पारस राय, क्षत्रिय स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र सिंह, डॉ0 जितेन्द्र शुक्ला, गुन्जय कुमार, डॉ0 भूपेन्द्र सिंह, डॉ0 जंगी सिंह, ओम प्रकाश मुन्ना, शशि कान्त तिवारी, डॉ0 विमल कुमार सिंह, अमरेन्द्र कुमार, भास्कर मिश्रा, निं?ल कुमार, चतुरानन ओझा, डॉ0 जैनेन्द्र कुमार, देवेन्द्र प्रसाद यादव एडवोकेट, सुनील कुमार, इत्यादि ने भाग लिया।

# सेंट जोसेफ की छात्रा जया ने सीबीएसई की दसवीं परीक्षा में लाए 97 फीसदी अंक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के विद्युत परियोजना के सेंट जोसेफ स्कूल की छात्रा जया कुमारी ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक लाकर लड़कियों की श्रेणी में सर्वोच्च स्थान प्राप्त की है। जया कुमारी कहलगांव विधुत परियोजना के अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन विभाग) के आप्त सचिव जीवन कुमार की पुत्री है। जबकि उसकी माता ममता कुमारी कहलगांव शहर के पकड़तल्ला स्थित सेंट जोसेफ स्कूल की शिक्षिका हैं। इधर जया कुमारी ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के अच्छे संस्कार, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। जया की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए कहलगांव परियोजना के समस्त कर्मियों ने उनके माता-पिता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# राजद उम्मीदवार सोनू राय तथा जदयू के उम्मीदवार कन्हैया प्रसाद ने भरा नामांकन पर्चा

## भोजपुर सह बक्सर विधान परिषद उप चुनाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**आरा।** भोजपुर-सह-बक्सर बिहार स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन 2026 के अंतर्गत सोमवार को कुल 3 (तीन) अभ्यर्थियों द्वारा नामजदगी का पर्चा दाखिल किया गया। आज नामांकन करने वाले अभ्यर्थियों में महागठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार सोनू राय, एनडीए समर्थित जदयू के उम्मीदवार कन्हैया प्रसाद ने अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। वही निरंजन कुमार राय ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि अब तक कुल 4 (चार) अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया जा चुका है। नामांकन की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा रही है। बता दें कि 23 अप्रैल (गुरुवार) 2026 को नामांकन करने की अंतिम तिथि है। 24 अप्रैल (शुक्रवार) को नामांकनों की जांच होगी। 27 अप्रैल (सोमवार) तक उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि है। 12 मई (मंगलवार ) 26 को मतदान होगा। मतदान सुबह 8 से शाम 4 बजे तक चलेगा। 14 मई (गुरुवार) 2026 को वोटो की गिनती होगी।

# आम लोगों की समस्या समाधान को लेकर आयुक्त ने दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** आयुक्त मुंगेर प्रमंडल मुंगेर प्रेम सिंह मीणा के सोमवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार में आम लोगों की समस्याओं को सुना गया तथा उसके समाधान के लिए सम्बंधित पदाधिकारियो को निर्देशित किया गया। मुंगेर प्रमंडल के विभिन्न जिलों से कुल 09 आवेदन क्रमशः मुंगेर जिले से नौ आवेदकों ने आयुक्त के समक्ष अपनी शिकायतो को रखा। जिसे सुनने के बाद प्रमंडलीय आयुक्त ने उसके समाधान का निर्देश दिया। इसमें भूमि विवाद और अन्य जनहित से जुड़े मुद्दे शामिल थे। आयुक्त महोदय ने सुनवाई के क्रम में प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें एवं आवेदनों में दिए गए विषयो को नियमो एवं विभागीय निदेशो के अनुरूप निष्पादित कर उसका प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बाल विवाह की रोकथाम को लेकर मनाया गया सतर्कता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चांदन (बांका)।** जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाहों की रोकथाम के लिए काम कर रहे संगठन मुक्ति निकेतन ने अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया। इसमें बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) व आशा यूनिटों ने भी अपना सहयोग दिया और जिले में बाल विवाह की रोकथाम का संकल्प दोहराया। मुक्ति निकेतन, जिला प्रशासन, पंचायतों, विद्यालयों और धर्मगुरुओं के साथ मिलकर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए स्कूलों, पंचायतों और गांवों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहा है और जिले में हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। संगठन खास तौर से बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील अक्षय तृतीया जैसे विवाह मुहूर्त पर प्रशासन व सरकार के सहयोग से इसकी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाता रहा है। मुक्ति निकेतन देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक लोगों व समाजिक संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। जिले में अब तक बाल विवाह के खिलाफ अभियान की सफलता पर संतोष जाहिर करते हुए मुक्ति निकेतन के सचिव चिरंजीव कुमार सिंह ने कहा कि अक्षय तृतीया के शुभ दिन की आड़ में बाल विवाह जैसे अपराध को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन व संगठनों की सतर्कता से अब अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाहों की संख्या में खासी कमी आई है लेकिन हमें इसे पूरी तरह रोकने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने कहा कि चंद वर्षों पहले तक लोगों को यह भी नहीं पता था कि नाबालिग बच्चों की शादी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए) 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है।

# पूर्व रेलवे ने टिकट जांच प्रदर्शन में दर्ज किया उल्लेखनीय सुधार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और वैध यात्रियों के लिए परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सतत प्रयास कर रही है। इसके तहत ट्रेन डिब्बों में अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए विभिन्न खंडों में नियमित एवं सघन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। ये अभियान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक उदय शंकर झा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे हैं। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर ने संबंधित अधिकारियों को अनधिकृत यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सक्रिय कदम उठाने तथा बिना टिकट यात्रा की समस्या को कम करने के लिए जागरूकता अभियानों को और तेज करने की सलाह दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, पूर्व रेलवे ने टिकट जांच प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है, जो रेलवे राजस्व की सुरक्षा और अनुशासित यात्रा को बढ़ावा देने के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को पुनः पुष्टि करता है।

मुख्य उपलब्धियां : टिकट जांच से आय : पूर्व रेलवे ने अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान 100.67 करोड़ की आय अर्जित की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 24.74% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है।

**कुल दर्ज मामलें :** अवैध/बिना टिकट यात्रा के कुल 24.39 लाख मामलें दर्ज किए गए , जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.37% की वृद्धि दर्शाता है।

**परिचालन संबंधी पहल एवं कर्मचारियों का प्रदर्शन :** पूर्व रेलवे के टिकट जाँच कर्मचारियों ने वैध यात्रियों की गरिमा बनाए रखते हुए अनधिकृत यात्रा को रोकने में उत्कृष्ट समर्पण का प्रदर्शन किया है। पूर्व रेलवे ने नियमित घोषणाओं और जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से यात्री जागरूकता अभियानों को भी तेज किया है, जिसमें संदेश दिया जा रहा है – वैध टिकट के साथ यात्रा करें ऽ जिम्मेदार रेल उपयोगकर्ता बनें। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम मांझी ने सभी यात्रियों से वैध टिकट के साथ यात्रा करने और असुविधा एवं जुर्माने से बचने के लिए उचित पहचान पत्र साथ रखने की अपील की है। रेलवे सभी यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और सुलभ यात्रा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# परशुराम जयंती पर निकाली समरसता यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जयमंगला वाहिनी परिवार द्वारा बाबा परशुराम के जन्मोत्सव पर नौ वर्षों से लगातार 65 किलोमीटर का समरसता धर्म यात्रा निकाली गई। जो जयमंगला गढ़ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुआ। इस यात्रा में दो सौ बाइक सवार युवा भगवा ध्वज लहराते हुए जिधर से निकले, लोगों का हुजूम बढ़ता गया। जगह-जगह पर बनारस से आये हुए कलाकारों के द्वारा झांकी की प्रस्तुति दी गयी जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया। हर प्रमुख जगहों मंझौल, राजौरा, मोहनपुर, पन्हास, सुभाष चौक, हर-हर महादेव चौक, जीरो माइल, बीहट, सिमरिया में काफिले में जुड़ते गए बाइक सवार। नगर निगम के पूर्व महापौर संजय सिंह, समाजसेवी सोनू शंकर,विंग कमांडर रंजीत कुमार ने युवाओं का मनोबल बढ़ाते हुए बिहार की सबसे लंबी समरसता धर्मयात्रा के लिए बधाई दिया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे अवनीश कुमार और अंचल गौतम ने कहा की अक्षय तृतीया पर बाबा परशुराम धार्मिक समरसता यात्रा का आयोजन वर्ष 2017 से अनवरत रुप से चलती आ रही हैं। मोकामा स्थित भगवान परशुराम पौराणिक मंदिर में आयोजित राजकीय मेले के अवसर पर सम्पूर्ण जिलेवासियों के सहयोग से समरसता धर्म यात्रा निकाली जाती हैं। जिलाध्यक्ष महेश वत्स ने शोभा यात्रा में शामिल हो कर इसे सफल बनाने के लिए तमाम लोगों को बधाई देते हुए कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में अंचल गौतम, अमृत वत्स, अमन प्रियदर्शी, हरिओम, अभिजीत रंजन, सुमित कुमार, रजनीश सम्राट, अवनीश कुमार, कुणाल भारद्वाज, हरिओम, सुंदरम, सोनू सहित अन्य युवाओं ने अपना योगदान दिया है।


बिहार सरकार

**कार्यालय, नगर पंचायत, नवीनगर (औरंगाबाद)**

**बंदोवस्ती हेतु आम सूचना संख्या–02 / 2026–27**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, नवीनगर क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय **वर्ष 2026–27** के लिए सैरातों की बन्दोवस्ती खुले डाक द्वारा दिनांक – **01.05.2026 से 31 मार्च 2027** तक के लिए निम्नांकित शर्तों के अधीन **पूर्वा0 11:30 बजे** से नगर पंचायत, नवीनगर के सभा कक्ष में किया जायेगा –

**1. सैरात डाक संबंधी विवरण –**

| ग्रुप सं0 | बन्दोवस्ती का विवरण | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि | डाक की तिथि एवं समय | डाक की वैकल्पिक तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अस्थायी दैनिक दुकानों से दैनिक टॉल वसूली एवं मंगल बाजार – शनिचर बाजार हाट की बंदोवस्ती | 1075294.00 | 108000.00 | 29.04.2026 | 30.04.2026 |
| 02 | सवारी वाहनों से दैनिक पड़ाव शुल्क की वसूली | 658538.00 | 66000.00 | 29.04.2026 | 30.04.2026 |
| 03 | बस पड़ाव पर अवस्थित सुलभ शौचालय से सेवा शुल्क की वसूली | 29656.00 | 3000.00 | 29.04.2026 | 30.04.2026 |
| 04 | जनकपुर वार्ड सं0 – 05 सार्वजनिक शौचालय | 12000.00 | 1200.00 | 29.04.2026 | 30.04.2026 |
| 05 | श्षनिचर बाजार वार्ड सं0–09 सार्वजनिक शौचालय | 12000.00 | 1200.00 | 29.04.2026 | 30.04.2026 |

डाक समाप्ति के पश्चात सफल डाकवक्ता को **राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार , पटना के पत्रांक – 605, दिनांक –16.08.2018** के अनुसार उच्चतम डाक राशि का 6 प्रतिशत मुद्रांक शुल्क तथा निबंधन अधिनियम 1908 के अनुच्छेद A(3)(b) के अनुसार उच्चतम डाक राशि का 2 प्रतिशत की दर से निबंधन शुल्क की राशि को भी डाक राशि के साथ अलग से जमा करना होगा ।

अपरिहार्य कारणवश यदि दिनांक – **29.04.2026** को डाक संपन्न नहीं हो सका तो पुनः उपर्युक्त नियम / शर्तों के अधीन अगले कार्य दिवस **दिनांक–30.04.2026** को उपर्युक्त समय पर खुला डाक कराया जाएगा ।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
नगर पंचायत, नवीनगर

PR- 001236 (B & C) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय

**सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद**

(E-mail:- shlcdaurangabad@gmail.com)

इस कार्यालय का पत्रांक 415 दिनांक 25.03.2026 द्वारा निर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 05/2025–26 जिसका PR No- 027446 (WRD)2025-26 है को अपरिहार्य कारणवश संशोधन करते हुए इसका अवधि विस्तार किया जाता है जो निम्न प्रकार है :–

| क्र0 सं0 | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि दिनांक 10.04.2026 से 16. 04.2026 के अपराहन् 3:00 बजे तक (केवल वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर) | निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि दिनांक 27.04.2026 से 02.05.2026 के अपराहन् 3:00 बजे तक (केवल वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| 2. | प्री बिड मीटिंग की तिथि, दिनांक 13.04. 2026 समय 3:00 बजे अपराहन् में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद। | प्री बिड मीटिंग की तिथि, दिनांक 29.04.2026 समय 3:00 बजे अपराहन् में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद। |
| 3. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय दिनांक 16.04.2026 के अपराहन् 3:30 बजे (केवल वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर) | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय दिनांक 02.05.2026 के अपराहन् 3:30 बजे (केवल वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| 4. | नियम एवं शर्त के कंडिका 29 | विलोपित |

**निविदा में प्रकाशित अन्य नियम एवं शर्त पूर्ववत रहेंगी।**

(ई0 नवल किशोर कुमार)
**कार्यपालक अभियन्ता**
**सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद**
**मो0 नं0– 7463889727**

PR- 001231 (WRD) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**


CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### व्यापार मंडल अध्यक्ष बनने पर हरेंद्र प्रसाद यादव का स्वागत, आशीर्वाद यात्रा निकाली

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामपुर दक्षिणी के पैक्स अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव के चिरैया व्यापार मंडल का अध्यक्ष बनने पर सोमवार को क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया। बीडीओ डॉ. संजय



कुमार से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपने समर्थकों के साथ चिरैया बाजार में आशीर्वाद यात्रा निकाली। इस दौरान समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया और जगह-जगह मिठाइयां बांटी गईं। हरेंद्र प्रसाद यादव ने लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा और उनके विकास के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का भरोसा दिलाया। आशीर्वाद यात्रा के दौरान बाजार के कई प्रतिष्ठित व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समर्थक और आमजन शामिल रहे, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय बना रहा।

### तीन थाने की पुलिस की कार्रवाई में 104 किलो गांजा बरामद

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। सूचना मिली थी कि सीमावर्ती गांव रेंगनिया और अगरवा के बीच में गांजा की खेप छिपाकर रखी



गई है, जिसे तस्कर कहीं ले जाने की फिराक में हैं।इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उदयशंकर कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम में जितना के अपर थानाध्यक्ष शिवजी पासवान, घोड़ासहन थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार, झरोखर थानाध्यक्ष मो. असलम अंसारी, सशस्त्र बल और दंडाधिकारी सह बीडीओ श्याम कुमार विकास शामिल थे।संयुक्त छापेमारी के दौरान पुलिस ने भूसौली और पुआल में छिपाकर रखे गए गांजा के कुल 7 बंडल बरामद किए, जिनका कुल वजन 104.700 किलोग्राम बताया गया है।जिसका अनुमानित मूल्य दस लाख रुपए बताया गया बरामद गांजा को पुलिस ने जब्त कर लिया है।पुलिस अब संदिग्ध गांजा तस्करों की पहचान और सत्यापन में जुटी हुई है तथा आगे की कार्रवाई जारी है।

### दागी अभियुक्तों के साथ चौकीदार परेड सम्पन्न

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दागी अभियुक्तों एवं भ्रष्ट ग्रामीण पुलिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय थाना प्रभारी पूजा कुमारी ने हिदायत देते हुए कहा कि विभिन्न गांवों से पहुंचे चौकीदार अपने कार्य क्षेत्र अन्तर्गत अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को



अति शीघ्र सूचना दे ताकि समय रहते अपराधी पकड़ा जाय, अपने क्षेत्रों के ख्याल रखें, शराब कारोबारी सहित अन्य शराब पीने वालों को बख्शा नहीं जाएगा,सुखा नशा सेवन के आरोपी हो या खरीद फरोख्त करने व्यक्ति सभी अपराध की श्रेणी में आते हैं बिहार नशा मुक्त है और रहेगा,इन सभी बातों की जानकारी चौकीदारों की परेड में की गई, ग्रामीण पुलिस अपने अपने पुलिसिया ड्रेस में अप-टू-डेट थे, पांवों में जुते,कमर में बेल्ट तिरछी टोपी सभी एक सामान स्थिति में वर्तमान मौजूद थे, गुण्डा एक्ट के आरोपी दागी अभियुक्तों को गुण्डा परेड में शामिल कराया गया, अध्यक्षा ने सभी पुलिस कर्मियों को चेतावनी दी कि हर हाल में एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, शराब रिकवरी करने में सहयोग अपेक्षित है,

### फिजिशियन सैंपल की दवा गरीबों के बांटी

अधिकांश दवा एक्स पाईरिग होने की संभावना।

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एस आर पी रक्सौल के द्वारा आदापुर स्टेशन से सटे पुर्व रेलवे ढाला के पास एक आकस्मिक चिकित्साल्य खोला गया है जहां उदधाटन के समय गरीबों को बहला फुसलाकर मुफ्त दवा देने के नाम पर बरगलाया जा रहा है, आज विधिवत उद्घाटन करने के बाद लोगों की भीड़ अचानक बढ़ गई, जिन्हें डाक्टरों के द्वारा बीपी जांच, चीनी जांच के अलावे अल्ट्रासाउंड निजी क्लिनिक से करावाया, लोगों ने अपने उम्मीद पर पानी फेर लिए क्योंकि एस आर पी हास्पिटल के द्वारा जांच कर ईलाज के दौरान सभी दवाईयां न देकर खन्ना पूर्ति की गई,हर मरीज को एक से अधिक दवा न देकर सिर्फ प्रशंसा बटोरी गई, पत्रकारों के द्वारा पूछ ताछ करने पर उत्तेजित हो झगड़ा करने पर उतारू हो गए,और सन्मार्ग रिपोर्टर को धमकाने की कोशिश की गई, विधिवत उद्घाटन के समय आगंतुक मरीजों को दवा का भी इंतजाम की गई थी लेकिन सभी फाजिसियन दवा अपने रूप-रंग से गायब है, तथा दवा की क्वालिटी में गुणवत्ता नहीं है, एक व्यक्ति नाम नहीं छापने के आधार पर बताया कि बहुत से दवा, मिलने के बाद सिर्फ खोखे ही है दवा नदारद है, कुछ समाज सेवी लोगों सराहना की तो कुछ ने अपने एस आर पी अस्पताल की प्रचार प्रसार की कमाने का,जरिया बताया,वैसे तो रेलवे ढाले के कयी अस्पताल भी मौजूद है।

### जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं, कई मामलों का मौके पर निपटारा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थित समाहरणालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी पहल की। सबका सम्मान जीवन आसान अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।कुल 30 मामलों पर सुनवाई की गई, जिनमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी समस्याएं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण व मरम्मत तथा राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने कई जटिल मामलों में मौके पर ही हस्तक्षेप कर समाधान सुनिश्चित किया, जिससे फरियादियों को तत्काल राहत मिली।जनसुनवाई में निरंजन साहा, ललिता देवी, प्रेम कुमार दास, पूनम देवी, रामबालक साह, संगीता देवी, मंजू देवी, नंदलाल प्रसाद, कमलेश्वर प्रसाद, राधा यादव और असगरी बेगम सहित कई नागरिक शामिल हुए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष मामलों का निष्पादन समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी न हो। इस दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर अपर समाहर्ता श्री राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनगणना के प्रथम चरण स्व गणना को लेकर डीएम ने की बैठक

**शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज जैसे बड़े विभाग के पदाधिकारी नियमित रूप से करें स्व गणना के प्रगति की समीक्षा**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में जनगणना- 2027 के प्रथम चरण के कार्यों की समीक्षा की गई एवं इसके अंतर्गत स्व गणना के कार्य को प्राथमिकता देते हुए सभी पदाधिकारी एवं कर्मिगण को निर्देश दिया गया कि एक से दो दिनों में सभी पदाधिकारी जनगणना संबंधी स्व गणना के कार्य को पूर्ण करें एवं इससे संबंधित साक्ष्य स्वरूप फोटो जिला प्रशासन ग्रुप पर अपलोड करें। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्होंने स्वयं अपना स्व गणना का कार्य पूर्ण कर लिया है। उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता एवं अन्य वरीय पदाधिकारी गण के द्वारा भी स्व गणना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपना एवं अपने अधीनस्थ कर्मियों का स्व गणना शीघ्र पूर्ण कर लें। डीपीएम जीविका को निर्देश दिया गया कि जिले में जीविका दीदी से उनका स्वगणना का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराएं। वहीं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास, पंचायती राज विभाग एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने अधीनस्थ सभी कर्मियों का स्व गणना कराना सुनिश्चित करें एवं इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रखंड स्तर पर पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों की बैठक कर उनके माध्यम से भी जन जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों से स्व गणना करने का अनुरोध किया जाए। नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी एवं सभी नगर पंचायत/परिषदों के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वार्ड पार्षद एवं निगम कर्मियों की बैठक कर स्व गणना संबंधी कार्य को पूर्ण करने सभी नागरिकों से इस कार्य हेतु अनुरोध किया जाए एवं लोगों को इस कार्य को करने के लिए जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि राज्य में स्वगणना का कार्य विगत 17 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है और यह 01 मई 2026 तक चलेगा। जिलाधिकारी ने जिला वासियों से अपील की है कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

## जेपी सेनानी स्व. चंदेश्वर सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित, सैकड़ों लोगों ने किया नमन



**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के भोरहोपुर गांव निवासी समाजसेवी, समाजवादी नेता, जेपी सेनानी एवं पूर्व प्रधानाध्यापक स्वर्गीय चंदेश्वर सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन विभिन्न जगहों पर किया गया। उनके पैतृक आवासीय परिसर भोरहोपुर सहित छपरा शहर के प्रभुनाथ नगर स्थित चांदमारी रोड के वीआईपी कॉलोनी में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अधिवक्ता व बुद्धिजीवी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माकपा नेता कामरेड अरुण कुमार ने की। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने स्व. सिंह के तैलचित्र पर न श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व. चंदेश्वर सिंह ने अपने जीवनकाल में शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वक्ताओं ने बताया कि स्व. सिंह समाजवादी विचारधारा के प्रबल समर्थक थे और वर्ष 1974 के जेपी आंदोलन तथा कपूर्री ठाकुर के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। इस दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। उन्होंने हमेशा गरीबों, किसानों और शोषितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। सभा में उनके ईमानदार, कर्मठ और संघर्षशील जीवन को याद करते हुए लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## राज्य स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप जीतकर एकमा लौटी तारा

**मुख्य पार्षद सहित अन्य लोगों ने किया भव्य सम्मान**



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लखीसराय स्थित आरके हाई स्कूल खेल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 में मुजफ्फरपुर टीम की ओर से खेलते हुए एकमा नगर पंचायत वार्ड संख्या 13 निवासी तारा पंडित ने शानदार प्रदर्शन कर टीम को खिताब दिलाया। उनके दमदार खेल की बदौलत टीम चैंपियन बनी, जिससे एकमा सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। तारा की इस उपलब्धि को लोगों ने क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणादायक बताया। रविवार को एकमा पहुंचने पर उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। नगर पंचायत एकमा बाजार की मुख्य पार्षद श्वेता रानी ने तारा पंडित को मिठाई खिलाकर, फूल-माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि तारा ने एकमा का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया है और भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर भी क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर उप मुख्य पार्षद रानू कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अवधेश यादव, विजय सिंह, शिक्षक उपेंद्र कुमार यादव, संजय यादव, भोला बैठा, पंकज सिंह, सुधांशु कुमार, राजू पंडित, अवधेश सिंह, अजय पंडित, आरके सिंह सहित बड़ी संख्या में लोगों ने तारा को बधाई दी।

## माधोपुर में कृषि नवाचार की नई दिशा : वार्षिक कार्ययोजना कार्यशाला का शुभारंभ

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, माधोपुर में सोमवार को दो दिवसीय 'वार्षिक कार्ययोजना कार्यशाला-2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-अटारी, जोन-पटना एवं डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक प्रसार शिक्षा, पूसा के डॉ. आर. के. झा, अटारी पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एम. मनीबुल्लाह एवं डॉ. डी. वी. सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. आर. के. झा ने कहा कि वर्ष 2026 की कार्ययोजना का मुख्य उद्देश्य जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाना और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है।

## डॉ. प्रेम प्रकाश स्टीफेन को दिल्ली में मिला डॉ.भीमराव अम्बेडकर अवॉर्ड



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छतौनी मिशन कॉलोनी निवासी डॉ. प्रेम प्रकाश स्टीफेन को कुष्ठ रोगी की सेवा के लिए दिल्ली में डॉ. अंबेडकर सम्मान से नवाजा गया। डॉ. प्रमोद पिछले पचास वर्षों से होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से कुष्ठ रोगियों का इलाज करते आ रहे हैं। भीमराव अम्बेडकर की 136 वीं जयंती के अवसर पर नई दिल्ली के कांटोसियन हॉल में आयोजित समारोह में प्रशस्ति पत्र -अवॉर्ड देकर डॉ. स्टीफेन को सम्मानित किया गया। डॉ. प्रेम प्रकाश स्टीफेन को मिले इस उपलब्धि उत्कृष्ट सेवा अवॉर्ड के लिए डॉ. प्रेम प्रकाश के आवास पर आयोजित एक स्वागत समारोह में सोमेश्वर दुबे, रवि मुखिया, डॉ. प्रमोद स्टीफेन, आशा रानी लाल, पूर्व प्राचार्य मदन प्रसाद, संजीव कुमार,समाज सेवी अजहर हुसैन अंसारी,राजीव श्रीवास्तव, बिपिन तिवारी,डॉ. लीली स्टीफेन ने इन्हे बधाईयां दी.इस अवसर पर वक्ताओं ने आजादी से पूर्व कुष्ठ रोगियों के साथ हो रहे अमानवीय बर्ताव की चर्चा की। पुराने जमाने में कुष्ठ रोगियों के गले में घंटी बांध दी जाती थी,घर से बाहर निकलने पर स्वयं को अशुद्ध अशुद्ध कहना पड़ता था ताकि आम लोग कुष्ठ रोगियों से दूरी बना सकें। डॉङ्क प्रेम प्रकाश स्टीफेन ने कुष्ठ रोगियों के बीच जाकर उनकी मरहम पट्टी की और इनलोगों की अनवरत सेवा की. इसी सेवा के उपलक्ष्य में उन्हें बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया । डॉ. प्रेम प्रकाश स्टीफेन ने अपने वक्तव्य में बताया कि उन्हें मुंशी सिंह कॉलेज,मोतिहारी के तत्कालीन प्राचार्य स्व. भोलानाथ सिंह ने एक पत्र भेज कर 'महात्मा' की उपाधि भी दी थी।

## व्यवसायी के हित में मोतिहारी चैंबर सदैव तत्पर है : अध्यक्ष महेश सिन्हा



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के 27 वीं कार्यकारिणी की चौथी बैठक होटल वी. के गार्डन बंजरिया पंडाल के सभागार में चैंबर अध्यक्ष महेश सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सभा की शुरूवात विशिष्ट आमंत्रित अतिथि शशिभुषण कुमार तथा उमेश प्रसाद का तालियों से स्वागत कर परिचय कराया। महासचिव आलोक कुमार ने गत बैठक के कार्यवाही की रिपोर्ट और गतिविधियों की रिपोर्ट सभा के समक्ष रखी। अध्यक्ष महेश सिन्हा ने कहा कि व्यवसाई के हित में मोतिहारी चैंबर सदैव तत्पर है और व्यावसायिक हित में सालों भर कार्य किया जाएगा, उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल की प्राथमिकता चैंबर भवन का निर्माण रहेगा। बैठक की शुरूवात पिछले महीने आयोजित चंपारण एक्सपो 2026 कार्यक्रम की समीक्षा के साथ शुरू हुई अध्यक्ष महेश सिन्हा ने सभी कार्यकारिणी सदस्य सभी प्रायोजक तथा सभी मीडिया बंधु को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को फिर अगले साल या इसी साल के अंत में आयोजित करने का कोशिश किया जाएगा। बैठक में ये निर्णय लिया गया कि अगले माह में नगर निगम से मिलकर ट्रेड लाइसेंस शिविर आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष महेश सिन्हा ने कहा कि मोतिहारी में विद्युत विभाग के द्वारा प्रतिदिन लोड शेडिंग, एवं ट्रांसफार्मर का तार जलने से व्यवसाई परेशान हैं,खास करके मेंन रोड में, इस पर भी चर्चा हुई और इस विषय को उच्च पदाधिकारी के समक्ष उठाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संयोजक मनीष कुमार निर्वतमान अध्यक्ष अंगद सिंह पुर्व अध्यक्ष बीरेंद्र जालान, रवि कृष्ण लोहिया, संजय जायसवाल, अनुपम जायसवाल, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता उप सचिव विनय देवकुलियार कार्यकारिणी सदस्य हेमंत कुमार, सुधांशु रंजन ,डॉ कमलेश कुमार चंदू मिश्रा उपस्थित रहे सभा का धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। तथा राष्ट्रगान के साथ सभा समाप्ति की घोषणा किया गया उक्त जानकारी महासचिव सह मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दिया।

## उप निदेशक द्वारा फसल कटनी प्रयोग का किया गया निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य फसल सहायता के निर्धारण एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए विभिन्न फसलों की उत्पादकता का निर्धारण करने हेतु फसल कटनी प्रयोग किया जाता है। पूर्वी चंपारण जिले के रब्बी गेहूं फसल की उत्पादकता आंकलन के लिए मोतिहारी सदर प्रखंड में रूलही पंचायत के रूलही राजस्व ग्राम में सुधीर कुमार के खेत में फसल कटनी प्रयोग किया गया है जिसका खेसरा नंबर 293 था। इस प्रयोग के प्रयोगकर्ता श्री रमण कुमार श्रीवास्तव, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, मोतिहारी सदर थे। सही एवं सटीक फसल की उत्पादकता आकलन हेतु फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण प्रखंड स्तर से निदेशालय स्तर के पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है।

## बगहा नगर परिषद में पार्क का अभाव, सड़कों पर ही मॉर्निंग वॉक को मजबूर लोग

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वर्ष 1974 में नगर परिषद की स्थापना के बाद से बगहा शहर में विकास के कई दावे किए गए, लेकिन आज तक एक भी सार्वजनिक पार्क का निर्माण नहीं हो सका है। स्थिति यह है कि शहरवासी सुबह की सैर और व्यायाम के लिए सड़कों का सहारा लेने को मजबूर हैं। इससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है और आए दिन लोग हादसों का शिकार भी हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को हो रही है। सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण के अभाव में लोग व्यायाम जैसी जरूरी गतिविधियों से भी वंचित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद को इस दिशा में गंभीर पहल करनी चाहिए, ताकि शहर को एक सुरक्षित सार्वजनिक स्थल मिल सके। शहरवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द पार्क निर्माण के लिए जमीन चिन्हित कर कार्य शुरू कराया जाए। इससे न केवल लोगों को सैर और व्यायाम की सुविधा मिलेगी, बल्कि शहर का पर्यावरण भी बेहतर होगा। मामले में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा ने बताया कि जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण अब तक पार्क निर्माण संभव नहीं हो पाया है। हालांकि, उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी बैठकों में इस पर विचार कर प्रस्ताव पारित करते हुए पहल की जाएगी।

## एईडीओ तृतीय चरण की परीक्षा के पहले दिन 600 में 215 अभ्यर्थी रहें उपस्थित

**दो पालियों में हुई परीक्षा, मंगलवार को एक पाली में होगा अंतिम दिन का आयोजन**



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (एईडीओ) की तृतीय चरण की परीक्षा के पहले दिन सोमवार को पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पहले दिन परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में सामान्य भाषा की परीक्षा में कुल 600 अभ्यर्थियों में से 216 उपस्थित रहे, जबकि 384 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में सामान्य अध्ययन की परीक्षा में 215 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 385 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि तृतीय एवं अंतिम चरण की परीक्षा का दूसरा दिन मंगलवार को एक ही पाली में आयोजित किया जाएगा। कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के लिए केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में प्रखंड कृषि पदाधिकारी वरुण कुमार एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी छौड़ादानों के मृत्युंजय कुमार तैनात रहे। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ढाका थाना के सब-इंस्पेक्टर जवाहर प्रसाद, सिपाही पुरुषोत्तम कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे। मौके पर उप केंद्राधीक्षक संतोष कुमार, शिक्षक कामेश्वर प्रसाद सिंह, जफर इमाम, रवि कुमार रवि, आदित्य राज, खालिद हसमुल्लाह, मनोज प्रसाद तथा लिपिक विनोद कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## भोरहोपुर कामाख्या माता मंदिर में नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु







**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के भोरहोपुर गांव स्थित कामाख्या माता मंदिर परिसर में नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा एवं शोभायात्रा के साथ श्रद्धा और उत्साह के बीच हुआ। ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के कई गांवों के श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखी गई, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें भोरहोपुर, सरयुपार, कोहड़गढ़, खानपुर, दुबे टोला और गंजपर सहित विभिन्न गांवों की महिलाओं ने सिर पर व हाथ में कलश धारण कर भाग लिया। गाजे-बाजे, झांकियों और अश्वारोहियों के साथ निकली यह शोभायात्रा यज्ञ स्थल से नगर भ्रमण करते हुए डुमाईगढ़ स्थित सरयू नदी घाट पहुंची। वहां यज्ञाचार्य बालकृष्ण अशुतोषाचार्य के मंत्रोच्चारण के बीच वैदिक विधि-विधान से जल भरकर श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। करीब एक किलोमीटर लंबी कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा मार्ग गूंज उठा। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धा के साथ कलश लेकर चल रही थीं, जिससे पूरे वातावरण में धार्मिक आस्था की अद्भुत छटा देखने को मिली। यज्ञ स्थल पहुंचने के बाद विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। पूर्व वार्ड सदस्य पिंटू सिंह ने बताया कि वाराणसी व अयोध्या से यज्ञाचार्य एवं संत-महात्माओं का आगमन हुआ है, जिनके सानिध्य में यह महायज्ञ संपन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से आयोजन को भव्य स्वरूप दिया गया है। यज्ञाचार्य बालकृष्ण अशुतोषाचार्य ने बताया कि सोमवार को कलश यात्रा, पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। 21 अप्रैल को दैनिक पूजन, अरणी मंथन एवं जलाधिवास जैसे वैदिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आगामी दिनों में प्रतिदिन पूजा-पाठ, हवन, श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ मंडप की परिक्रमा, प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 अप्रैल को विधिवत हवन-यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ महायज्ञ की पूणार्हुति होगी। इस आयोजन को सफल बनाने में भोरहोपुर नगर पंचायत सहित पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा है। महायज्ञ के आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महायज्ञ में भाग लेने एवं धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

CMYK

## एक नजर

### रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में 31 कन्याओं को विवाह सामग्री का वितरण



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को कन्यादान महा कल्याण ट्रस्ट की ओर से 31 जरूरतमंद कन्याओं को विवाह सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, चौबड़ा पंचायत समिति प्रतिनिधि जुबैर अंसारी, ट्रस्ट अध्यक्ष रवि लाल, सिकंदर दास, मनीष सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से कन्याओं को अलमारी, ट्रंक, तोषक, रजाई , श्रृंगार, कपड़े, कुर्सी-टेबल समेत अन्य आवश्यक घरेलू सामग्री वितरित की। ट्रस्ट के अध्यक्ष रवि लाल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी में सहयोग करना है। उन्होंने जानकारी दी कि गया जिले के शेरघाटी ताराडीह की आफरीन खातून, वनडोरी की सुमति कुमारी, रफीगंज की नेहा कुमारी, ज्योति कुमारी, अनोखी कुमारी समेत कुल 31 कन्याओं को सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर कमलेश यादव ने इस कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल, रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज–बराही पथ पर पटोई मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं परिजनों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ए.के. केसरी ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गया के मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान पौथू थाना क्षेत्र के कुम्भी फेसरा गांव निवासी चंदन कुमार और उनकी पत्नी पुष्पा देवी के रूप में हुई है। घायल की बहन रेणु देवी ने बताया कि दोनों मोटरसाइकिल से रफीगंज बैंक में लोन लेने आए थे और वापस अपने गांव लौट रहे थे, इसी दौरान पटोई मोड़ के पास यह दुर्घटना हो गई।

### चाकू मारकर एक युवक को किया घायल, रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** चारकवा ऊपरी डीह से एक घटना सामने आया है, जहां बीती रात एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। चरकावा उपरी डीह भुईया टोली निवासी राजदेव रिकीयसँ के पुत्र त्रिवेणी रिकीयशन अपने घर के बाहर सो रहे था, तभी अचानक सूरज विश्वकर्मा नामक व्यक्ति ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में त्रिवेणी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के वक्त जब पीड़ित ने शोर मचाया, तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों के जुटते ही आरोपी सूरज विश्वकर्मा मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में घायल को उनके पिता तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार डॉ. महिमा द्वारा किया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है सूरज के घर ओभर ब्रिज से पहले नगिना साव के घर के पास स्थित है। फिलहाल पुलिस पहुचकर मामले की जांच में जुट गई है और आरोपी की तलाश जारी है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि घायल द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है उसे प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जारी है।

### कोसडीहरा के वार्ड नं-चार में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा नल-जल योजना का लाभ

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के पिरवां पंचायत के कोसडिहरा में बीते चार वर्षो से अधिक समय से नल-जल योजना की स्थिति बदहाल हो गई है। चार वर्ष पहले वार्ड में १० लाख रुपये के तहत नल-जल योजना का कार्य किया गया था। नल-जल योजना के तहत पानी टंकी लगाया गया। पाइप बिछाई गई थी परंतु घरों में नल का टोटी नहीं लगाया गया है। बता दें कि राज्य सरकार ने वर्षों पहले गांवों में ग्रामीणों को स्वच्छ जल पहुंचाने को ले विभिन्न वार्डो में नल-जल योजना की शुरुआत की थी। सरकार का निर्णय था कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिले। गांवों में नल-जल योजना की शुरुआत तो हुई परंतु देखरेख के अभाव में स्थिति काफी बदहाल हो गई है। यहां सरकार के सभी दावे फेल नजर आ रहा है। ग्रामीणों को नल-जल योजना से पानी नहीं मिल रहा है। गांव में कई जगहों पर पाइप क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गांव में पानी की आपूर्ति बंद है। बता दें कि वार्ड में 12० से अधिक घरों की बस्ती है। लगभग सभी घरों में कनेक्शन है। ग्रामीण राजू सिंह, सुदीप कुमार सहित बताते हैं कि जब गांव में नल-जल योजना रहते हमलोग शुद्ध जल से वंचित हैं। पीएचइडी विभाग के अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं जाता है। नल-जल योजना की मरम्मत कराकर चालू नहीं कराया गया तो हमलोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बताया कि जब गांव में नल-जल योजना की शुरूआत हुई थी तो खुशी हुई थी परंतु अब नल-जल योजना फ़ेल हो गया है। कुछ ग्रामीणों द्वारा योजना के तहत लगे मोटर से खेत का पटवन किया जाता है। विभाग को चाहिए कि इसे दुरुस्त करवाकर चालू करवाए ताकि शुद्ध पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना न पड़े। कई बार जलमीनार को चालू करवाने की मांग की गई परंतु अभी तक चालू नहीं किया गया।

### एचपीवी टीकाकरण लक्ष्य प्राप्ति को लेकर हसपुरा में बैठक आयोजित



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हसपुरा में चिकित्सा प्रभारी के कार्यालय कक्ष में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण की उपलब्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य सेवा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सा प्रभारी डॉ. कुणाल कामाख्या नारायण, अस्पताल प्रबंधक मनीष कुमार, जीविका के बीपीएम आलोक चंद्र सिन्हा, शिक्षा विभाग के उपेंद्र कुमार, जेसीटी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपेंद्र कुमार तथा बाल विकास परियोजना से जुड़ी सुपरवाइजर प्रभा कुमारी, कलावती कुमारी एवं देवंती कुमारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के नेतृत्व में प्रस्तावित थी, हालांकि वे बैठक में शामिल नहीं हो सके। इस दौरान प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार ने बैठक के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि किशोरियों में सर्वाइकल कैंसर के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने लोगों से खाली पेट न रहने और अधिक से अधिक पानी पीने की अपील की। उन्होंने बताया कि अस्पताल में हीट वेव से प्रभावित मरीजों के लिए पांच बेड की विशेष व्यवस्था की गई है तथा ठंडे पानी की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अलावा प्रसूति मरीजों को गर्मी से राहत देने के लिए शीघ्र ही एसी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया गया।

# अनुग्रह मध्य विद्यालय में मना अग्निशमन सेवा सप्ताह

## निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को डिस्ट्रिक्ट फायर ऑफिसर ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में अग्निशमन समालय के द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह दिवस 2026 के अंतिम दिन स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में पोस्टर / निबंध प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। विजेता बच्चों को जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी, प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह एवं अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी रमाकांत सिंह ने मेडल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किए। डिस्ट्रिक्ट फायर ऑफिसर ने कहा कि बच्चों के बीच गर्मी के दिनों में बड़े पैमाने पर आगलगी की संभावित घटनाओं के प्रति सचेत किया एवं उससे निपटने के कई तरीकों की जानकारियों को भी



साझा किया। किसी भी आगलगी की घटना की सूचना 24 गुणा 7 काम करने वाले टॉल फ्री नंबर 101 के बारे में भी जनकारियां प्रदान किया गया।प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने बताया कि अग्निक चालक मंजीत पांडे एवं अग्निक सुमर व सोनू के साथ साथ शिक्षक योगेंद्र पाल व शिक्षिकाएं रीता कुमारी, शिवांशी सिंह एवं ज्योति कुमारी के सहयोग व नेतृत्व में प्रतियोगिताएं दो शिफ्ट में आयोजित किया गया जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू कुमारी, द्वितीय स्थान सुमित कुमार एवं तृतीय स्थान रीना कुमारी व अनुराग कुमार को तथा दूसरा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सौरव कुमार, द्वितीय स्थान दिव्यांशी कुमारी, तृतीय स्थान सौरभ कुमार ने प्राप्त किया। प्राचार्य ने सभी आगत



अतिथियों के प्रति कृतज्ञता अर्पित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किए।

### अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा गोह के कल्याण छात्रावास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित कल्याण छात्रावास की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। छात्रावास इन दिनों खंडहर में तब्दील हो गई है। बता दें कि इस छात्रावास का निर्माण वर्ष 1987 में हुआ था। छात्रावास का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिह ने किया था। उस समय छात्रावास में सभी सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। आज की स्थिति यह है कि छात्रावास की खिड़की और दरवाजे सभी गायब हो गई है। मुख्य दरवाजे का ग्रिल नजर नहीं आ रही है। भवन का छत भी टूट कर गिर रहा है। दीवारों में बड़े-बड़े दरारें उबर आई है। छात्रावास में गांधी स्मारक उच्च विद्यालय को में पढ़ने वाले महादलित के बच्चे रहकर अपना पढ़ाई किया करते थे स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि छात्रावास का भवन पशुओं का रहने लायक भी नहीं बचा है। स्थानीय ग्रामीण देवेंद्र दास, महेंद्र दास, बाबूलाल दास, सुरेश दास, राम अयोध्या यादव, जेपी सेनानी, अरविद पांडे सहित अभिभावकों ने बताया कि कल्याण छात्रावास की भवन की स्थिति की सुधार के लिए कई बार विभागीय अधिकारी, मंत्री, सांसद एवं विधायक को आवेदन दिया गया पर किसी ने समस्या का सामाधान नहीं किया। स्थिति आज यह है कि कल्याण छात्रावास बच्चों के रहने लायक भी नहीं है उसकी सारी सुविधा गायब कर दी गई है।

## मारपीट की घटना मे दोनों ओर से 12 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** खडौखर गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प के मामले में दोनों पक्षों की ओर से कुल 12 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना में दोनों ओर से एक-एक व्यक्ति घायल हुए हैं। पहले पक्ष से संजीत कुमार ने आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उनके चाचा कौशल सिंह हार्वेस्टर गाड़ी का तगादा कर गांव लौट रहे थे। इसी दौरान खडवां-खडौखर गांव के बीच अर्जुन सिंह समेत सात लोग पहले से घात लगाकर बैठे थे। आरोप है कि सभी ने हथियार का भय दिखाकर पांच लाख रुपये छीन लिए और विरोध करने पर अर्जुन सिंह ने गोली चला दी, जिससे संजीत कुमार के बाएं हाथ में गोली लगी। घायल होने के बाद लाठी-डंडे से मारपीट



भी की गई। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद लाया गया। दूसरे पक्ष से अर्जून सिंह की पत्नी सोनम कुमारी ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि रविवार सुबह उनके पति खेत में गेहूं की फसल बोरे में भरने गए थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोग ट्रैक्टर और लाठी-डंडे के साथ पहुंचे, बाइक क्षतिग्रस्त कर दी, मारपीट की और 30 बोरा गेहूं ले गए। जाते समय फायरिंग करने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## भोरहोपुर कामाख्या माता मंदिर में श्री शतचंडी महायज्ञ शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

एकमा (सारण)। नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के भोरहोपुर गांव स्थित कामाख्या माता मंदिर परिसर में नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा एवं शोभायात्रा के साथ श्रद्धा और उत्साह के बीच हुआ। ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के कई गांवों के श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखी गई, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें भोरहोपुर, सरयुपार, कोहड़गढ़, खानपुर, दुबे टोला और गंजपर सहित विभिन्न गांवों की महिलाओं ने सिर पर व हाथ में कलश धारण कर भाग लिया। गाजे-बाजे, झांकियों और अश्वारोहियों के साथ निकली यह शोभायात्रा यज्ञ स्थल से नगर भ्रमण करते हुए डुमाईगढ़ स्थित सरयू नदी



घाट पहुंची। वहां यज्ञाचार्य बालकृष्ण अशुतोषाचार्य के मंत्रोच्चारण के बीच वैदिक विधि-विधान से जल भरकर श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। करीब एक किलोमीटर लंबी कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा मार्ग गूंज उठा। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धा के साथ कलश लेकर चल रही थीं, जिससे पूरे वातावरण में धार्मिक आस्था की अद्भुत छटा देखने को मिली। यज्ञ स्थल पहुंचने के बाद विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। पूर्व वार्ड सदस्य पिंटू सिंह ने बताया कि वाराणसी व अयोध्या से यज्ञाचार्य एवं संत-महात्माओं का आगमन हुआ है, जिनके सानिध्य में यह महायज्ञ संपन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से आयोजन को भव्य स्वरूप दिया गया है। यज्ञाचार्य बालकृष्ण अशुतोषाचार्य ने बताया कि सोमवार को कलश यात्रा, पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। 21 अप्रैल को दैनिक पूजन, अरणी मंथन एवं जलाधिवास जैसे वैदिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आगामी दिनों में प्रतिदिन पूजा-पाठ, हवन, श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ मंडप की परिक्रमा, प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 अप्रैल को विधिवत हवन-यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। इस आयोजन को सफल बनाने में भोरहोपुर नगर पंचायत सहित पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा है। महायज्ञ के आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महायज्ञ में भाग लेने एवं धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## कभी भी गिर सकती है मेह मध्य विद्यालय की छत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बारुण प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेह का भवन इन दिनों काफी जर्जर हो चुका है। विद्यालय की छत गिरने का खतरा बना हुआ है। विद्यालय कक्ष और रसोईघर में गंभीर क्षति आई है। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक रेखा कुमारी ने बताया कि यहां कुल 283 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। विद्यालय में कुल छह कमरे हैं जिसमें से दो कमरे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। शेष चार कमरों में से एक में कार्यालय चल रहा है। जबकि तीन कमरों में पढ़ाई होती है। कक्षा दो के बच्चों को मजबूरी में बरामदे में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। दूसरे बरामदे में शिक्षकों द्वारा अवैध रूप से बाइक रखने का गैरेज बनाया गया है। कमरे की कमी के कारण कक्षा छह, सात और आठ के बच्चों को पास के उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढ़ाई कराई जा रही है। इस स्थिति के कारण ठीक से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। बता दें कि विद्यालय में चार शौचालय हैं परंतु सभी जर्जर अवस्था में है। शौचालय के अभाव में बच्चों और शिक्षकों को कठिनाइयों का लिखा गया है परंतु अबतक तक भवन का निर्माण नहीं कराया गया है।

### भिखारी बिगहा में वर्षों से बदहाल पड़ा है नल जल

**औरंगाबाद।** सरकार जमीनी स्तर पर गांव, टोले, कस्बो को विकास के हर मानक से जोड़ने के लिए प्रयत्नशील है। इसके लिए विकास कार्यो से जुड़ी कई तरह के जन उपयोगी योजनाओं को इन गांव टोलों में धरातल पर उतारकर इन्हें विकास के मानक से जोड़ने का कार्य कर रही है। बता दें कि मदनपुर प्रखंड के चेई नवादा पंचायत के तहत ओरडीहा टोले भिखारी बिगहा में ग्रामीण सरकार की विकास से जुड़ी जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से अबतक वंचित है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। सरकार के सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल-जल योजना इस गांव में निवासी करने वाले ग्रामीण के गले की प्यास बुझाने का एक सपना बनकर रह गया है। ओरडीहा टोले भिखारी बिगहा गांव की एक बड़ी आबादी को प्यास बुझाने को लेकर सरकार की पेयजल योजना की हकीकत बयां कर रही है। लगभग एक हजार की संघन आबादी वाले इस गांव में सरकारी योजनाओं की पोल खोल रही है। स्थिति यह है कि यहां के परिवार के लोग पेयजल आूपर्ति नहीं होने से जैसे तैसे पानी की व्यवस्था पर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। प्रखंड के अंतिम छोर पर बसे गांव सरकार की सात निश्चय योजना के हर घर नल जल योजना से आज भी वंचित है। हालांकि गांव की कुछ गलियों में पेवर ब्लॉक और नाली का निर्माण कराया गया है फिर भी इस गांव में सरकार की योजना को समुचित लाभ के लिए प्रखंड के अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष शिविर चलाए जाने की जरूरत है। ग्रामीण उमेश यादव, जीराव देवी, फुलकुमारी देवी बताती है कि गांव में देवी स्थान पर चापाकल लगा दिया जाए तो ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का समाधान हो जाएगा। कहा कि गांव में जल्द ही नल जल योजना के तहत टावर बनाकर हर घर तक पानी आपूर्ति कराई जाए ताकि ग्रामीणों को किसी भी मौसम में पानी के लिए परेशानी नहीं हो। बता दें कि गांव में अधूरी गली और नाली भी बनाने की जरूरत है।

## मध्य विद्यालय पतेया में चहारदीवारी नहीं होने से असुरक्षित हैं बच्चे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पतेया में चाहरदीवारी का निर्माण नहीं कराया गया है, यहां चाहरदीवारी नहीं रहने से छोटे-छोटे बच्चों के बीच दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बता दें कि विद्यालय में शुरू से अबतक चाहरदीवारी का निर्माण नहीं कराया गया है। छात्र-छात्राएं वाहन से भयभीत रहते हैं। साथ ही असामाजिक तत्वों द्वारा विद्यालय के दरवाजे, खिड़की व दीवार पर लिखे लेखन को क्षति पहुंचाने के साथ विद्यालय परिसर रात में पशुओं का बसेरा बना रहता है। मालूम हो कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय पतेया मुख्य सड़क से बिल्कुल सटा हुआ है। विद्यालय से सटी सड़क पर आये दिन सैकड़ों वाहन का आना जाना होता है। साथ ही स्कूल के छात्र-छात्राएं वही खेल के पीरियड में या लंच के समय में प्रांगण में खेलते रहते हैं। इतना ही नहीं चाहरदीवारी नहीं होने से असामाजिक तत्वों द्वारा शौचालय व चापाकल के पास अक्सर गंदगी कर दिया जाता है, जिससे छात्रों व शिक्षकों को शौच




जाने के लिए सोचना पड़ जाता है। विद्यालय के खिड़की, दरवाजे को भी क्षति पहुंचाई जाती है। प्रधानाध्यापक द्वारा दीवारों पर चित्रण के साथ पेंटिग व छात्रों के लिए जो लेखन कराए गए है। उस चित्रण व लेखन को भी क्षत-विक्षत कर दिया गया है, जिससे पूरा विद्यालय परिवार भयभीत व परेशान रहता है। इसके अलावा पूरी रात विद्यालय परिसर में आवारा पशुओं का बसेरा बना रहता है। सुबह में जब विद्यालय खुलता है तो कर्मियों द्वारा साफ-सफाई की जाती है परंतु प्रतिदिन यही कहानी दुहरायी जाती है। वहीं अगर चाहरदीवारी होती तो इन सब समस्याओं से विद्यालय सुरक्षित रहता। गौरतलब है कि एक तरफ विद्यालयों को लेकर सरकार अनेकों सुविधाएं दे रही हैं उसके बावजूद पतेया उत्क्रमित मध्य विद्यालय को अपनी एक चाहरदीवारी नहीं मिल सकी है। जबकि शिक्षा विभाग के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ सहित जनप्रतिनिधियों का आना जाना लगा रहता है परंतु किसी की निगाह विद्यालय की इस समस्या पर नहीं पड़ती है। इधर विद्यालय में विषयवार शिक्षक नहीं हैं। बता दें कि विद्यालय में 11० बच्चे नामांकित हैं। प्रतिदिन 6० से 7० की संख्या में बच्चे प्रतिदिन विद्यालय पहुंचते हैं। यहां तक की विद्यालय में चाहरदीवारी की व्यवस्था नहीं है। प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार पाल के अनुसार चाहरदीवारी निर्माण को ले वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है परंतु अबतक चारदीवारी का निर्माण नहीं कराया गया है।

## तेज धूप में यात्री शेड न होने से यात्रियों को होती है परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर में कहीं भी यात्री शेड की व्यवस्था नहीं की गई है। यात्री शेड के अभाव में नागरिक इन दिनों तेज धूप में यात्रि सड़क किनारे खड़े रहकर वाहनों का इंतजार करते हैं। शहर के रमेश चौक, सदर अस्पताल, सब्जी मंडी, कारगिल चौक, जामा मस्जिद, सिन्हा कालेज मोड़, फारम, ओवरब्रिज से प्रतिदिन इ-रिक्शा व ऑटो से बैठकर यात्री विभिन्न स्थानों तक आवागमन करते हैं। यहां तक कि बारिश के दिनों में सभी यात्रियों को खुले में ही काफी देर तक खड़े रहने की मजबूरी बनी हुई है। यहां तक की गर्मी व ठंड के समय में भी यात्री शेड के अभाव में लोगों को काफी परेशानी होती है। गर्मी में धूप में सड़क पर खड़े रहना पड़ता है। वहीं बारिश के दिनों भी यात्रियों को आसपास के दुकानों के शेड में शरण लेनी पड़ती है। जब कभी तो लोग सड़क पर घंटों खड़े रहते हैं ऐसे में लोग दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों का ध्यान



यात्री शोड बनाने की ओर नहीं जा रहा है। शहरी क्षेत्र में सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन डेली सर्विस के तौर पर चलाए जाते हैं। लगभग पांच हजार से ज्यादा नियमित यात्री ऑटो रिक्शा, साइकिल रिक्शा, ई रिक्शा, मैजिक और अन्य वाहनों से शहरी क्षेत्र में पांच से आठ किलोमीटर के बीच यात्रा करते हैं। रमेश चौक , ओवरब्रिज, फारम के समीप यात्री ऑटो रिक्शा के इंतजार में खड़े रहते हैं। बता दें कि यात्री शेड नहीं होने के कारण बुजर्गों और दिव्यांगों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इन्हें सड़क किनारे खड़े होकर वाहन आने का इंतजार करना पड़ता है। यदि समय से वाहन न मिले तो उन्हें सड़क पर ही खड़े होकर वाहनों का इंतजार करना पड़ता है।

### ओबरा को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने की मुहिम तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और शहरी सुविधाओं के विस्तार को लेकर ओबरा को नगर पंचायत बनाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। इस कार्य में ओबरा विधायक डा. प्रकाश चंद्रा ने इस जनहित पहल के माध्यम से ओबरा की तस्वीर बदलने का संकल्प लिया गया है। डा. प्रकाश चंद्रा ने वर्तमान में ग्रामीण व्यवस्था के तहत ओबरा के पास सीमित संसाधन हैं। नगर पंचायत बनने से न केवल फंड में भारी बढ़ोतरी होगी बल्कि शहरी सुविधाएं नियमित कचरा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट और ड्रेनेज सिस्टम का बेहतर विस्तार हो सकेगा। प्रस्ताव के अनुसार ओबरा के नगर पंचायत बनने के बाद वार्डों का गठन होगा। चेयरमैन और पार्षदों के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी और पारदर्शी तरीके से हो सकेगा। ओबरा विधायक ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों से शुरुआती वार्ता हो चुकी है। आगामी योजना के तहत मुख्यमंत्री को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रयास है कि 31 मार्च 2०27 के बाद जनगणना प्रक्रिया पूरी होते ही ओबरा को नगर पंचायत की श्रेणी में लाने की आधिकारिक कार्यवाही शुरू की जाए। इस पहल को सफल बनाने के लिए स्थानीय नागरिकों से उनकी राय मांगी गई है।

## विद्यालय के रास्ते झूलते हैं बिजली के तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरंडा के रास्ते में झूलती हुई बिजली की तार छात्रों और ग्रामीणों के लिए खतरा बन गई है। यह जर्जर तार करंट से प्रभावित है जिसके नीचे से विद्यालय जाने वाले छात्र गुजरते हैं। इससे छात्रों पर तार टूटकर गिरने का खतरा बना रहता है। बिजली तार के टूटने से होने वाले हादसों की आशंका ने अभिभावकों को चिंतित कर रखा है। विशेषकर बरसात के दिनों में। इस क्रम में छात्र, शिक्षक और अभिभावक सभी बिजली तार की चपेट में आने से भयभीत रहते हैं। यह समस्या कई वर्षो से बनी हुई है। विद्यालय के शिक्षकों ने विभाग को इस बारे में सूचित किया है परंतु विभाग ने अबतक कोई कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों का कहना है कि कोई घटना झघटने के बाद ही अधिकारी सजग होंगे। शिक्षकों ने बताया कि 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन तार झूल रही है और विद्यालय के समीप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी है। छात्र, मरीज और ग्रामीण सभी इस खतरे से गुजरते हैं। ग्रामीण बंभोला सिह ने बताया कि विभाग को इस स्थिति के बारे में ध्यान आकृष्ट कराया गया है। शिक्षक धीरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि बिजली विभाग को सूचना दी गई थी परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। बता दें कि बीते रविवार को मदनपुर थाना क्षेत्र के रुनिया गांव में करंट की चपेट में आकर एक बिजली मिस्त्री की मौत हो गई थी।

### पृष्ठ 1 का शेष

**जदयू विधायक दल का ...**

कि पार्टी के भीतर सब कुछ सामान्य है और किसी तरह की चिता की जरूरत नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में वे राज्य के विभिन्न हिस्सों में जाकर संगठन को भी मजबूत करेंगे और जमीनी हालात का आकलन करेंगे। उन्होंने यह भी चर्चा की कि वर्तमान में जदयू के दो वरिष्ठ मंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव सरकार में उपमुख्यमंत्री बने हैं।

**सूबे के 14 बच्चे करेंगे ..**

जाएगा, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली बच्चों को बिना किसी आर्थिक बोझ के सारी सुविधाएं मिलेंगी। इन बच्चों का चयन विभिन्न आधार पर किया गया है। इसमें कक्षा आठ में उनके अंक को करिकुलर एक्टिविटी में उनकी सहभागिता, राष्ट्रीय-अंतर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन आदि शामिल हैं। बिहार के जिन बच्चों का चयन किया गया है उनमें प्रियांशु रमन, आदित्य कुमार शर्मा, सुनिधि कुमारी, शिवांग श्रीवास्तव, आनंद वैभव वत्स, रुद्र चंद्र मिश्रा, दिव्या कुमारी, सत्यम राज, उज्ज्वल राज, विशाल कुमार सिह सचिन कुमार, सुधांशु कुमार, आशीष कुमार, विनायक झा शामिल हैं। इसरो का युविका (युवा विज्ञानी कार्यक्रम) स्कूली छात्रों के लिए एक दो-सप्ताह का विशेष ग्रीष्मकालीन आवासीय कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य कक्षा नौ के छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोगों का बुनियादी ज्ञान प्रदान करना है। यह प्रोग्राम छात्रों को विशेष महत्व देते हुए विज्ञान (स्टेम) में कॅरियर बनाने के लिए प्रेरित करता है। इसमें वैज्ञानिक वार्ता, रोबोटिक कोडिग और रॉकेट असेंबली जैसी व्यावहारिक गतिविधियां शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीन एग्रीमेंट कर 57 लाख रुपया लेने के बावजूद भी नहीं की जमीन रजिस्ट्री, दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमीन एग्रीमेंट कर पूरा पैसा प्राप्त कर लेने के बावजूद जमीन की नहीं हुई रजिस्ट्री के बाद मसौढी थाने में पीड़ित ने दो लोगों पर नामजद आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दरअसल वादी राहुल कुमार पिता शिवनाथ चौधरी राजा बाजार बेली रोड पटना जो अपने सहयोगी बालमुकुंद मोहन पिता स्वर्गीय राम लखन ठाकुर जजेज कॉलोनी दानापुर के साथ मिलकर मसौढी के सतीस्थान पटेल नगर के शांति देवी उर्फ शांति कुमारी पति स्व. अखिलेश प्रसाद सिंह एवं राजीव रंजन कुमार उर्फ राजू बाबा खरांट बलियारी को 57 लाख रुपए जमीन एग्रीमेंट कर पूरा पैसा दिया था, लेकिन बावजूद जमीन रजिस्ट्री नहीं हुई है इसको लेकर वादी ने दो बार लीगल नोटिस भी किया, बावजूद अभी तक कोई प्रक्रिया ना होते देख मसौढी थाने में राहुल कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करवाई है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हैं।

### धनरूआ के सेवदाहा मे जाति सूचक शब्दो से गाली ग्लौज कर मारपीट,,नौ पर प्राथमिकी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के सेवदाहा गांव में जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली गलौज कर मारपीट करने का मामला प्रकाश में है इस मामले में सेवदाहा गांव के रहने वाली शकुंतला देवी पति रामनाथ चौधरी ने धनरूआ थाने में आवेदन देकर नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करवाई है दिए गए आवेदन में लिखा है कि जब हम अपनी कार से अपना बेटा बहु के साथ घर वापस लौट रहे थे तो रास्ते में लोगों ने घेर कर गाड़ी रुकवा कर गाली गलौज देते हुए जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते अभद्र व्यवहार किया किसी तरह से भाग कर जाना बचाये, नामजद आरोपियों में शंकर केवट महेंद्र केवट, मनोज केवट आदि 9 लोग पर नामजद आरोपी बनाया गया है पुलिस जांच में जुटी है।

### बाबा जी का कहना है, शाकाहारी रहना है, कलियुग जा रहा है, सतयुग आ रहा है।

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामबाग स्थित संत गगन बाबा उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को बाबा जयगुरुदेव जी महाराज का एक दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन हुआ। उमाशंकर सिंह उर्फ सिपाही मुखिया द्वारा आयोजित सत्संग में मथुरा से आये पंकज जी महाराज ने बाबा के जीवन चरित्र से लोगों को परिचय कराते हुए बताया कि बाबा जी का कहना था कि हम शाकाहारी रह कर बहुत से बीमारियों से बच सकते हैं।मांसाहारी भोजन शराब की लत हमें बुरे कर्मों की ओर ले जाती है। पंकज महाराज ने गांव में घर-घर घूम कर लोगों से मांसाहारी भोजन त्यागने एवं नशेपान से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कलयुग जा रहा है और सतयुग आ रहा है। पहले भक्ति तब होने ज्ञाना, पहले सत तब पुरुष अनामा।कहते हैं पहले भाई, भक्ति उसके बाद ज्ञान और जब भक्ति नहीं तो फिर योग भी नहीं, योग नहीं तो ज्ञान नहीं । तो भक्ति क्या है? भाई महापुरुषों की वाणी को मानना वह कहे उसको मान लेना । तो वह क्या कहते हैं तुम अपनी सूरत को उस नाम के साथ योग करो, उसके साथ जोड़ दो। दो घण्टे, तीन घण्टे, चार घण्टे । आप ने मान लिया कि ठीक है। अपनी सुरत को, अपनी आत्मा को नाम के साथ जोड़ना इसका नाम योग है।मौके पर सुभाष राय,नागेंद राय, उमेश राय, बलबीर राय आदि मौजूद थे।



### वितीय वर्ष 2025-26 के अंत में राजस्व संग्रह में पूरे साउथ बिहार में मसौढ़ी का दूसरा स्थान

*11 करोड लक्ष्य के विरुद्ध 12.62 करोड राजस्व वसूली*

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वित्तिय वर्ष 2025-26 के अंत में बिहार के विद्युत विभाग के राजस्व संग्रह में मसौढ़ी प्रमंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर शीर्ष स्थानों में अपनी जगह बनाई है। यह जानकारी हाल ही में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा जारी बिजली बिल वसूली और राजस्व संग्रह के आंकड़ों के संदर्भ में सामने आई है, जहाँ मसौढ़ी को दूसरा स्थान मिलने की बात कही जा रही है। मसौढ़ी सब-डिविजन ने अपने निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्यों को पूरा करने और बकाया बिलों की वसूली में रिकॉर्ड कायम किया है, जिससे इसे यह उच्च रैंकिंग मिली है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अंतर्गत आने वाले मगध मंडल के क्षेत्रों में, विशेषकर शहरी और ग्रामीण मिश्रित प्रमंडलों में मसौढ़ी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। मार्च 2026 तक के वित्तीय वर्ष में, बिजली विभाग ने डिफॉल्टरों पर नकेल कसकर और स्मार्ट मीटर के माध्यम से रिकॉर्ड राजस्व 11 करोड़ के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 12.62 करोड़ की वसूली की गई है।इसमें विशेष रूप से प्रीपेड स्मार्ट मीटर की भूमिका, समय पर बिलिंग, लगातार छापेमारी अभियान, और बिजली चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई शामिल है।बहरहाल विधुत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार बताते हैं कि हर सेक्शन में पदाधिकारी व कर्मियों की टीम बनाकर पूरे माह बकाया बिल वसूली के लिए लगातार अभियान चलाया गया। बिजली चोरों पर नकेल कसने के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया। सरकारी विभागों ने भी बकाया के भुगतान में काफी रुचि दिखायी। इसी का परिणाम है। उन्होंने अभियान की सफलता पर एसडीओ, जेई से लेकर अन्य कर्मियों को साधुवाद दिया है। साथ ही आगे भी इसी जोश और जज्बे के साथ राजस्व वसूली के लिए काम करते रहने की सलाह भी दी है।

### दहेज हत्या मामले में फरार पति गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ में दहेज हत्या के मामले में फरार आरोपी पति को पुलिस ने उसके घर से ही सुधीर पासवान पिता विनोद पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल यह घटना बीते दो अप्रैल को धनरूआ थाना क्षेत्र के सहरू गांव मे घटी थी, जहां पर विवाहिता अंशु कुमारी पिता देवेंद्र पासवान अलीपुर अकौना लहसुना थाना क्षेत्र के निवासी की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी, इस मामले में सभी ससुराल पक्षों पर मृतक के पिता देवेंद्र पासवान ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी, दर्ज कराए गए प्राथमिक में लिखा था की 2020 में हम अपनी बेटी अंशु कुमारी की शादी विनोद पासवान के बेटे सुधीर पासवान के साथ की थी, 1 साल ठीक रहा उसके बाद सोने की चेन अंगूठी बाइक के लिए बराबर प्रताड़ित करने लगे और उसके बाद सभी ससुराल पक्ष ने मेरी बेटी को जान से मार दिया। धन्यवाद थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि धनरूआ थाना कांड संख्या 198/26 के प्राथमिकी नामजद अभियुक्त सुधीर पासवान पिता विनोद पासवान ग्राम शहरू को विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

# पैक्स चुनाव : कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन में हुआ मतदान








**आज सुबह 8:00 बजे प्रखंड परिसर में होगी मतगणना**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसानों के हित में काम करने वाले पैक्स यानी प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति का चुनाव सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से हुआ, जहां मसौढ़ी प्रखंड में चरमा पंचायत, धनरूआ प्रखंड में बारिबिगहा और सोनमई और पुनपुन प्रखंड के पैमार पैक्स को लेकर मतदान हुआ, इस दौरान सुबह से ही मतदाता बूथ पर पहुंचकर लंबी लाइन लगाकर शांतिपूर्ण तरीके से वोटिंग की इधर दौरान मतदाताओं में गजब का उत्साह देखते बना, हर मतदाता अपने पंसदीदा उम्मीदवार के पक्ष में वोट किया। मसौढी के चरमा गें सुबह से ही मतदाता लंबी लाइन लगाकर वोट कर रहे। महिला मतदाता में भी इसको लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। जानकारी के अनुसार चरमा पैक्स चुनाव को लेकर मतदाताओं में गजब का उत्साह दिख रहा है। सुबह से ही लोग लंबी लाइन लगाकर अपने मतदान करते नजर आ रहे हैं। वहीं चुनाव को लेकर यहां पर 3 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. जहां 1481 मतदाता,जो 1041 वोट पड़े।।सभी बूथ अतिसंवेदनशील होने के कारण कड़ी सुरक्षा के बीच यहां पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, हलांकि चुनावी दंगल में वोटर साइलेंट मोड में दिखे,जहाँ यह पूरा चुनाव काफी दिलचस्प और रोमांचक हो गया है, क्योंकि हर मतदाता चुप्पी साधे हुए है। एक तरफ जहां राकेश कुमार निरंजन तो दुसरी तरफ मंजु देवी तो इस बार एक नये उम्मीदवार की इंट्री प्रियरंजन पटेल की हुई है जो चुनाव को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश मे जुटे है।लेकिन सूत्रों की माने तो यहाँ लडाई आमने सामने की है।जहाँ राकेश कुमार निरंजन उम्मीदवार के पांच कार्यकारिणी सदस्यों पहले निर्विरोध हो चुके है।बहरहाल वोटर साइलेंट मोड में है, हर कोई अपने-अपने हिसाब से अपने उम्मीदवार का चयन कर रहे हैं। इस बीच महिला मतदाताओं के बीच भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसके अलावा धनरूआ प्रखंड के बारिबिगहा और सोनमई पैक्स का भी मतदान चल रहा है।जहाँ बारिबिगहा मे पांच उम्मीदवार और सोनमई पंचायत मे दो उम्मीदवार है इसके अलावा पुनपुन प्रखंड मे पैमार पैक्स का मतदान चल रहा है जहाँ दो उम्मीदवार के बिच चुनावी दंगल है। पैक्स चुनाव को लेकर कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से मतदान चल रहा है. सुबह 7:30 बजे से शाम 4 बजे तक यह मतदान होगा. उसके बाद अगले दिन मतगणना होनी है, जो सुबह आठ बजे से होगी. उसके बाद जीते हुए उम्मीदवार को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम कुमार सम्मानित

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां, फतुहा और खुशरूपुर से गहरे जुड़े प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी को भारत सरकार , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय मेरा युवा भारत बिहार के राजयनिदेशक कपिलदेव राम ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम जी ने बताया कि फाउंडेशन अपनी स्थापना काल से ही युवाओ को केंद्र में रखकर कार्य कर रहा है। विश्व युवक केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय युवा योजना, विश्वविद्यालय के साथ जुड़कर युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए चार दशक से प्रयासरत है। फाउंडेशन युवाओं का गैरराजनीतिक संगठन है जहाँ युवा अपनी प्रतिभा को निखारते हैं उन्हें राष्ट्रीय अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान किया जाता है। सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों से समन्वय स्थापित कर युवाओं को आगे बढने मार्ग प्रशस्त करता है। फाउंडेशन से जुड़ने के लिए किसी जाति,धर्म,पंथ या रंग की कोई बाध्यता नहीं है। दुनिया का कोई व्यक्ति जो समाज सेवा में रुचि रखता हो इससे जुड़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि हर सम्मान हमारी जिम्मेदारी को और बढ़ा देता है। शुभकामना व्यक्त करने बालों में लाइफ लाइन ऑक्सीजन बैंक के सचिव शिशुपाल कुमार, शिक्षाविद कपिलदेव प्रसाद, मो राजू, डॉ राजीव कुमार, डॉ उमेश कुमार यादव, राजदीप, गौरव,चंदन शामिल हैं।



## अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह : बच्चों की कला और कलम ने दिया सुरक्षा का संदेश

**अग्निशमन सप्ताह के अंतिम दिन स्कूलों में पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतिम दिवस पर सोमवार को विद्यालयों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष प्रतियोगिता का थीम "Safe School, Safe Hospital & Fire Safety Aware Society – Together for Fire Prevention" रखा गया। यह कार्यक्रम यथार्थ स्कूल एवं श्रीमती गिरिजा कुंवर उच्च विद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने रचनात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चित्रकला एवं निबंध के माध्यम से अग्नि सुरक्षा और आपदा जागरूकता का सशक्त संदेश प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के दौरान छात्रों को आपदा से बचाव एवं सावधानी के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही उढफफायरमैन लिफ्ट तथा क्रॉलिंग जैसी महत्वपूर्ण जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।इसके अतिरिक्त इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के दिशा-निर्देशों के आलोक में गैस एजेंसियों एवं भंडारण स्थलों पर गैस से लगने वाली आग की घटनाओं से बचाव हेतु 'क्या करें एवं क्या न करें' के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम परी० जिला अग्निशमन पदाधिकारी मंजीत सिंह एवं अनुमंडल अग्निशमन कार्यालय के समस्त पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर आमजन से अपील की गई कि वे अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

## महिलाओं छात्राओं पर बढ़ते हत्या बलात्कार के खिलाफ भाकपा माले का प्रतिरोध मार्च




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ में माले कार्यकर्ताओं ने बिहार में महिलाओं छात्राओं पर बढ़ते हत्या बलात्कार के खिलाफ प्रतिरोध मार्च निकाला यह मार्च माले कार्यालय से शुरू होकर धनरूआ बाजार में घूमते हुए बडिहा मोड पर नुक्कड़ सभा किया, सभा की अध्यक्षता धनरूआ प्रखंड सचिव कामरेड अकलू पासवान और संबोधित जिला नेता कामरेड वीरेंद्र प्रसाद ने किया और कहा कि एक तरफ भाजपा सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री का ताजपोशी कर रहा है दूसरी तरफ बिहार के महिलाओं छात्राओं के साथ बलात्कार और हत्याएं हो रहा है इस तरह की घटना पूरे बिहार में रोज व रोज कभी नीट की छात्रा कभी इंजीनियर की छात्रा बलात्कारयों की शिकार हो रही है बिहार का कोई ऐसा जिला नहीं है जहां भाजपा एनडीए के शासन में छात्राओं महिलाओं के साथ हत्या गैंगरेप ना हुआ हो जब से एनडीए सरकार बिहार में है तब से हत्यारा बलात्कारी अपराधी गिरफ्तार नहीं होता है एक दोअपराधी जो गिरफ्तार होता भी है वह साक्ष के अभाव में बरी कर दिया जाता है और ठउ्भ सरकार उस बलात्कारी को माला पहनकर महिमा मंडीत करती है यह सरकार जन विरोधी है इसे जन समस्याओं से कोई मतलब नहीं है इस सरकार में महंगाई बेरोजगारी हत्या लूट बलात्कार चोरी डकैती भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर है आम इंसान त्राहिमाम है।इस प्रतिवाद मार्च में कामरेड श्री भगवान पासवान कामरेड निरंजन वर्मा कामरेड जितेंद्र राम कामरेड मालती देवी कामरेड श्रीमंती देवी पंचायत समिति सदस्य कामरेड चितरंजन पासवान इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता नेता उपस्थित रहे।

### अबैध मिट्टी खनन व लापरवाह ट्रैक्टर परिचालन बन रहा दुर्घटना का कारण

**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सिंगरियावां पंचायत के जीवनचक गांव के पास लोकाईन नदी( महात्माईन ) के समीप से मिट्टी खनन का अबैध कार्य बेरोकटोक चल रहा है जिसके कारण 3.5 किलोमीटर जीवनचक -काजीबीघा-दनियावां ग्रामीण सड़क मार्ग पर लापरवाही के साथ परिचालन किया जा रहा है। ताजा घटनाक्रम में जीवनचक निवासी छात्रा सुकन्या कुमारी जो राजु कुमार की सुपुत्री है जो दनियावाँ पढ़ाई करने जाने के क्रम में काजीबीघा देवी स्थान मंदिर के समीप तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर के चपेट में आ गयी। इस तेज गति वाहन को देख कर छात्रा सुकन्या अपना साईकिल सड़क किनारे लगा कर रुक गई फिर भी ट्रैक्टर चालक लापरवाही के साथ धक्का मार दिया और भागने लगा।घटनाक्रम के वाद स्थानीय ट्रैक्टर को रोक कर परिजनों व स्थानीय शाहजहांपुर को सूचना दी गयी।

## बढ़ते अपराध को लेकर ताबड़तोड़ बाइक चेकिंग अभियान 32 हजार का जुर्माना





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ते अपराध और अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने को लेकर मसौढी पुलिस इन दिनों शहर के कई हिस्सों में प्रतिदिन शाम को सघन वाहन चेकिंग अभियान चला कर दर्जनों बाइक से जुमार्ना वसूल रही है। ऐसे में सोमवार की शाम को तकरीबन दो से ढाई घंटे की चली सघन वाहन चेकिंग अभियान में ₹32000 जुर्माना वसूला गया है इससे पहले डेढ लाख की जुर्माना वसुल की गई थी, थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि शाम के वक्त में कई बाइकर्स शहर में अंधाधुंध गाड़ी चला रहे हैं इसके अलावा अपराधियों पर नकेल कसने के लिए अपराध नियंत्रण को लेकर बाइक चेकिंग अभियान लगाई गई है जो मेंन रोड, स्टेशन रोड, थाना रोड, कपूर्री चौक के आसपास सभी जगह पर बाइक चाहिए लगाई जा रही है बाइक चेकिंग के दौरान बाइक चलाने वालों की कमर की तलाशी और डिक्की की तलाशी ली जा रही है और यह ऑपरेशन लगातार चलाया जाएगा ताकि अपराध पर लगाम लगाया जा सके।

## पालीगंज में शांतिपूर्ण पैक्स चुनाव सम्पन्न, कड़ी सुरक्षा में हुआ मतदान



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज प्रखंड अंतर्गत जरखा पंचायत में सोमवार को पैक्स (प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति) का चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से प्रारंभ हुई, जिसमें मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ सुशील कुमार एवं डीएसपी-01 राजीव चन्द्र सिंह ने मतदान केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई थी। जरखा पंचायत में लगभग 1300 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निष्पक्ष और सुचारु मतदान सुनिश्चित करने के लिए पंचायत में दो मतदान केंद्र बनाए गए थे। पैक्स अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी आमने-सामने रहे, जिससे मुकाबला रोचक बना रहा। इधर, चिकसी पंचायत में मतदाता सूची को लेकर उत्पन्न विवाद के कारण संबंधित विभाग द्वारा चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है।अधिकारियों ने बताया कि मतदाता सूची के विवाद के समाधान के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने हेतु कृषि अनुसंधान परिसर में महत्वपूर्ण बैठक



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 20 अप्रैल, 2026 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में संस्थान के सभी वैज्ञानिकों एवं तकनीकी कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास की अध्यक्षता में की गयी जिसमें देशव्यापी संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान तथा 'मेरा गाँव मेरा गौरव' कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान कुल 7 'मेरा गांव मेरा गौरव' टीमों का गठन किया गया, जिनमें वैज्ञानिकों एवं तकनीकी अधिकारियों को शामिल किया गया है। ये टीमें अपने-अपने गोद लिए गए गाँवों में संतुलित उर्वरक उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु सघन अभियान संचालित करेंगी। इसके अंतर्गत उर्वरकों के वैकल्पिक उपायों जैसे—हरी खाद, एजोला, जैव उर्वरक, दलहनी फसऑललों का समावेश तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही, किसानों के बीच व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे उन्हें सतत एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों के प्रति प्रेरित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, पूर्णिया जिला, जो कि देश के 100 चिन्हित जिलों में शामिल है जहां डीएपी का अत्यधिक उपयोग होता है के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। इस जिले में अभियान के प्रभावी संचालन हेतु राज्य सरकार, कृषि विज्ञान केंद्रों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों एवं अटारी, पटना के साथ समन्वय स्थापित करेगी। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि किसानों के लिए सरल एवं उपयोगी प्रसार पुस्तिका एवं लोकप्रिय लेख तैयार किए जाएं, जिनके माध्यम से जैव उर्वरकों, हरी खाद तथा संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। डॉ. दास ने अपने संबोधन में कहा कि फसल विविधीकरण तथा मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए गाँवों में बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे।

## चोरों का दुस्साहस : एक ही रात में दो घरों में चोरी,15 लाख रुपए के गहने समेत नकद 50 हजार नकद, अन्य सामग्री चोरी



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर में चोरों का आतंक सिर चढ़ कर बोल रहा है, पुलिस की पहरेदारी व गश्ती को धत्ता बताते हुए चोरों ने एक ही रात में जमुनीपुर व सिकंदरपुर के दो घरों में घुस कर लगभग 15 लाख रुपए के गहने समेत 50 हजार रुपये नकद व अन्य सामग्री चोरी कर ले गए। दोंनो ही चोरी की वारदात में चोरों का एक ही तरीका रहा। जिस घरों में घर के लोग सोए हुए थे, उनके कमरे की कुंडी बाहर से बन्द कर दी आराम से चोरी की। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सादिकपुर पंचायत के जमुनीपुर में मशहूर इवेंट्स मैनेजर मुकेश सिंह के भाई राकेश कुमार सिंह के घर में चोर है पिछवाड़े से प्रवेश किया जिस घर में लोग सोए हुए थे उस घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और उसके बाद है जिस कमरे में आधा दर्जन बक्से एवं गहने रखे थे उस घर में प्रवेश कर लगभग आधा दर्जन बक्सों या सूटकेस को अपने साथ ले गए।जिसमें लगभग 10 से 11 लाख के गहने थे।गृहस्वामिनी नेहा देवी के अनुसार हाल में ही पारिवारिक बंटवारे में मिले सोने के आठ नग गहने के साथ-साथ 400 ग्राम चांदी मिले थे,सब चोर ले गए। चोरी की घटना सुबह पता चला घटना के बाद देखा गया की चोरी गया बक्से घर से लगभग 1 किलोमीटर दूर चँवर खेतों में खाली करने के बाद फेंका हुआ था।इसी तरह ढकनपोष गांव में परीक्षण चौधरी अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर लगभग 5 लाख रुपए के गहने समेत नकद ₹50000 चुरा कर ले गए। घर वालों को चोरी की वारदात की तब जानकारी हुई जब सुबह में उनकी नींद खुली तो पाया कि जिस कमरे में लोग सोए थे सभी कमरों का चोरों ने दरवाजा की कुंडी बंद कर दिया था।जिस में सामान था सभी चुरा ले गए ।घर से लगभग 5 सौ मीटर दूर चवँर में चोरों द्वारा छोड़े गए गहनों के खाली डिब्बे मिलें है। इधर पुलिस सूचना मिलते ही जांच के लिए पुलिस पहुंची व एफएसएल टीम व अन्य तकनीकी टीम को सूचना भी दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मर्चेंट एसोसिएशन ने विधायक को मांग पत्र सौंपा

**सालमारी/कटिहार (नबिटासं)।** सालमारी बाजार में जल जमाव की विकट समस्या का समाधान के लिए मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने सहयोगी के साथ प्राणपुर विधायक निशा सिंह से एक कार्यक्रम के दौरान मिल कर मांग पत्र सौंप कर जल जमाव से निजात पाने के लिए समाधान करने की मांग की है। जल जमाव की समस्या का समाधान कराने की मांग करते हुए कहा की हल्की बारिश में भी कालेज चौक से छठ घाट तक सड़क पर दो फिट तक पानी जमा हो जाता है। दुकानों के अन्दर बारिश का पानी प्रवेश कर जाता है। इस से दुकानदारों एवं ग्राहकों को परेशानी झेलनी पड़ती है। स्कूल कालेज में पढ रहे छात्र छात्राओं को काफी परेशानी होती है।सालमारी में प्रत्येक दिन हजारों लोग इलाज कराने डाक्टर के पास आता है। जल जमाव के कारण बुढ़े और गर्भवती महिलाओं को परेशानी होती है। सालमारी व्यस्त जगह है। रेलयात्री कष्ट झेल कर स्टेशन पहुंच पाता है। ऐसे में सालमारी बाजार का जल जमाव की समस्या का समाधान हो जाने से लोगों की परेशानी कम होगी। उन्होंने विधायक से कहा की कालेज चौक से छठ घाट तक नाला निर्माण हो जाने से जल जमाव की समस्या का हल हो जायेगा। साथ ही सालमारी बाजार में प्रत्येक दिन जाम लगने की समस्या को देखते हुए सालमारी बाजार को अतिक्रमण मुक्त एवं सडक चौड़ीकरण कराने की मांग की है। इस पर विधायक ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए समाधान करने का आश्वासन दी है।



### 2025-26 में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने सीमेंट परिवहन को किया तेज

**कटिहार (नबिटासं)।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान रेलवे द्वारा सीमेंट कार्गो के परिवहन और अपने टर्मिनलों पर सीमेंट की लोडिंग और अनलोडिंग में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। इस संबंध में एन एफ रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि सीमेंट परिवहन के आवक में 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। जो 2024-25 के 9.05 मिलियन टन से बढ़कर 2025-26 में 9.76 मिलियन टन हो गई। लोडिंग क्षेत्र में सीमेंट में 152.7 फीसद की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। यह उपलब्धियाँ पूर्वोत्तर क्षेत्र में माल परिवहन की दक्षता बढ़ाने और बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग करने में एनएफआर के निरंतर प्रयासों को दशार्ती हैं। सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक 14 सितंबर 2025 को सायरंग रेलवे स्टेशन पर पहली बार सीमेंट रैक की सफल अनलोडिंग की गई थी।गुवाहाटी के पास स्टार सीमेंट साइडिंग से लोड किया गया यह रैक, नव - निर्मित बइरबी-सायरंग रेल मार्ग पर चलने वाली पहली मालगाड़ी थी। जिसने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा दिया। सीमेंट कार्गो परिचालन को और अधिक मजबूत करते हुए एनएफआर ने 24 सितंबर, 2025 को नागालैंड के मॉलवॉम रेलवे स्टेशन पर पहली बार सीमेंट रैक की अनलोडिंग कर माइलस्टोन हासिल किया। इस रैक में सीमेंट के 41 वैगन थे, जो तेलंगाना के मेसर्स माई होम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लोड किए गए थे। रेलवे ने 11 मार्च, 2025 को तेतेलिया स्थित व्यस्त स्टार सीमेंट साइडिंग पर इलेक्ट्रिक इंजन वाली पहली मालगाड़ी लायी गई। इस साइडिंग ने फरवरी, 2025 में 50 रैकों की हैडलिंग की। वही एक अन्य ऐतिहासिक घटनाक्रम में, सीमेंट लदे पहले मालगाड़ी को 24 मार्च, 2025 को अगरतला के पास निश्चिंतपुर टर्मिनल पर सफलतापूर्वक पहुंचाया गया। तेतेलिया स्थित स्टार सीमेंट साइडिंग से आई इस खेप ने अगरतला- अखौरा नई रेल लिंक परियोजना के तहत एक ऐतिहासिक क्षण को चिह्नित किया। जिससे त्रिपुरा और पूर्वोत्तर में माल परिवहन की कनेक्टिविटी और अधिक सुदृढ़ हुई है।

### अररिया में निःशुल्क स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिए अब 30 अप्रैल तक करें आवेदन

**अररिया (नबिटासं)।** युवाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने की दिशा में जिला पदाधिकारी, विनोद दूहन के दिशा-निर्देश के आलोक में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान अररिया द्वारा विभिन्न ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संस्थान की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह प्रशिक्षण 01 मई 2026 से प्रारंभ होगा। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2026 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 30 अप्रैल 2026 कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फुटवियर डिजाइनिंग एंड डेवलपमेंट , इलेक्ट्रीशियन , प्लंबिंग तथा कारपेंट्री जैसे व्यावसायिक कोर्स शामिल हैं। इन कोर्सों का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे वे स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें या बेहतर आजीविका के अवसर प्राप्त कर सकें। संस्थान द्वारा प्रशिक्षण के दौरान योग एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही चयनित अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क भोजन एवं छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले युवाओं को सुविधा मिल सके। प्रशिक्षण में अनुभवी एवं कुशल प्रशिक्षकों द्वारा सैद्धांतिक के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागी आत्मविश्वास के साथ अपने क्षेत्र में रोजगार के लिए तैयार हों। आवेदन के लिए अभ्यर्थी का अररिया जिले का निवासी होना आवश्यक है तथा न्यूनतम साक्षरता अनिवार्य है। बीपीएल कार्डधारी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन के साथ आधार कार्ड, तीन पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाणपत्र एवं निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान के कार्यालय में 30 अप्रैल 2026 तक आवेदन जमा कर सकते हैं। संस्थान का पता ब्लॉक के समीप, अररिया कोर्ट रेलवे स्टेशन रोड, अररिया-854311 (बिहार) है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7033702120 पर संपर्क किया जा सकता है।



### बिहार राज्य महादलित आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार ऋषि ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से की मुलाकात

**कोढ़ा/कटिहार (नबिटासं)।** बिहार की राजनीति में हाशिए पर खड़े समाज को मुख्यधारा में लाने की कवायद तेज हो गई है। इसी कड़ी में बिहार राज्य महादलित आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ऋषि ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से एक शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात न केवल औपचारिक थी, बल्कि इसमें महादलित समुदाय के भविष्य को लेकर कई महत्वपूर्ण चचाएं भी शामिल रहीं। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष मनोज कुमार ऋषि ने आयोग द्वारा तैयार की गई विस्तृत रिपोर्ट और अनुशंसाएं मुख्यमंत्री को सौंपी। उन्होंने जोर देकर कहा कि महादलितों के सर्वांगीण विकास के लिए इन अनुशंसाओं को शत-प्रतिशत लागू करना समय की मांग है। बैठक में मुख्य रूप से तीन स्तंभों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया गया। महादलित बस्तियों में शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार ताकि आने वाली पीढ़ी आत्मनिर्भर बन सके। समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए विशेष योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन। युवाओं के लिए कौशल विकास और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए रास्ते खोलना। जमीनी स्तर के नेता के रूप में पहचाने जाने वाले मनोज कुमार ऋषि ने इस अवसर पर कहा कि महादलित समुदाय का विकास केवल कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि वे स्वयं इन योजनाओं की निगरानी करें ताकि अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँच सके।"हमारा लक्ष्य है कि महादलित समुदाय का हर व्यक्ति शिक्षित हो, उनके पास अपना रोजगार हो और वे समाज में सिर उठाकर जी सकें। सरकार का सकारात्मक रुख इस दिशा में एक नई सुबह का संकेत है। राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है।



# कड़ी सुरक्षा के बीच चार पंचायतों में पैक्स चुनाव संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के काबर, बकिया सुखाय, सकरेली एवं विशनपुर पंचायतों में सोमवार को प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति पैक्स के लिए मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 4:30 बजे तक चला, जिसमें मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ धीरेन्द्र कुमार धीरज एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीपीआरओ राजकुमार सिंह ने बताया कि काबर पैक्स में कुल 2016 मतदाताओं में से 1301 मतदाताओं ने वोट डाले। जो 64.53 प्रतिशत रहा।

वहीं बकिया सुखाय पैक्स में 2778 मतदाताओं में से 1452 52.27 प्रतिशत ने मतदान किया। सकरेली पैक्स में 2142 मतदाताओं में से 1236 57.70 प्रतिशत तथा विशनपुर पैक्स में 2102 मतदाताओं में से 1215 (57.80 प्रतिशत) मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। चुनाव को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सेक्टर पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट पीसीसीपी और पुलिस बलों की तैनाती के बीच मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। बकिया सुखाय में सेक्टर पदाधिकारी हाजिस यजदानी, जबकि काबर, सकरेली और विशनपुर में टिंकू कुमार पासवान को जिम्मेदारी दी गई थी। मजिस्ट्रेट के रूप में सकरेली में अमिताभ कुमार, विशनपुर में पप्पू कुमार पासवान, काबर में ओमप्रकाश और बकिया सुखाय में कुमार गौरव तैनात रहे। गुरुमेला पैक्स में उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं।मतदान समाप्ति के बाद सभी मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आदर्श मध्य विद्यालय गुरुबाजार स्थित वज्रगृह में सुरक्षित रखा गया है। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना मंगलवार सुबह सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई जाएगी।



# रेलवे स्टाफ सबोर्डिनेट रेस्ट हाउस में इंप्लॉईज यूनियन की छापेमारी से हड़कंप

■ वर्षों से जमे कर्मियों को किया गया बाहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** एनएफ रेलवे इंप्लाइज यूनियन के मंडल सचिव रजनीश कुमार के नेतृत्व में वीआईपी गेट स्थित रेलवे के सब-ऑर्डिनेट स्टाफ रेस्टहाउस में अचानक छापामारी की गई। इस कार्रवाई से पूरे स्टाफ रेस्टहाउस परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

छापेमारी के दौरान वर्षों से अवैध रूप से कब्जा जमाए बैठे रेल कर्मियों को बुलाकर बंद कमरों को खुलवाया गया। जांच के बाद ऐसे सभी कमरों को खाली कराया गया, जिन पर अनधिकृत कब्जा था। यूनियन की इस सख्त कार्रवाई से वहां रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया। मंडल सचिव रजनीश कुमार ने बताया कि रेलवे की संपत्ति पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडल सचिव रजनीश कुमार ने बताया कि कटिहार में ट्रेनिंग के लिए रायगंज और मालदा से 100 से अधिक रेलकर्मी पहुंचे हैं।

लेकिन उनके ठहरने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। दूसरी ओर कुछ छोटे अधिकारी और कर्मचारी लंबे समय से नियमों के विरुद्ध कमरों पर कब्जा जमाए हुए थे। स्टाफ सब ऑर्डिनेट रेस्टहाउस का उपयोग केवल जरूरतमंद और अधिकृत रेल कर्मचारियों के लिए ही सुनिश्चित किया जाएगा। इम्लाइज यूनियन शुरू से ही रेल कर्मियों के हित के लिए लगातार अग्रसर रहा है। मौके पर सैकड़ों यूनियन कर्मी इकट्ठा हो गए और नारेबाजी करने लगें । यूनियन का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# जदयू नेता निशांत कुमार से मिले जदयू के प्रखंड अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बलराम पोद्दार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार से पटना में मुलाकात किए। इस दौरान जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बलराम पोद्दार ने मनसाही प्रखंड में प्रखंड स्तर पर जदयू कार्यालय खोलने,20 सूत्री को चालू करने एवं कमेटी का निर्माण सहित पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए कार्यों को जन-जन पहचाने, संगठन का विस्तार,प्रखंड- अंचल - बाल विकास परियोजना- जीविका सहित अन्य विषयों पर चर्चा किए। इस मौके पर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बलराम पोद्दार ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार भागलपुर प्रमंडल एवं पूर्णिया प्रमंडल के सभी प्रखंड अध्यक्ष से पटना में बारी-बारी से अपने-अपने प्रखंडों की जानकारी प्राप्त कर रहे थे। इस दौरान निशांत कुमार ने जदयू को और मजबूत करने के बारे में सभी अध्यक्ष को कहा कहा कि सभी लोग वार्ड स्तर से लेकर पंचायत एवं प्रखंड स्तर में संगठन का विस्तार करें। जदयू में नए सदस्यों को जोड़ने एवं जो भी प्रखंड में समस्याएं आती हैं,उन सभी समस्या के बारे में हमें फोन करके बताएं उनका निदान किया जाएगा। मौके पर बलराम पोद्दार ने प्रखंड स्तर में जदयू कार्यालय खोलने , 20 सूत्री चालू करने,कमेटी का निर्माण करने,पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए कार्य को और तेज गति देने तथा जदयू के संगठन का नए सिरे से विस्तार करने पर चर्चा किये।



### बिहार के पूर्व मंत्री मंसूर आलम के निधन से शोक की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी विधानसभा के पूर्व मंत्री जनाब मंसूर आलम का सोमवार शाम पटना स्थित मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। 1971 की भीषण बाढ़ के बाद कटाव और विस्थापन की समस्या को लेकर मंसूर आलम लगातार संघर्षरत रहे और पीड़ितों की मजबूत आवाज बने। गंगा और कोशी नदियों पर ठोकर निर्माण की मांग को लेकर उनकी सक्रियता के कारण तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव उन्हें ह्यठोकर मंत्रीह्न कहा करते थे।1942 में एक किसान परिवार में जन्मे मंसूर आलम ने शिक्षा पूरी कर राजनीति में कदम रखा।

# आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को डीएम ने बांटे विद्यारंभ प्रमाण पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शिक्षा की नींव मजबूत करने और बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने को लेकर जिला प्रशासन के पहल की सराहना की जा रही है। सोमवार को जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी समाहरणालय के अपने कार्यालय कक्ष में ऑगनबाड़ी केन्द्र पर प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने वाले 5 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने सदर क्षेत्र के 3 और 2 बच्चों के अलग - अलग समूहों को प्रोत्साहित करते हुए स्वयं अपने हाथों से प्रमाण पत्र सौंपा। तो वहीं उपस्थित नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ मृदुल एवं आत्मीय संवाद करते हुए काफी समय बिताया। डीएम ने बच्चों से उनकी पसंद, खेल और पढ़ाई के बारे में बातें की, जिससे बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। जिलाधिकारी ने केंद्र की सेविकाओं और अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि बचपन की सही देख-रेख और प्रारंभिक शिक्षा हीं उज्ज्वल भविष्य का आधार बनाती है।



# कचना थाना में डीएसपी ने की समीक्षात्मक बैठक

## बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर सीमा क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार) ।** प्रखंड के कचना थाना परिसर में सोमवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कचना थाना अध्यक्ष आनंद कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान डीएसपी अजय कुमार ने थाना क्षेत्र के लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा की और सभी मामलों के शीघ्र निष्पादन का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे पूर्व डीएसपी अजय कुमार ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बंगाल सीमा से सटे क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सीमा क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा नियमित वाहन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान असामाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ सकती है। इसलिए पुलिस को हर स्तर पर मुस्तैद रहना होगा। बैठक में कानून-व्यवस्था की स्थिति को और बेहतर बनाने, गश्ती व्यवस्था को मजबूत करने तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम रखने को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। डीएसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।



# कंटिया पंचायत में पशु बांझपन निवारण शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** आत्मनिर्भर बिहार के ह्यसात निश्चय-2ह्न कार्यक्रम के तहत पशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सोमवार को कदवा प्रखंड के कंटिया पंचायत स्थित कामरु ग्राम में एक दिवसीय पशु बाँझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय, सोनैली के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन पूर्व पंचायत समिति सदस्य रतन कुमार मंडल, वार्ड सदस्य दिलीप कुमार मंडल एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में क्षेत्र के पशुपालकों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली। जहां 47 पशुपालकों के कुल 78 पशुओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया।विशेषज्ञों ने पशुओं में बाँझपन की समस्या के समाधान को लेकर वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी। जिससे पशुपालकों को काफी लाभ मिला। इस दौरान डॉ. सुनीत कुमार,डॉ. आमोद प्रसाद सिंह सहित अन्य पशु चिकित्सा कर्मियों ने पशुपालकों को संतुलित आहार, समय पर उपचार और उचित देखभाल के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इन उपायों से पशुओं की प्रजनन क्षमता बढ़ेगी, जिससे दुग्ध उत्पादन और पशुपालकों की आय में वृद्धि संभव है। भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि पशुपालकों की सुविधा के लिए भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



# नरैहिया में डिग्री कॉलेज निर्माण को लेकर आंदोलन जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के +टु धर्मपुर गाँधी उच्च विद्यालय कृष्णनगर नरैहिया के प्रांगण में डिग्री कॉलेज निर्माण की मांग वर्षो से उठाई जा रही है। इसी सिलसिले में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें डिग्री कॉलेज निर्माण संघर्ष समिति नरैहिया के तमाम सदस्य पहुंचे थे। जिसमें समिति के अध्यक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर के द्वारा कहा गया कि कई बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने बरारी विधायक विजय सिंह निषाद के द्वारा सभा में उठाई जा चुकी है। हाल ही में बीते सितम्बर माह जब मुख्यमंत्री नरैहिया फिल्ड पर आये थे तो उसमें भी यह मांग रखी जा चुकी है।महासचिव गंगेश झा के द्वारा कहा गया कि बीते बजट सत्र में भी यह घोषणा हो चुकी है कि हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना की जायेगी। इसी वर्ष जुलाई सत्र से हर प्रखंड में डिग्री की पढ़ाई भी शुरू होनी है। शुरू से ही तय था कि जब भी डिग्री कॉलेज बनेगा तो नरैहिया में बनेगा एवं अंतिम वक्त में डिग्री कॉलेज कही और शिफ्ट करने की बात जब सामने आयी है। युवा राज सौरव ने कहा कि पुरे समेली प्रखंड के युवा आक्रोषित हो चुके है। पुरे क्षेत्र की मांग है कि डिग्री कॉलेज बने तो नरैहिया में ही बने। क्योंकि नरैहिया पुरे प्रखंड क्षेत्र के बीच में पड़ता है। जहाँ पर आवागमन आसान है` कोषाध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि यहाँ डिग्री कॉलेज के निर्माण से समाज की बहन-बेटियाँ जो डिग्री की पढ़ाई के लिए किसी बड़े शहर जाती है। उनको काफी सहूलियत होगी । रोहित यादव बाबा ने कहा कि कॉलेज निर्माण से क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।



# बिघोर हाट पैक्स चुनाव में 45.28 फीसदी मतदान, चार पंचायतों में पहले ही निर्विरोध चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** बारसोई प्रखंड में पैक्स अध्यक्ष पद को लेकर सोमवार को बिघोर हाट पंचायत में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ, कुल 1628 मतदाताओं में से 737 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिससे 45.28 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान सुबह से ही मतदाताओं की आवाजाही बनी रही। हालांकि कुल प्रतिशत ने मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। नामांकन के समय चार प्रत्याशी मैदान में थे। जिससे चुनाव को लेकर काफी चर्चा थी। लेकिन नाम वापसी के बाद अब तीन उम्मीदवार आलाया खातून, मो. जमाल अंसारी एवं मोमिन के बीच सीधी टक्कर रह गई है।

तीनों प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने पक्ष में जीत का दावा कर रहे हैं। जिससे माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा हुआ है।प्रशासन की ओर से मतदान को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के पूरी हुई। चार पंचायतों में निर्विरोध चयन के बाद अब पूरे प्रखंड की निगाहें केवल बिघोर हाट पंचायत के परिणाम पर टिक गई हैं। यह सीट चुनावी दृष्टि से प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। निर्वाचित पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद एव सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुमताज अहमद ने संयुक्त रूप से बताया कि मतदान शांतिपूर्वक वातावरण में संपन्न हुई है। कुल मतदान 45 फीसदी मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य जारी है और देर रात तक परिणाम आने की संभावना है।

# 23-24 अप्रैल को मनाया जाएगा महात्मा सुशील का 24वां महानिर्वाण महोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के तत्त्वावधान में आगामी 23-24 अप्रैल को, संस्था के संस्थापक एवं सूक्ष्म आंतरिक आध्यात्मिक साधना-पद्धति 'इस्सयोग' के प्रवर्त्तक ब्रह्मलीन सदगुरुदेव महात्मा सुशील कुमार का 24वाँ महानिर्वाण पूरी श्रद्धा एवं भक्ति से मनाया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष और तत्त्वज्ञानी सदगुरुमाता माँ विजया जी की दिव्य उपस्थिति में 23अप्रैल को प्रातः 9 बजे दीप-प्रज्वलन और आधे घंटे की 'आह्वान-साधना' के पश्चात 24 घंटे की अखण्ड सामूहिक साधना आरम्भ होगी, जो अगले दिन 10 बजे आरती के साथ संपन्न होगी। समारोह में भाग लेने के लिए संस्था के उपाध्यक्ष (मुख्यालय) पूज्य बड़े भैया श्रीश्री संजय कुमार अमेरिका से 21 अप्रैल को पटना पहुँचेगे। यह जानकारी देते हुए संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ ने बताया है कि इस अवसर पर संस्था द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक-पत्रिका'इस्सयोग संदेश' का महानिर्वाण विशेषांक का भी लोकार्पण किया जाएगा।

अखण्ड साधना के साथ 24 घंटे का अखण्ड भजन-संकीर्तन भी किया जाएगा, जिसमें संसार के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले इस्सयोगी-साधक सम्मिलित होंगे। अगले दिन 24 अप्रैल को पूर्वाहन 10 बजे अखण्ड-साधना एवं अखण्ड-भजन का समापन होगा, जिसके पश्चात 'हवन-यज्ञ' सम्पन्न होगा। माताजी के आशीर्वचन के पूर्व क्रमशः छोटे भैया श्री संदीप कुमार एवं बड़े भैया श्रीश्री संजय कुमार के उदबोधन होंगे। इस अवसर पर चयनित प्रतिभाशाली इस्सयोगियों को 'महात्मा सुशील कुमार माँ विजया प्रोत्साहन-पुरस्कार' प्रदान किए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज की कार्यसमिति की बैठक और महाप्रसाद के साथ दो दिवसीय यह दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव संपन्न होगा, जिसमें देश-विदेश के पाँच हजार से अधिक साधक-साधिकाएँ पूर्व निर्धारित अलग-अलग समय में प्रतिभाग करेंगे। समारोह में संस्था के सचिव कुमार सहाय वर्मा, संयुक्त सचिव ई उमेश कुमार, संगीता झा, सरोज गुटगुटिया, लक्ष्मी प्रसाद साहू, शिवम् झा, दीनानाथ शास्त्री, डा मनोज राज, डा द्राशनिका पटेल, डा जेठानंद सोलंकी, अनंत कुमार साहू आदि संस्था के पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।



# परियोजना के कार्य में देरी पर मुख्य सचिव ने जताया असंतोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना से संबंधित निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एनआईसी सभा कक्ष, औरंगाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना झारखंड राज्य से प्रारंभ होकर बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुम्बा, देव, औरंगाबाद एवं मदनपुर प्रखंडों से होकर गया जिले में प्रवेश करती है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत कुल 09 पैकेज (पैकेज 03 से पैकेज 11 तक) सम्मिलित हैं जिनकी कुल लंबाई 77.69 किमी है। इसमें से लगभग 12 किमी गया जिले में तथा शेष 61.69 किमी औरंगाबाद जिले में अवस्थित है। परियोजना की प्रगति की नियमित एवं सतत समीक्षा मुख्य सचिव, बिहार, पटना द्वारा की जा रही है। बैठक के दौरान मुख्य सचिव द्वारा विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से संचालित कार्यों की प्रगति का नक्शा एवं पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत अवलोकन किया गया। उन्होंने सभी कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में अवगत कराया गया कि विगत 13 दिनों में कुल 4.11% भौतिक प्रगति दर्ज की गई है, जबकि परियोजना की समग्र भौतिक प्रगति लगभग 50% के आसपास है। कुछ पैकेजों में अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर मुख्य सचिव ने असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसियों को कार्य में तीव्रता लाने के निर्देश दिए। मैनपावर एवं मशीनरी की उपलब्धता की समीक्षा में पाया गया कि कई एजेंसियों द्वारा अपेक्षित संसाधनों की पर्याप्त तैनाती नहीं की गई है। इस पर मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी एजेंसियाँ आवश्यक मानवबल एवं मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में निविदा (टेंडर) प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। वितरण प्रणाली से संबंधित विभिन्न डिवीजनों के लिए पुनः निविदा जारी की गई है तथा तकनीकी निविदाओं का मूल्यांकन कार्य प्रगति पर है। व्यय की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वैपकोस द्वारा अब तक 96.265 करोड़ रुपये के आवंटन के विरुद्ध 78.415 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं। भूमि अधिग्रहण की स्थिति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि औरंगाबाद जिले में आवश्यक भूमि का अधिकांश भाग अधिग्रहित किया जा चुका है तथा शेष भूमि का अधिग्रहण अंतिम चरण में है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि शेष भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। इसके अतिरिक्त, परियोजना अंतर्गत आवश्यक संरचनाओं (सी/आर) के निर्माण, विद्युत पोल शिफ्टिंग तथा अन्य लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# 1200 साल पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपियों का डीएम ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत जिले में पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन कार्य की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा समीक्षा करते हुए ओबरा प्रखंड के बभनडीहा पंचायत में लगभग 1200 वर्ष प्राचीन कादरी सिलसिला के प्रणेता प्रख्यात सूफी संत हज़रत अब्दुल कादरी जिलानी द्वारा हस्तलिखित पाण्डुलिपि का निरीक्षण किया गया। उक्त पाण्डुलिपि में धर्म एवं नैतिकता से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश निहित हैं। साथ ही लगभग 450 वर्ष प्राचीन मुगल बादशाह जहाँगीर के काल की नियम-कानून आधारित 1181 पृष्ठों की महत्वपूर्ण रचना ह्लतुरफ़ातुल फ़ुकुहाङ्क (फ़तवा मसूदिया), जिसके लेखक क़ाज़ी सैयद मसूद महेज़ क़ादरी हैं, का भी अवलोकन किया गया। इसके अतिरिक्त जहाँगीर कालीन अरबी-फ़ारसी भाषा में लिखित गद्य, पद्य, चौपाई, प्रार्थना, स्तुति-वंदना एवं चिकित्सा विषयक लगभग 16 विभिन्न पांडुलिपियों के संग्रह का भी निरीक्षण किया गया। गौरतलब है कि ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत न्यूनतम 75 वर्ष या उससे अधिक पुराने हस्तलिखित दस्तावेज–जो कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़ा, धातु अथवा अन्य पारंपरिक माध्यमों पर लिखे गए हों–का डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं प्राचीन ग्रंथों का संरक्षण करते हुए उन्हें भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है, ताकि उनमें निहित ज्ञान का शोध, अनुवाद एवं प्रकाशन के माध्यम से राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रसार किया जा सके। जिले में अब तक लगभग 5000 हस्तलिखित दस्तावेजों की पहचान की जा चुकी है। सर्वेक्षण उपरांत विशेषज्ञ टीम द्वारा इन स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर पांडुलिपियों के संरक्षण एवं उपचार हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिससे इन अमूल्य धरोहरों को क्षरण से बचाया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा पांडुलिपियों के संरक्षण हेतु विभिन्न संभावित स्थलों की पहचान भी की गई है, जिनमें दाउदनगर गुरुद्वारा, पातालगंगा मठ, देवकुंड मठ, हसपुरा मठ, अमझर शरीफ, मनौरा शरीफ, दाउदनगर शरीफ, चन्द्रगढ़ (नवीनगर), देव किला, ओबरा कारा एस्टेट, सिंक देव सूर्य मंदिर, उमंगेश्वरी सूर्य मंदिर, देवकुंड सुल शिव मंदिर, औरंगाबाद अभिलेखागार, विभिन्न पुस्तकालय, सिन्हा कॉलेज, दाउदनगर कॉलेज सहित अन्य साहित्यिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल एवं परिवार शामिल हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिलावासियों से अपील की गई है कि जिन व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के पास 75 वर्ष या उससे अधिक पुराने हस्तलिखित दस्तावेज सुरक्षित हैं, वे पाण्डुलिपियों के डिजिटाइजेशन हेतु जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज (मोबाइल नंबरः 7488153690) से संपर्क करें। जिला प्रशासन द्वारा यह आश्वस्त किया गया है कि पाण्डुलिपियां संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था के स्वामित्व में ही सुरक्षित रहेंगी तथा उनका डिजिटाइजेशन कर भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित किया जाएगा।

# औरंगाबाद में लगाए गए 197 पीएनजी कनेक्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6957 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धत है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 20 अप्रैल तक जिला में कुल नए 197 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। अभी तक औरंगाबाद जिला में 6 व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन लिया जा चुका है जिसमे शाश्वत रेस्टोरेंट, हर्षा किचन, सरस्वती इन, मधुपर्क, होटल स्काई व्यू प्रमुख है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में दिनांक 20 अप्रैल को प्राप्त कुल 13 शिकायतों में से 12 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि 01 प्रक्रियाधीन है।कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

## तीन गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार

**बारून (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बारुण थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन गैर-जमानती वारंटियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जोगिया गांव में छापेमारी कर की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मो. वसीम, मकसूद आलम और नेसार अंसारी के रूप में हुई है। तीनों जोगिया गांव के निवासी हैं और इनके खिलाफ न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी था, जिसके आधार पर पुलिस ने उन्हें पकड़ा।




# नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में आईईडी व कार्बाइन बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना पर सोमवार को सीआरपीएफ व आमस थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ा कियारी पहाड़ क्षेत्र में विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया, इसमें एक प्रेशर आईईडी (2.5 किलो ग्राम), 37 कामर्शियल डिटोनेटर्स बरामद किया गया है जिसे यथा स्थान विनिष्ट कर दिया गया। इस दौरान एक देसी निर्मित कार्बाइन आर्मस भी बरामद किया गया है। बरामदगी के बाद सुरक्षा बलों ने आसपास के इलाके में गहन जांच की, ताकि किसी प्रकार का विस्फोटक या अन्य संदिग्ध सामग्री न छूटे। हालांकि, इस दौरान अन्य कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। इस कार्रवाई को सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है, इससे नक्सलियों की संभावित साजिश को समय रहते विफल कर दिया गया। सुरक्षा बलों के खिलाफ़ षड़यंत्र रच रहे हैं। नक्सलियों की मंसा किसी भी परिस्थिति में पूरा नहीं होने दिया जाएगा। इस कार्रवाई से उनका मनोबल गिरा हुआ है। नक्सलियों के विरुद्ध यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा।

# जनगणना को सफल बनाने हेतु चलेगा जागरूकता अभियान

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भारत की जनगणना 2027 से संबंधित समीक्षा बैठक बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव द्वारा हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग (एचएलबी), जियो टैगिंग एवं सीमांकन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही स्व-गणना प्रपत्र भरने की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि स्व-गणना की प्रक्रिया को सफल बनाने हेतु जीविका दीदियों, आशा कार्यकर्ताओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के माध्यम से आम जनों को व्यापक रूप से जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक स्व-गणना प्रपत्र भर सकें। इसके अतिरिक्त, मुख्य सचिव द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार्ज पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को चिन्हित कर उन्हें पुरस्कृत किया जाए।




# रैयतों के लंबित भूमि पंजीकरण से निर्माण कार्य प्रभावित

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उत्तर कोयल नहर विकास परियोजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण एवं पंजीकरण से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक डीएम अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में बताया गया कि परियोजना से संबंधित कुल 57 रैयतों का भूमि पंजीकरण अब भी लंबित है जिसके कारण कार्य की गति प्रभावित हो रही है। जिलाधिकारी ने इस पर गंभीरता व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का पंजीकरण यथाशीघ्र सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि रैयतों के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए तथा पंजीकरण प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## प्रतियोगिता का आयोजन

**औरंगाबाद।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर सोमवार को समापन दिवस पर अग्नि सुरक्षा प्रबंधन विषय पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करते हुए सप्ताह का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

